आज उनके नाम की औपचारिक घोषणा होगी...आज सुबह 11:30 बजे औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## लुटियंस जोन के 3 एकड़ वाले बंगले में रहेंगे नितिन

राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले ही नितिन नबीन को लुटियंस दिल्ली में सरकारी आवास अलॉट कर दिया गया है। उन्हें 9 सुनहरी बाग रोड पर टाइप-8 श्रेणी का बंगला मिला है। दिलचस्प बात यह है कि इसी इलाके में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भी आवास है। राहुल गांधी अब उनके पड़ोसी होंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा का घर भी ज्यादा दूर नहीं है। नितिन नबीन इस बंगले में कभी भी शिफ्ट हो सकते हैं। फिलहाल बंगले में रिनोवेशन का काम चल रहा है।

नितिन नबीन को मिला यह टाइप-8 बंगला करीब 3 एकड़ में फैला हुआ है। सफेद रंग का यह विशाल बंगला करीब 8000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में बना है। इसमें 5 बेडरूम, एक बड़ा लिविंग रूम, डाइनिंग एरिया, स्टडी रूम, गैरेज और आगे-पीछे फैला हुआ हरा-भरा लॉन है। बंगले के साथ एक बड़ा बागीचा भी है, जिसमें शेष पेज 4 पर

**नबीन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किए**

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और अन्य राज्य नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी उपस्थित रहे। बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और अन्य राज्यों के नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किए।

**दुनिया की सर्वाधिक करीब 14 करोड़ कार्यकर्ताओं की पार्टी भाजपा ने अपना 12 वां अध्यक्ष विधिवत चुना**

# भाजपा के 'नवीन' अध्यक्ष बने 'नितिन'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। मंगलवार को उनके नाम की औपचारिक घोषणा होगी। नितिन नबीन के लिए 37 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई है। नितिन नबीन निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। भाजपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन की संवैधानिक और पारदर्शी प्रक्रिया पूर्ण हुई। 36 में से 30 राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के बाद तय प्रक्रिया के अनुसार नामांकन, जांच और वापसी सम्पन्न हुई। भाजपा संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत सभी नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप के अनुसार तथा वैध पाए गए। नामांकन वापसी की अवधि पूर्ण होने के पश्चात, भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के रूप में यह घोषणा करता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु केवल एक ही नाम, अर्थात नितिन नबीन का नाम प्रस्तावित हुआ है। इसके बाद यह तय हो गया है कि नितिन नबीन ही भाजपा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं।

*पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने बताया कि निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष चुने गए नितिन नबीन उनके अलावा किसी और का नामांकन नहीं*



मप्र के भाजपा नेताओं ने नितिन नबीन के समर्थन में नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर किए



**36 में से 30 राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के बाद तय प्रक्रिया के अनुसार नामांकन, जांच और वापसी संपन्न**

**बिहार से पांच बार के विधायक रहे 45 वर्षीय नबीन को दिसंबर 2025 में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था**

### 45 साल के नबीन को मोदी-शाह का भरोसा भी हासिल

नबीन के पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाएंगे। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी नेतृत्व इस पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे हैं। 45 वर्षीय नबीन को दिसंबर, 2025 में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। नितिन नबीन बिहार के एक अनुभवी नेता और पार्टी के मजबूत संगठनकर्ता माने जाते हैं। वे बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने जा चुके हैं। इससे पहले वर्ष 2006 में उन्होंने पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पहली बार बिहार विधानसभा में कदम रखा था। पढ़ें पेज 09 भी

### रक्षा मंत्री और गृह मंत्री शाह समेत कई दिग्गज रहे मौजूद

इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन पत्र सौंपा। नबीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और किरेन रिजिजू जैसे वरिष्ठ पार्टी नेता भी नबीन के नामांकन के समय मौजूद रहे।

विशेष पेज देखें पृष्ठ 09 पर

MSN माता श्री नेत्रालय
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. वाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

### चांदी पहली बार 3 लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों को लेकर गिरावट के सारे अनुमान धरे नजर आ रहे हैं और दोनों कीमती धातुएं हर रोज रिकॉर्ड तोड़ती दिख रही हैं। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को चांदी ने तो खुलते ही एक किलो चांदी के दाम 3 लाख रुपए के पार निकल गया। चांदी ने इतिहास में पहली बार ये स्तर पार किया है।



पढ़ें पेज 05 भी

**डब्ल्यूईएफ की 56वीं वार्षिक बैठक**

**स्विट्जरलैंड के दावोस में आर्थिक नीतियों पर मंथन**
**दावोस में पांच दिन चर्चा करेंगे दिग्गज**

# एनएसए अजीत डोभाल, 4 केंद्रीय मंत्री समेत 6 सीएम होंगे शामिल, इनमें डॉ. मोहन यादव भी





*दावोस की मुख्य सड़क प्रोमेनाड पर होटल, दुकानें और यहां तक कि चर्च भी अस्थायी रूप से नए रूप में ढल गए हैं। कंपनियों और देशों ने पूरे के पूरे भवन किराए पर लेकर सड़क को एक निरंतर प्रदर्शनी स्थल में बदल दिया है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दावोस में शुरू हो रही वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में 23 जनवरी तक दावोस में दुनियाभर के नेता आर्थिक नीतियों और वैश्विक चुनौतियों पर मंथन करेंगे।

भारत का प्रतिनिधित्व इस बैठक में बेहद मजबूत है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, प्रल्हाद जोशी और के राम मोहन नायडू शामिल होंगे। इसके अलावा छह मुख्यमंत्रियों में महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के एन. चंद्रबाबू नायडू, असम के हिमंत बिस्वा सरमा, शेष पेज 4 पर

**बर्फ से ढंकी डावोस की गलियों में दुनिया भर के शीर्ष कारोबारी और राजनीतिक नेता जुटे**





दावोस में मप्र के नवकरणीय ऊर्जा मंत्री व अन्य अधिकारी

**सम्मेलन में 130 से ज्यादा देशों के करीब 3,000 वैश्विक नेता हिस्सा ले रहे**

**यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व अंतरिक्ष जैसे विषयों पर कार्यक्रम होंगे**

**मौजूदा वैश्विक संकटों के बीच दुनिया में सच और भरोसे की कमी, जिसके बिना सामूहिक समाधान संभव नहीं**

### वैश्विक सप्लाई चेन बड़े बदलाव की ओर

वैश्विक सप्लाई चेन अब संरचनात्मक अस्थिरता के दौर में प्रवेश कर चुकी हैं, जिससे कंपनियां और सरकारें निवेश व उत्पादन की रणनीतियों पर दोबारा सोचने को मजबूर हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार चार में से तीन बिजनेस लीडर अब विकास के चालक के रूप में लचीलेपन को प्राथमिकता दे रहे हैं। वार्षिक बैठक से पहले जारी ग्लोबल वैल्यू चेन्स आउटलुक शेष पेज 4 पर

### दावोस मंच पर भारतीय युवाओं की मौजूदगी

यहां भारत से आए दो युवा भी अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। ये युवा भारत की जमीनी चुनौतियों से जुड़े समाधान दुनिया के सामने रख रहे हैं एक नागरिक समस्याओं के समाधान में जनता और शेष पेज 4 पर

### ये दिग्गज रखेंगे अपनी बात

दावोस बैठक के दौरान प्रमुख वैश्विक नेताओं के विशेष संबोधन भी होंगे। 20 जनवरी (मंगलवार) को माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला शाम 7:30 बजे विशेष संबोधन और संवाद करेंगे। 21 जनवरी को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 3:30 बजे भी विशेष सत्र को संबोधित कर सकते हैं। एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग 2:00 बजे अपने विचार रखेंगे। पढ़ें पेज 02 भी

### संवाद और एक-दूसरे को सुनना समाधान की कुंजी

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के संस्थापक और पूर्व चेयरमैन क्लाउस श्वाब ने दावोस में होने वाली 56वीं वार्षिक बैठक से पहले समाज की बुनियादी नींव कमजोर पड़ने को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक संकटों के बीच दुनिया शेष पेज 4 पर

**अब महेश्वर में तेज रफ्तार कार का कहर**

## सड़क किनारे खड़े 4 लोगों को रौंदा, व्यापारी की मौत





दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार

**बाइक सवार पिता पुत्री घायल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेश्वर

खरगोन जिले के महेश्वर (धरगांव) में सोमवार सुबह 9 बजे तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों और एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पिता-बच्ची सहित तीन अन्य लोग घायल हैं। घटना सुलगाव फाटे पर यशराज कॉलोनी के सामने हुई। धरगांव निवासी हार्डवेयर व्यापारी मुन्ना कर्मा (55) अपनी बाइक से लाल मिर्ची खरीदने सुलगाव फाटे पहुंचे थे। बड़वाह की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें और वहां खड़े शांतिलाल पाटीदार को टक्कर मार दी। इसी दौरान झापड़ी निवासी शुभम और उनकी 5 साल की बेटी भी मोटरसाइकिल से जाते समय कार की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार घटना स्थल से करीब आधा किमी दूर जाकर एक पेड़ से टकरा कर रुकी। शेष पेज 4 पर

### 5 शव लेकर सड़क पर 6 घंटे बैठे रहे परिजन



**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र स्थित रविवार को नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई थी। सोमवार को मृतक के परिजन और ग्रामीण सभी के बाद शव लेकर धरने पर बैठे रहे। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सड़क पर चक्काजाम कर दिया। इससे रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवे पर करीब 6 घंटे तक लंबा जाम लग रहा। पीड़ित परिवार 25 लाख रुपए और सरकारी नौकरी की मांग कर रहे थे। सूचना के बाद ग्रामीण एडिसनल एसपी सूर्यकांत शर्मा और बरकड़े विधायक चैन सिंह मौके पर पहुंचे और परिवार को समझाइश दी। हालांकि मृतकों को 10 लाख रुपए मुआवजा और घायलों को 2 लाख रुपए और मामूली चोट पर एक लाख रुपए की सहायता राशि देने पर सहमति बनी। शेष पेज 4 पर

**विधायक बरैया के समर्थन में आए दिग्विजय**

## कहा- कार्रवाई तो पुस्तक लिखने वाले पर होनी चाहिए, ये भाजपा की साजिश

**भाजपा ने कहा-कांग्रेस के नैतिक दिवालियापन की खुली स्वीकारोक्ति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिलाओं के प्रति असभ्य टिप्पणी करने वाले दतिया जिले के भांडेर विधानसभा क्षेत्र से विधायक फूल सिंह बरैया का बचाव पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने किया है।

उन्होंने कहा कि बयान बरैया का नहीं है। उन्होंने बिहार के एक विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष रहे हरि मोहन झा की



दिग्विजय सिंह



फूल सिंह बरैया

पुस्तक का उल्लेख किया था। कार्रवाई पुस्तक लिखने वाले पर होनी चाहिए। सिंह ने कहा कि बरैया के बयान को जानबूझकर तोड़ मरोड़कर पेश किया गया और इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक साजिश है। दिग्विजय ने स्पष्ट किया कि बरैया ने जो बात कही, वह उनके निजी विचार नहीं थे। उन्होंने कहा कि अगर किसी को उस पुस्तक की सामग्री पर आपत्ति है, तो फिर कार्रवाई सिर्फ विधायक पर क्यों की जा रही है। इस पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने एक्स पर पोस्ट किया कि दिग्विजय सिंह द्वारा फूल सिंह बरैया का बचाव करना कांग्रेस के नैतिक दिवालियापन की खुली स्वीकारोक्ति शेष पेज 4 पर

**महिला एवं बाल विकास विभाग ने भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत उसे रेस्क्यू किया**

**सराफा बाजार में वर्षों से भीख मांग रहे मांगीलाल को उज्जैन के सेवाधाम आश्रम भेजा**

## इंदौर का करोड़पति भिखारी...3 मकान, कार और ऑटो का मालिक, सराफा व्यापारियों को देता है ब्याज पर रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

सराफा बाजार में वर्षों से भीख मांग रहा मांगीलाल असल में करोड़ों की संपत्ति का मालिक निकला। यह खुलासा तब हुआ, जब महिला एवं बाल विकास विभाग ने भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत उसे रेस्क्यू किया। प्रशासन ने मांगीलाल को उज्जैन के सेवाधाम आश्रम भेज दिया है।

यहां आश्रम के संचालक सुधीर भाई गोयल मांगीलाल की देखरेख में लगे हैं। वहीं उसकी संपत्ति, बैंक अकाउंट की जांच की जा रही है। उन सराफा व्यापारियों से भी बात की जाएगी जो मांगीलाल से पैसा उधार लेते शेष पेज 4 पर

**कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि इस मामले में दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी**



मांगीलाल



बाजार में घूमता हुआ

### डिजायर कार चलाने के लिए ड्राइवर भी रखा

*मांगीलाल के पास तीन ऑटो हैं, जिन्हें वह किराए पर चलाता है और एक डिजायर कार भी है, जिसे चलाने के लिए उसने ड्राइवर रखा हुआ है। वह अलवास क्षेत्र में अपने माता-पिता के साथ रहता है, जबकि उसके दो भाई अलग रहते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा ने पुष्टि की कि भीख मांगने को बढ़ावा देने के लिए भी मांगीलाल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वह सूदखोरी में भी शामिल है, जो एक अपराध है। इंदौर में फरवरी 2024 से भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। प्रारंभिक सर्वे में 6500 भिक्षुक सामने आए थे, जिनमें से 4500 की काउंसलिंग कर भिक्षावृत्ति छुड़वाई गई है। वहीं 1600 भिक्षुकों को रेस्क्यू कर उज्जैन स्थित सेवाधाम आश्रम भेजा गया है* शेष पेज 4 पर

## भोपाल में सकल हिन्दू समाज का हुआ हिन्दू महासम्मेलन, संघ सेवा और नागरिक कर्तव्यों पर मंथन

# संघ स्वप्रेरणा से समाज के हर क्षेत्र में कार्य करता है और समरसता इसका मूल भावः अशोक वार्ष्णेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में बिट्टन मार्केट हाट बाजार मे स्थित नाग नागेश्वर बस्ती में हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री अशोक वार्ष्णेय, प्रसिद्ध कथावाचक एवं प्रवक्ता पं. सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी तथा सेवा भारती की राघव सामाजिक जनकल्याण समिति की अध्यक्ष प्रियंका सिंह ने अपने विचार रखे। आयोजन की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम गायन के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। नाटक मंचन में वीर शिवाजी एवं झांसी की रानी वीर महापुरुषों की नाटक का मंचन किया गया। कलाकारों द्वारा महाबली हनुमान जी की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। पार्श्व संगीतकार सुनील शुक्रवारे एवं उनकी टीम ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य प्रवक्ता अशोक वार्ष्णेय ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका, कार्यपद्धति और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ स्वप्रेरणा से समाज के हर क्षेत्र में कार्य करता है और समरसता इसका मूल भाव है। उन्होंने योग को जीवन में अपनाने और जहां आवश्यकता हो, वहां पूरी निष्ठा से डटकर सेवा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ संपन्न हुआ।

### हिन्दुस्तान में रहने वाले को हिन्दू कहलाने में संकोच क्यों?ः गोस्वामी

प्रवक्ता पं. सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी ने कहा कि अमेरिका में रहने वाला अमेरिकी, जर्मनी में रहने वाला जर्मन और पाकिस्तान में रहने वाला पाकिस्तानी कहलाता है, फिर हिन्दुस्तान में रहने वाले को हिन्दू कहलाने में संकोच क्यों? उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर उसके गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। सेवा भारती की अध्यक्ष प्रियंका सिंह ने कहा कि सनातन चेतना को जागृत होने में लगभग 300 वर्ष लगे हैं और आज यह प्रसन्नता का विषय है कि हिन्दू समाज जाग रहा है।

### संत रविदास नगर बस्ती में हिंदू सम्मेलन

सकल हिंदू समाज भोपाल और आरएसएस के तत्वावधान संत रविदास नगर बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस सम्मेलन की शुरुआत गौ माता के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि शशांक शेखर महाराज ने हिंदू सम्मेलन की शुरुआत भारत माता का पूजन तथा गौ माता के पूजन के बाद आदित्री सिंह द्वारा दुर्गा स्तोत्र का पाठ द्वारा किया गया। इसके साथ ही भजन गायक राखी परमार ने भजन प्रस्तुत किए।



हिन्दू सम्मेलन।

## 31 तक मिलेगी सरचार्ज में रियायत

# समाधान योजना में 653 करोड़ 60 लाख मूल राशि हुई जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक 653 करोड़ 60 लाख रुपए मूल राशि जमा हुई है। साथ ही 281 करोड़ 54 लाख रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है। योजना में 12 लाख 77 हजार 753 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए समाधान योजना के प्रथम चरण की अवधि में 31 जनवरी 2026 तक विस्तार किया गया है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा कर 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठाए। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 4 लाख 2 हजार 593 बकायादार उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराकर लाभ लिया है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 411 करोड़ 49 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 218 करोड़ 44 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है। इसी तरह पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 4 लाख 39 हजार 397 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया है। मूल राशि 130 करोड़ 50 लाख रुपए जमा हुई है। 45 करोड़ 41 लाख रुपए का सरचार्ज माफ किया है।

### समाधान योजना 2025-26ः एक नजर में

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्रान्तर्गत 4 लाख 35 हजार 763 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया है। कुल मूल राशि 111 करोड़ 61 लाख रुपए जमा हुई है। साथ ही 17 करोड़ 69 लाख रुपए का सरचार्ज माफ किया गया है। समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना 'जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं' के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ हो रहा है जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कुछ कम हो जाएगा। दो चरणों में प्रारंभ हुई योजना को प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर 2025 से हुई जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इसमें बकाया बिल एकमुश्त जमा करने पर 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा।

## पीजी सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षाएं जारी

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की तृतीय सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2025-26 के संचालन के लिए समुचित विधि व्यवस्था के संबंध में जिला कलेक्टरों और एसपी को पत्र को लिखा गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार भोपाल, रायसेन, विदिशा, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा और राजगढ़ के एसपी और जिला कलेक्टरों को लिखे पत्र में बताया गया है कि संबद्ध महाविद्यालयों के लिए निर्धारित परीक्षा केंद्र में स्नातकोत्तर और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 जनवरी से जारी हैं। इस परीक्षा में करीब 30,000 परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं। यद्यपि विवि की ओर से परीक्षाओं में अनुचित साधन का उपयोग न हो इसके लिए उडऩ दस्ते बनाए हैं, जिसमें वरिष्ठ, अनुभवी शिक्षकों की सेवाएं ली हैं। साथ ही एसपी_कलेक्टरों से अनुरोध किया गया है कि स्थानीय जिला स्तर पर भी यदि निरीक्षण दल बनाया जाता है तो इससे व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

## शतचंडी पाठ और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन, पूरे नौ दिन रहेंगे फलदायी

# सर्वार्थ सिद्धि योग में नवरात्र आरंभ मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

शक्ति की साधना के लिए माना जाता है महत्वपूर्ण अवसर

घरों व मंदिरों में घट स्थापना व विशेष पूजा के आयोजन किए गए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुप्त नवरात्र पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया। शक्ति की साधना के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना जाने वाले इस वर्ष के पहले माघ माह के गुप्त नवरात्र पर सोमवार को घरों व मंदिरों में घट स्थापना व पूजा की गई। नवरात्र का शुभारंभ सर्वार्थ सिद्धि योग में हुआ, जो पूरे नौ दिन शुभ फलदायी रहेगा। 27 जनवरी तक मंदिरों में मातारानी की आराधना की जाएगी। पहले दिन मातारानी के मंदिरों में मां शैलपुत्री की पूजा की गई। टीटी नगर के मां वैष्णो धाम आदर्श नव दुर्गा मंदिर में गुप्त नवरात्र महोत्सव के रूप में शुरू किया गया। शतचंडी पाठ और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मां भगवती के विशेष श्रृंगार के साथ प्रथम दिवस मां शैलपुत्री का विशेष पूजन हुआ। वेदियों का पूजन के साथ 25 ज्योत जलाई गईं। इधर शहर के जय मां भवानी मंदिर, माता मंदिर, मां कालका मंदिर चूनाभट्टी, मां पहाड़ा वाली मंदिर कोलार, शीतला माता मंदिर कोटरा सुल्तानाबाद सहित अन्य मंदिरों में माता मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि गुप्त नवरात्रि की शुरूआत सर्वार्थसिद्धि योग के महासंयोग में सुबह 7:14 से 10:46 बजे के बीच घटस्थापना की गई।

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि वर्ष में चार नवरात्र, दो गुप्त नवरात्र वर्ष में कुल चार नवरात्र होते हैं, जिनमें माघ और आषाढ़ की दो नवरात्र को गुप्त नवरात्र माना गया है। इनमें विशेष रूप से तंत्र-मंत्र सिद्धि साधना की जाती है। इन दिनों तांत्रिक मंत्रों की सिद्धि करते हैं। दो प्रकट नवरात्र होती हैं, इनमें एक चैत्र में गुड़ी पड़वा से शुरू होती है, दूसरी अश्विन माह में होती है, इसे शारदीय नवरात्र कहा जाता है।

## डीआरएम ने किया प्रकाश एवं विक्रम को सम्मानित


सम्मानित करते डीआरएम।

**भोपाल।** भोपाल मंडल में ड्यूटी के दौरान सजगता, कर्तव्यनिष्ठा एवं त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए संभावित रेल दुर्घटनाओं को टालने वाले दो कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने प्रशस्ति पत्र एवं संरक्षा पुरस्कार प्रदान करते हुए सम्मानित किया। भोपाल रेल मंडल प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि 28 दिसंबर को ट्रैक मेंटेनर प्रकाश ट्रैक मेंटेनर किलोमीटर 970/15 ए-13 ए अप लाइन पर पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान बीना-कुरवाई कैथोरा सेक्शन में रेल की वेल्ड में क्रैक पाया। इसके बाद ट्रैक मेंटेनर के द्वारा तत्काल सतर्कता बरतते हुए ट्रैक को सुरक्षित किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सूचित कर समय रहते आवश्यक कार्रवाई की, जिससे एक बढ़ी दुर्घटना को टाल गई थी। इसी तरह एक अन्य मामले में 11 जनवरी को लोको पायलट विक्रम यादव द्वारा भोपाल स्टेशन पर बीना मेमू का चार्ज लेने के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 02 के ट्रैक पर रेल ब्रेकेज दिखी।

## ऋषि ने प्रबंध संचालक का कार्यभार संभाला



**भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2013 बैच के अधिकारी ऋषि गर्ग ने मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के प्रबन्ध संचालक का कार्यभार संभाल लिया है। प्रबंध संचालक ऋषि ने बताया कि कंपनी कार्यक्षेत्र में राज्य शासन के संकल्प के अनुसार आबादी को 24 घंटे और कृषि उपभोक्ताओं को 10 घंटे गुणवत्तापूर्ण निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना कंपनी की प्राथमिकता है। कंपनी कार्यक्षेत्र में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे समाधान योजना 2025-26, पीएम जनमन योजना, पीएम धरती आबा योजना तथा ग्रामीण घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को 5 रूपये में नवीन कनेक्शन जैसी अन्य सभी योजनाओं का अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

## सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुआ महिला का ऑपरेशन, ट्यूमर का आकार था 6.75 सेंटीमीटर

# दुर्लभ हृदय ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


डॉक्टरों की टीम।

सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की कार्डियक साइंसेज विभाग और मल्टीडिसप्लिनिरी विभाग की टीम ने एक दुर्लभ हृदय ट्यूमर 'मायक्सोमा' का ऑपरेशन किया है। यह ट्यूमर 40 वर्षीय महिला के हृदय से निकाला गया था, जिसका आकार 6.75 सेंटीमीटर था।

महिला छह महीनों से दूसरे अस्पताल में इलाज करा रही थी, लेकिन उसे आराम नहीं मिल रहा था। सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के कंसलटेंट इंटरनल मेडिसिन सर्विसेज के डॉ. अंकित तिवारी ने जांच कर हृदय में ट्यूमर का पता लगाया। टीम ने हृदय से ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया। ऑपरेशन के बाद महिला की सेहत सुधार हुआ और उन्होंने धीरे-धीरे चलना भी शुरू कर दिया है। महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### हृदय और रक्त वाहिकाओं पर डाल रहा था दबाव

सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी सर्विसेज, कंसलटेंट, डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि हृदय के बाएं चैंबर में ट्यूमर इतना बढ़ गया था कि वह उसके हृदय और रक्त वाहिकाओं पर दबाव डाल रहा था, जिससे रक्त प्रवाह प्रभावित हो रहा था। डॉक्टरों की टीम ने सफलतापूर्वक 6.75 सेंटीमीटर के ट्यूमर को हृदय से निकाल दिया है। सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सीईओ डॉ. अतुल अधानिया ने बताया कि हम अपने अच्छे कार्यों और सेवाओं के माध्यम से मरीजों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# जनजाति युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम राज्यों की संस्कृति जानने का सशक्त माध्यम : मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रतिभागियों को सम्मानित करते मंत्री सारंग।

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम राज्यों की संस्कृति से एक-दूसरे को अवगत कराने का सशक्त माध्यम साबित हो रहा है। इसके जरिए एक-दूसरे की ऐतिहासिक धरोहर, संस्कार, जनजाति, विरासत आदि को युवा जान सकेंगे। सोमवार को भोपाल में गृह मंत्रालय भारत सरकार प्रायोजित एवं माय भारत भोपाल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय) के तत्वावधान में विगत 7 दिवस से आयोजित कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा युवाओं को देश की मुख्य धारा से जुड़कर कार्य करने की अपील की एवं युवाओं को रचनात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी द्वारा जनजाति वर्ग के युवाओं को अपने नेतृत्व क्षमता एवं अपने कॅरियर बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं विजेताओं को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी पीयूष दुबे उपस्थित थे।

जिला अधिकारी प्रांजल अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन 13 से 19 जनवरी तक हुआ। कार्यक्रम में 5 राज्यों झारखंड, उड़ीसा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के कुल 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## संविदा शिक्षक वर्ग-1 में वेटिंग लिस्ट में शामिल सैकड़ों अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

# शिक्षक भर्तीः पदवृद्धि के लिए अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन, हवन कर निकाली रैली



प्रदर्शन करेते अभ्यर्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में शिक्षक भर्ती में पद वृद्धि को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सोमवार को संविदा शिक्षक वर्ग-1 में वेटिंग लिस्ट में शामिल सैकड़ों अभ्यर्थियों ने राजधानी में प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे सभी अभ्यर्थी रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर इकट्ठा हुए और हवन से आंदोलन की शुरुआत की। इसके बाद रैली निकालते हुए डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के बंगले पर पहुंचे। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार को 8420 हजार पदों पर भर्ती करना है, लेकिन भर्ती सिर्फ 2901 पद पर ही हुई है। इस वजह से वे वेटिंग लिस्ट में आ गए हैं।

सरकार पद बढ़ा देगी तो वेटिंग क्लीयर हो जाएगी। बावजूद सरकार और विभाग पदों को नहीं बढ़ा रहा है। इस वजह से हजारों शिक्षकों का भविष्य अंधेरे में हैं। सभी अभी प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ा रहे हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि यदि इस आंदोलन के बाद भी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक और उग्र किया जाएगा।

### ई-अटेंडेंस में आ रही समस्याएं शिक्षक संगठन बोले : अधिकारियों कर्मचारियों पर भी हो लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शुरू की गई ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर शिक्षक संगठनों द्वारा लगातार सवाल उठाए जा रहे है। इसके साथ ही शिक्षकों द्वारा तकनीकी समस्यों के निराकरण के साथ ही यह व्यवस्था विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों पर भी एक समानरूप से लागू करने की मांग की गई है। शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कौशल का कहना है कि ई-अटेंडेंस को लेकर शिक्षक शुरूआत से ही परेशानी का सामना कर रहे है।

हमारे शिक्षक एप की तकनीकी समस्यों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण कई शिक्षक उपस्थिति नहीं लगा पा रहे हैं। जिसके कारण कई शिक्षकों का वेतन भी रोका गया है, जबकि विभाग को चाहिए कि एप की तकनीकी समस्याओं, नेटवर्क समस्या, डाटा लीक होने जैसे विषयों का समाधान करें। ऐसे में शिक्षक परेशान हैं। वहीं शिक्षकों की यह मांग भी है कि यह ई-अंटेडेंस की व्यवस्था शिक्षकों के साथ ही विभागीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों पर भी लागू की जाए।

## लोक शिक्षण संचालनालय के सामने धरने पर बैठे

# न्यूनतम वेतन और नियमितिकरण के लिए कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन


कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित लोक शिक्षण संचालनालय परिसर के सामने सोमवार को अंशकालीन, अस्थायी और आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत स्कूलों व छात्रावासों में पदस्थ कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन और नियमितिकरण की मांग की। अस्थायी-आउटसोर्स कर्मचारी मोर्चा के बैनर तले हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने कहा कि वे पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से सेवाएं दे रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें मात्र 4 से 5 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है जो शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन से भी कम है। लंबे समय से मांग उठाने के बावजूद शासन और विभागीय अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। कर्मचारियों ने कहा कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## पाठ्यपुस्तक लेखन कार्यशाला का शुभारंभ

# ऐसी पुस्तकों का निर्माण करें जो भविष्य के प्रति समर्पित हों



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सोमवार को अरेरा हिल्स स्थित उद्यमिता भवन, भोपाल में आयोजित पांच दिवसीय पाठ्यपुस्तक लेखन कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पाठ्य पुस्तकें विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण करती हैं। इसलिए हमारा दायित्व है कि हम ऐसी पाठ्य पुस्तकों का निर्माण करें जो भविष्य के प्रति समर्पित हों। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर भारत की संस्कृति से परिपूर्ण और वैश्विक ज्ञान से भरपूर पाठ्य पुस्तकें तैयार करें। मंत्री सिंह ने कहा कि, मैं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हृदय से धन्यवाद करता हूं।

### राजा भोज सहित अन्य महान हस्तियों को करना चाहिए पाठ्यक्रम में शामिल

मंत्री सिंह ने स्थानीय और आचंलिक ज्ञान पर जोर देते हुए कहा कि हमें डॉ. हरिसिंह गौर, महाराजा सूरजमल, परमार वंश के शासक राजा भोज सहित अन्य महान हस्तियों को आज के पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी को भारत के समृद्ध इतिहास, सामाजिक योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की सही जानकारी मिल सके। कार्यशाला गुणवत्तापूर्ण एवं समकालीन पाठ्यपुस्तकों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### 23 जनवरी तक होगा कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में पाठ्यपुस्तकों के पुर्ननिर्माण की दिशा में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला 23 जनवरी तक संचालित होगी।

- वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम-2026 दावोस में हरित ऊर्जा निवेश पर हुआ संवाद
- वैश्विक कंपनियों के लिए मध्यप्रदेश में व्यापक अवसर

### नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने की ग्रीन एनर्जी-3000 के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

# मप्र में स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश को गति देने और हरित ऊर्जा में वैश्विक सहयोग पर 'मंथन'


दावोस में कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मंत्री शुक्ल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम दावोस में मप्र के नवकरणीय ऊर्जा रोडमैप, हालिया परियोजना विकास और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से अपनाई जा रही नीतियों की जानकारी दी।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि प्रदेश की निविदा एवं खरीद प्रक्रियाएं विदेशी डेवलपर्स की भागीदारी को सक्षम बनाती हैं और ग्रीन एनर्जी-3000 जैसी वैश्विक कंपनियों के लिए मध्यप्रदेश में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। मंत्री शुक्ला ने दावोस स्थित मप्र स्टेट लाउंज में जर्मनी स्थित 'ग्रीन एनर्जी-3000' के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एलएलसी के साथ नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश और सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर्स फेलिक्स रेंकर और एंड्रियास रेंकर मौजूद रहे। कंपनी के पदाधिकारियों ने मप्र की नवकरणीय परियोजनाओं की जानकारी ली और विचार-विमर्श किया।

### संभावित भागीदारी का मार्ग होगा प्रशस्त

*अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव की ओर से 'ग्रीन एनर्जी-3000' को हाल ही में मप्र में संपन्न निविदाओं का विवरण, जानकारी साझा की, जिससे परियोजना संरचनाओं और बोली प्रक्रियाओं की भविष्य की निविदाओं में संभावित भागीदारी का मार्ग प्रशस्त हो सके। यह बैठक स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश को गति देने और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को सशक्त करने की दिशा में मप्र शासन के सतत प्रयासों को दर्शाती है।*

### मंत्री शुक्ला ने की पीस इन्वेस्ट कम्पनी के साथ जल-ऊर्जा परियोजनाओं पर बातचीत

*मंत्री शुक्ला ने जिनेवा स्थित पीस इन्वेस्ट के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर यूसुफ मर्चेंट के साथ बैठक कर जल एवं ऊर्जा क्षेत्र में सतत विकास आधारित निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। पीस इन्वेस्ट संस्था ग्लोबल साउथ में प्रभावकारी निवेश के माध्यम से मानव-केंद्रित विकास को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। मंत्री शुक्ला ने मप्र ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों को साझा करते हुए जल एवं ऊर्जा आधारित सतत परियोजनाओं में निवेश के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने को-इन्वेस्टमेंट मॉडल से स्वच्छ ऊर्जा और जल प्रबंधन परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।*

**प्रमुख सचिव सिंह की मौजूदगी में हुई अहम चर्चा**

## दावोस में तकनीक और नवाचार सहयोग पर मध्यप्रदेश और इज़राइल के मध्य हुआ संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम-2026 के दौरान दावोस स्थित मध्यप्रदेश स्टेट लाउंज में मप्र शासन और इज़राइल इनोवेशन अथॉरिटी के बीच तकनीक एवं नवाचार सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस बैठक में इजराइल इनोवेशन अथॉरिटी के चेयरमैन डॉ. एलन स्टोपेल के साथ औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने विस्तार से विचार-विमर्श किया।

### आईआईए के चेयरमैन और मप्र के पीएस के बीच हुई अहम चर्चा

बैठक का मुख्य उद्देश्य तकनीक-आधारित आर्थिक विकास को गति देने तथा नवाचार के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं को तलाशना रहा। चर्चा के दौरान डॉ. स्टोपेल ने इज़राइल के नवाचार-आधारित विकास मॉडल



की जानकारी साझा की। विशेष रूप से क्वांटम तकनीक, शिक्षा प्रौद्योगिकी (एडटेक), रक्षा प्रौद्योगिकी, जल समाधान क्षेत्रों में इजराइल की क्षमताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इज़राइल का सशक्त अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पारिस्थितिकी तंत्र निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी और सह-निवेश मॉडल पर आधारित है, जो सार्वजनिक सहयोग को व्यावसायिक व्यवहार्यता से जोड़ता है।

### मध्य प्रदेश की परियोजनाओं और नवाचारों से कराया अवगत

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने मध्यप्रदेश में नागरिक प्रौद्योगिकी (सिविल टेक्नोलॉजी) के क्षेत्र में सरकार-से-सरकार (जी 2 जी) सहयोग, पायलट परियोजनाओं और स्टार्टअप आधारित नवाचार को प्रोत्साहित करने की राज्य की मंशा से अवगत कराया। उन्होंने भारत–इज़राइल के बीच मौजूदा सहयोग ढांचों के तहत संयुक्त पायलट प्रोजेक्ट्स, टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेशन और सह-निवेश तंत्र के माध्यम से निवेश एवं औद्योगिक साझेदारियों को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में यह भी सहमति बनी कि मप्र और इज़राइल के बीच प्रौद्योगिकी पायलट, नवाचार साझेदारी और संस्थागत संपर्कों को मजबूत करने के लिए एक औपचारिक सहयोग ढांचे की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा।

### मप्र के प्रतिनिधि मंडल ने एचसीएल टेक के साथ निवेश पर की चर्चा

## टियर-2 टेक्नोलॉजी हब के रूप में मप्र में विस्तार की संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दावोस दौरे के प्रथम दिन मप्र के प्रतिनिधि मंडल ने वैश्विक आईटी सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एचसीएल हाई टेक के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट अभय चतुर्वेदी से चर्चा की। चर्चा के दौरान मप्र शासन के टियर-2 टेक्नोलॉजी हब के रूप में विस्तार की संभावनाओं पर संवाद हुआ। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने टियर-2 टेक्नोलॉजी हब के रूप में मध्यप्रदेश में विस्तार की संभावनाओं की जानकारी दी।

बैठक में कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट अभय चतुर्वेदी ने बताया कि कंपनी पारंपरिक आईटी केंद्रों से आगे बढ़ते हुए


प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए।

टियर-2 शहरों में अपने संचालन का विस्तार करने के अवसरों का आकलन कर रही है। इस संदर्भ में मप्र को एक उभरते और संभावनाशील गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है।

### आवश्यकताओं पर विस्तार से विचार किया गया

चर्चा के दौरान एचसीएल टेक की प्रमुख आवश्यकताओं पर विस्तार से विचार किया गया, जिनमें कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता, विश्वसनीय विद्युत अधोसंरचना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कनेक्टिविटी शामिल है। मध्यप्रदेश की ओर से इन सभी मानकों पर राज्य की सुदृढ़ स्थिति को रेखांकित किया गया, जिसे मजबूत नीतिगत ढांचे और निरंतर बेहतर होती अधोसंरचना का समर्थन प्राप्त है।

### रेडी-टू-मूव-इन ऑफिस स्पेस की उपलब्धता की जानकारी साझा की

मप्र शासन की ओर से बैठक में अपनी विशेष ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी, प्रतिस्पर्धी लागत लाभ और रेडी-टू-मूव-इन ऑफिस स्पेस की उपलब्धता की जानकारी साझा की। साथ ही लीज रेंटल में प्रोत्साहन, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन से जुड़े प्रावधानों, सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के प्रभावी क्रियान्वयन को भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में यह बताया गया कि राज्य में आईआईटी, एनआईटी, और आईआईएसईआर जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों की मौजूदगी के साथ बेहतर होती जीवन गुणवत्ता, मप्र को टेक्नोलॉजी आधारित निवेश के लिए एक आकर्षक स्थान बनाती है।

### अगली पीढ़ी के टेक्नोलॉजी निवेश और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए पसंदीदा गंतव्य मप्र

एचसीएल टेक ने मप्र में भविष्य के टेक्नोलॉजी सेंटर्स और ऑफशोर डेवलपमेंट सेंटर्स (ओडीसी) की संभावनाओं के आकलन में गहरी रुचि व्यक्त की। दोनों पक्षों के बीच संयुक्त आउटरीच गतिविधियों पर भी चर्चा हुई, जिसमें प्रवासी समुदाय से जुड़ाव के माध्यम से उन वैश्विक तकनीकी पेशेवरों तक पहुंच बनाने के अवसर शामिल हैं, जिनकी जड़ें मप्र से जुड़ी हैं। आगामी चरण में संभावित विस्तार के लिए एक रणनीतिक रोडमैप तैयार करने और सहयोगात्मक आउटरीच पहलों पर आगे चर्चा किए जाने पर सहमति बनी। यह संवाद मप्र की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत राज्य स्वयं को अगली पीढ़ी के टेक्नोलॉजी निवेश और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहा है।

## एआई और उभरती तकनीकों पर हुआ वैश्विक संवाद, टच लैब के साथ मध्यप्रदेश ने सहयोग पर किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दावोस में मप्र शासन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती डिजिटल तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग और निवेश की संभावनाओं को लेकर एआई आधारित कंपनी टच लैब कंपनी के सलाहकार हर्वे कौराए से चर्चा की। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने चर्चा में राज्य की तकनीकी क्षमताओं, नीतिगत समर्थन और संभावित साझेदारी के व्यावहारिक पहलुओं पर संवाद किया।

बैठक में टच लैब कंपनी के प्रतिनिधियों ने एआई आधारित उन्नत तकनीकी समाधानों को लेकर अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए बताया कि कंपनी का विस्तार यूनाइटेड किंगडम, टोक्यो और संयुक्त राज्य अमेरिका तक है। कंपनी ने बताया कि वे आगामी



टच लैब कंपनी के सलाहकार हर्वे कौराए से चर्चा करते प्रमुख सचिव सिंह।

वैश्विक एआई समिट में भागीदारी कर रहे हैं। प्रमुख सचिव सिंह ने बताया कि मप्र एआई और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में चरणबद्ध और यथार्थवादी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने राज्य में उपलब्ध किफायती और विश्वसनीय विद्युत अधोसंरचना को रेखांकित करते हुए कहा कि यह डेटा सेंटर और कंप्यूट-इंटेंसिव संचालन के लिए एक आधार प्रदान करती है। उन्होंने नाट्रैक्स को राज्य की एक विशिष्ट तकनीकी परिसंपत्ति बताते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा ऑटोमोटिव टेस्टिंग और वैलिडेशन ट्रैक होने से यह एडवांस्ड मोबिलिटी, एआई आधारित परीक्षण और अगली पीढ़ी की तकनीकी एप्लिकेशंस के लिए वास्तविक उपयोग-आधारित अवसर उपलब्ध कराता है।

### एसएमई की भागीदारी और एप्लाइड इनोवेशन

बैठक में शिक्षा और अनुसंधान आधारित सहयोग पर भी चर्चा हुई, जिसमें एसएमई की भागीदारी और एप्लाइड इनोवेशन को सशक्त करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रमुख सचिव सिंह ने राज्य के स्टार्ट-अप इको सिस्टम का उल्लेख करते हुए बताया कि मप्र में छह हजार से अधिक पंजीकृत स्टार्ट-अप सक्रिय हैं, जो नई तकनीकों के पायलट प्रोजेक्ट, परीक्षण और सह-विकास के लिए सहयोगी वातावरण प्रदान करते हैं।

### वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ व्यावहारिक संवाद

टच लैब ने साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अपनी तकनीक के संभावित उपयोग में रुचि व्यक्त की। यह रुचि मप्र की एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) और डिजिटल इनोवेशन से जुड़ी समर्पित नीतियों के अनुरूप है। दोनों पक्षों के बीच एआई केंद्रित पायलट परियोजनाओं, इको सिस्टम पार्टनरशिप और मप्र में तकनीक आधारित पहलों की संभावनाओं पर आगे भी संवाद जारी रखने पर सहमति बनी। यह संवाद दावोस में मध्यप्रदेश की उस रणनीति को दर्शाता है, जिसके तहत राज्य वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ व्यावहारिक संवाद के माध्यम से एआई और डीपटेक जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग और निवेश के अवसर तलाश रहा है।

## सिर्फ वोट बैंक के लिए सनातन की बात करती है भाजपाः जीतू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को गंगा स्नान से रोके जाने के मामले पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरा है।

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जो भाजपा खुद को सनातन धर्म का रक्षक बताती है, वही सनातन परंपरा के सर्वोच्च पद शंकराचार्य का अपमान कर रही है। जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि शंकराचार्य को माघ मेले में गंगा स्नान से रोका गया और उनके अनुयायियों पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ वोट बैंक के लिए सनातन की बात करती है, लेकिन उसके विपरीत काम करती है। जीतू ने कहा कि राजस्थान के बाद मध्यप्रदेश सबसे ज्यादा प्रदूषित प्रदेश बन गया है। उन्होंने एनजीटी का हवाला देते हुए बताया कि प्रदेश का 70 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। दूषित पानी से मौतों के मामलों में जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में मप्र की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में संगठन पर्व के तहत कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबिन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया हुई। इस अवसर पर हेमंत खंडेलवाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री, जगदीश देवड़ा उप मुख्यमंत्री, राजेन्द्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री, शिवराज सिंह चौहान केन्द्रीय मंत्री, ज्योतिरादित्य सिंधिया केन्द्रीय मंत्री,वीरेन्द्र कुमार खटीक केन्द्रीय मंत्री, कैलाश विजयवर्गीय मंत्री, प्रह्लाद पटेल मंत्री, राकेश सिंह मंत्री, फग्गन सिंह कुलस्ते सांसद, विष्णुदत्त शर्मा सांसद, दुर्गादास उईके केन्द्रीय राज्य मंत्री, जयभान सिंह पवैया पूर्व मंत्री, लाल सिंह आर्य राष्ट्रीय अध्यक्ष, अजा मोर्चा, डॉ. नरोत्तम मिश्रा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व मंत्री, गोपाल भार्गव विधायक एवं पूर्व मंत्री, ओमप्रकाश धुर्वे विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव, सावित्री ठाकुर केन्द्रीय राज्य मंत्री, सुमित्रा बाल्मिकि राज्यसभा सांसद, कविता पाटीदार राज्यसभा सांसद, राहुल कोठारी प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश चुनाव समन्वय अधिकारी, मप्र ने सहभागिता की।




## धरमपुरी के भाजपा विधायक कालूसिंह ठाकुर जमीनी विवाद के चलते हुए गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धार जिले के धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक कालू सिंह ठाकुर इन दिनों लगातार विवादों से घिरे हुए हैं। ताजा मामला आज का हैं जहां एक जमीनी विवाद में विधायक ठाकुर के सर में गंभीर चोट आई और वो गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद विधायक कालूसिंह ठाकुर ने बताया कि बिना किसी पूर्व विवाद के दो पुरुष बदमाशों और दो महिलाओं ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि वो हमलावरों को नाम से नहीं जानते, लेकिन सामने आने पर पहचान सकते हैं।

विधायक ठाकुर ने कहा कि मेरी किसी से व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, इसके बावजूद साल-दर-साल मुझ पर हमले होते रहे हैं। मेरे पूर्व विधायक कार्यकाल के दौरान भी मुझ पर गोलियां चलाई गई थीं, जिनके आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कराकर न्यायालय से सजा दिलाई गई थी। विधायक की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### भारत ने प्रत्येक वैश्विक मंच पर स्थापित की अपनी साख, मध्यांचल स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से आयोजित किया गया मध्यांचल उत्सव-2026

## मप्र में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं हैं उपलब्ध

- ***21वीं सदी भारत की होगी स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी भी हो रही है***
- ***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दिल्ली विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश के छात्रों को किया संबोधित***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी कि 21वीं सदी भारत की होगी, आज साकार होती दिखाई दे रही है। प्रत्येक वैश्विक मंच पर भारत ने अपनी साख स्थापित की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हैं। भारत आज विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने मध्यप्रदेश के छात्रों को संबोधित किया।

रहा है, जो विश्व का सबसे युवा लोकतांत्रिक देश है और प्रधानमंत्री मोदी प्रभावी रूप से इस युवा लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शंकरलाल सभागार में मप्र के अध्ययनरत छात्रों के संगठन मध्यांयल स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से आयोजित मध्यांचल उत्सव-2026 को संबोधित कर रहे थे। मध्यांचल उत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया। उन्होंने कहा कि मप्र के कोने-कोने से आए युवा संगठित होकर दिल्ली में अध्ययन कर रहे हैं, यह प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि इतने बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं से हुई भेंट ने उनकी दिल्ली यात्रा को सार्थक बना दिया है।

### मप्र देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिलः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं के साथ है। युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा हमारा लक्ष्य है कि मप्र का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनें।

### रिन्यूएबल एनर्जी में सबसे कम दर पर बिजली उपलब्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र बिजली सरप्लस स्टेट है और रिन्यूएबल एनर्जी में सबसे कम दर पर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, जिसकी दर मात्र 2 रुपये 10 पैसे है, जो कि देश में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का मेट्रो मप्र की बिजली से चल रही है। राज्य में माइनिंग सेक्टर में तेजी से कार्य हो रहा है और जैव विविधता के मामले में भी प्रदेश अग्रणी है। भोपाल के बड़े तालाब में शिकारे चलाए जा रहे हैं और फिल्म व पर्यटन नीति के माध्यम से निवेशकों व युवाओं को विशेष लाभ दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मध्यांचल छात्र संगठन को इस विशेष आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी छात्र इसी प्रकार संगठित होकर सकारात्मक कार्य करते हुए प्रदेश व देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाते रहें।

### मध्यांचल उत्सव का आयोजन सराहनीय पहल

मध्यांचल उत्सव में श्याम टेलर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मप्र की प्रगति की गति दोगुनी हुई है। मां नर्मदा का प्रवाह और बाबा महाकाल मप्र की पहचान हैं। दिल्ली में अध्ययनरत युवाओं की ओर से प्रदेश की कला-साहित्य-शालीनता और सभ्यता के संगम के रूप में आयोजित मध्यांचल उत्सव का आयोजन सराहनीय पहल है। मप्र के युवाओं ने कभी भी अलगाव के विचार से कार्य नहीं किया। सदैव सहयोगात्मक व्यवहार ही उनकी पहचान रहा। कार्यक्रम को राजनिति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेखा सक्सेना और दिल्ली विश्वविद्यालय की कल्चर कॉउंसिल के संचालक अनूप लाखर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिल्ली में अध्ययनरत छात्र उपस्थित रहे।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 20 जनवरी 2026

10 औबेदुल्लागंज के भाजपा कार्यकर्ताओं ने छात्रावास में ...


11 छतनारा की 75वीं पोएट्स वॉक में तीन घंटे तक...







### सार्वजनिक स्थलों, बाजारों में एनाउसमेंट शुरू, स्वेच्छा से हटाएं सामान, वर्ना होगी कार्रवाई

# न्यू मार्केट में जहां से कब्जे हटे, वहां फिर लोग जमे पुराने शहर में निगम का पहरा, इसलिए सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने बीते दो दिनों में न्यू मार्केट व पुराने शहर के सालों पुराने रोड किनारे कब्जे वाले क्षेत्र को अतिकमणमुक्त तो करवाया, लेकिन सोमवार को जब हरिभूमि की टीम मौके पर पहुंची तो न्यू मार्केट में स्थिति जस की तस नजर आई, जबकि भोपाल टाकीज चौराहे से सिंधी कॉलोनी चौराहे तक निगम का पहरा रहा। इसके चलते रोड किनारे अस्थाई दुकानों की भरमार और लोगों की भीड़ वाले क्षेत्र में सन्नाटा पसरा नजर आया। इस रोड पर अस्थाई दुकानों के कारण यातायात दिनभर अस्त-व्यस्त रहता था। इधर, निगम के अतिक्रमण अमले ने पुराने शहर के कई क्षेत्रों में सोमवार को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए एनाउंसमेंट किया है। इन क्षेत्रों में दो दिन बाद कार्रवाई होगी।

न्यू मार्केट जैसे पॉश इलाके में निगम की कार्रवाई के दौरान हड़कंप मच गया था। यहां से बड़ी संख्या में अस्थाई दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन अस्थाई दुकानें यहां दोबारा लग गईं। निगम के अधिकारियों का कहना है कि जिन स्थानों से कब्जे हटाए जा रहे हैं, वहां निगरानी की व्यवस्था भी की जा रही है। अब रोड किनारे किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा।

शहरभर से निगम ने शुरू की है अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई

कई दुकानदारों ने अपना सामान दायरे में समेटा, दो दिन बाद एक्शन

### यहां की गई निगरानी, निगम के वाहन रहे तैनात


न्यू मार्केट में सोमवार को हालात जस के तस नजर आए।

भोपाल टॉकीज चौराहे से सिंधी कॉलोनी तक रोड के दोनों ओर अस्थाई दुकानें सालों से लग रही थीं, जबकि रविवार को यहां बड़ा बाजार लगने से दिनभर जाम के हालात बने रहते थे। शनिवार को यहां से कब्जे हटाने के बाद सोमवार को निगम के वाहनों से निगरानी की गई। लोगों ने बताया कि अतिक्रमण हटने से यातायात व्यवस्था सुचारू हो गई। दिन में एक बार भी जाम नहीं लगा।

### भोपाल में 7 साल बाद फिर शुरू होगी मोबाइल कोर्ट

नगर निगम अब एक बार फिर निगम के कानूनों का उल्लंघन करने वालों पर मौके पर ही कार्रवाई करने के लिए मोबाइल कोर्ट को फिर से शुरू करने जा रहा है। इसके तहत लाइसेंस शर्तों का उल्ल्धंन करने वालों और अतिक्रमण करने पर मौके पर चालान काटकर कोर्ट में पेश किया जाएगा। जिला अदालत की मदद से मोबाइल कोर्ट सात साल पहले शुरू की गई थी। इसमें म्युनिसिपल मजिस्ट्रेट मौके पर कार्रवाई करते थे, लेकिन इसके बाद मोबाइल कोर्ट बंद हो गई थी।

### शहर को अतिक्रमणमुक्त बनाएंगे

महापौर मालती राय का कहना है कि शहर को पूरी तरह से अतिक्रमणमुक्त बनाएंगे। अतिक्रमण सख्ती से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई चल रही है।


भोपाल टॉकीज से सिंधी कॉलोनी चौराहे तक अतिक्रमण नहीं दिखाई दिया।

### पुराने शहर के घनी आबादी वाले इलाकों से हटाया 13 ट्रक सामान



नगर निगम का अतिक्रमण अमला सोमवार को पुराने शहर के घनी आबादी वाले बाग उमराव दूल्हा में अतिक्रमण हटाने पहुंचा। इस दौरान रोड पर यातायात में बाधक बनी सामग्री को हटाने की कार्रवाई की गई। इसी तरह सोनिया गांधी कॉलोनी सहित एक दर्जन से ज्यादा इलाकों में कार्रवाई करते हुए 13 ट्रक विभिन्न प्रकार की सामग्री जप्त की। अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सीएम हेल्पलाइन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले, गुमठी, काउंटर, टेबिल, बोर्ड आदि सामग्री हटाई। निगम के अमले ने प्रभात पेट्रोल पंप, बिजलीघर, बाग उमराह दूल्हा, अशोका गार्डन अस्सी फिट रोड, सोनिया कालोनी, ओम नगर चौराहा, बागमुगालिया, मिसरोद रोड, बैरागढ़ चंचल चौराहा आदि क्षेत्रों में कार्रवाई की।

### इतवारा, बुधवारा, चौक सहित अन्य इलाकों में कब्जे हटाने के पहले करवाई मुनादी

पुराने शहर की घनी आबादी वाले इलाकों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने से पहले नगर निगम ने के अमले ने सोमवार को मुनादी करवाई। इतवारा, बुधवारा, चौक बाजार सहित पुराने शहर के बाजारों में निगम के अमले से दुकानदारों से अपने दायरे में दुकान का सामान रखने और बोर्ड, टेबिल आदि हटाने की हिदायत दी।

### एनआईटीटीआर कॉलेज के पास हादसा

## कूरियर वाहन ने ऑटो को मारी टक्कर, उछलकर गिरा टीआई का 4 साल का बेटा, मौत; पत्नी घायल

» सातवीं बटालियन से खरीदारी करने सिटी जा रहे थे, तभी हादसा

» पुलिस खंगाल रही घटनास्थल के फुटेज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स के एनआईटीटीआर कॉलेज के पास सोमवार शाम टर्निंग पॉइंट पर सवारी ऑटो को कूरियर वाले लोडिंग ऑटो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो में मां के साथ बैठा चार साल का मासूम उछलकर बाहर गिर गया। इस हादसे में इंदौर लोकायुक्त टीआई की पत्नी और चार साल का बेटा घायल हो गए। बच्चे को निजी चिल्ड्रन अस्पताल ले जाया गया, वहां से हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। हमीदिया अस्पताल में डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में ऑटो चालक के पैर भी फ्रेक्चर हुए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पुलिस दोनों वाहन जब्त कर हादसे की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार सचिन पटेरिया इंदौर लोकायुक्त में टीआई हैं। वे सातवीं वाहनी में पदस्थ थे और तीन महीने पहले उनकी इंदौर लोकायुक्त में पोस्टिंग हुई है। उनकी पत्नी नेहा पटेरिया और चार साल का बेटा सातवीं बटालियन ऑफिसर क्वार्टर में रहते थे। नेहा सोमवार शाम अपने चार साल के बेटे यशवर्धन पटेरिया को लेकर सिटी खरीदारी करने के लिए जा रही थी। नेहा ने सातवीं बटालियन के पास से ही एक ऑटो हायर किया। ऑटो में ड्राइवर के अलावा नेहा और यशवर्धन थे। सातवीं वाहिनी से निकलने के बाद ऑटो एनआईटीटीआर पहुंचा था। तभी टर्निंग पॉइंट पर शाम करीब चार बजे सामने से आ रहे लोडिंग ऑटो ने सवारी ऑटो को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नेहा की गोद में बैठा यश ऑटो से उछलकर सड़क पर जा गिरा। उसे सिर में गंभीर चोट थी। राहगीरों की मदद से यशवर्धन को नेहा बॉम्बे चिल्ड्रन हास्पिटल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने कुछ देर बाद ही उन्हें हमीदिया अस्पताल जाने की सलाह दी। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने यशवर्धन को मृत घोषित कर दिया।

### नेहा और ड्राइवर को भी चोट

थाना प्रभारी भूपेंदर कोल संधु ने बताया कि हादसे में नेहा पटेरिया को भी चोट आई हैं। उनके अलावा ऑटो चालक को भी पैरों में फैक्चर है। पुलिस घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। फुटेज से ही पता चल सकेंगा कि किन परिस्थितियों में हादसा हुआ है।




### गोकशी पर एनिमल वेलफेयर बोर्ड ने निगम से किया जवाब तलब

**भोपाल।** एनिमल वेलफेयर बोर्ड आफ इंडिया ने शहर के गोकशी मामले को संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। बोर्ड ने इस मामले पर रिपोर्ट तलब की है। बोर्ड ने अपने पत्र में कानून के तहत प्रावधान का हवाला देते हुए कहा है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 और स्लाटर हाउस नियम 2001 सहित कई कानूनों का गंभीर उल्लंघन है। इसके साथ ही बोर्ड ने यह भी दोहराया कि गर्भवती, तीन माह से कम आयु के या पशु चिकित्सक से फिटनेस प्रमाण पत्र के बिना किसी भी पशु का वध नहीं किया जा सकता। एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया ने निगम आयुक्त के अलावा रजिस्ट्रार मप्र स्टेट एनिमल वेलफेयर बोर्ड और कलेक्टर को भी पत्र जारी किया है।

### क्लोरीन बढ़ाकर निगम ने कराई सैंपलिंग

## पीएचई की रिपोर्ट में आया ई-कोलाई बैक्टीरिया, निगम की रिपोर्ट में निल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स के गौरीशंकर परिसर और करोंद के राजीव कॉलोनी इलाके में नगर निगम के नल के पानी में ई-कोलाई मिलने के बाद नगर निगम ने भी दोनों जगहों की सैंपलिंग कराकर जांच करा ली है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि दोनों जगहों पर पानी पीने लायक है। इधर एक्सपर्ट का तर्क है कि निगम ने पानी में क्लोरीन की मात्रा बढ़ाकर सैंपलिंग कराई है, जिसकी वजह से बैक्टीरिया नहीं आया है। ऐसे में पता चलता है कि सैंपल जांच रिपोर्ट आने के पहले नगर निगम दूषित पानी की सप्लाई कर रहा था। हरिभूमि ने जब आठ जनवरी को सैंपलिंग कराई थी, तब पानी में 0.2 क्लोरीन होने के बावजूद उसमें ई-कोलाई बैक्टीरिया मिला था। इधर नगर निगम की रिपोर्ट आने के बाद दोनों जगहों के लोगों ने राहत की सांस ली है।

हरिभूमि ने एलआईजी-16 गौरीशंकर परिसर कटारा हिल्स और मकान नंबर-61 बी सेक्टर राजीव कॉलोनी करोंद से लिए गए नगर निगम के नल के पानी की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की स्टेट लेबोरेटरी में जांच कराई गई थी। जिसकी रिपोर्ट 12 जनवरी को दी गई। रिपोर्ट में दोनों जगहों पर ई-कोलाई बैक्टीरिया मिला था। रिपोर्ट लेबोरेटरी के चीफ केमिस्ट चूड़ामनी केलेले ने जारी की है।

इधर, नगर निगम की सैंपल जांच रिपोर्ट में ई-कोलाई न मिलने का दावा किया जा रहा है। जोन-17 की कार्यपालन यंत्री बबली शर्मा का कहना है कि सैंपल जांच रिपोर्ट नॉर्मल आई है। पानी पीने लायक है।

एसआईआर में 4.38 लाख नाम कटने के बाद भी कम आए फार्म-6

## वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने तीन दिन शेष, 41 हजार ने किए जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसआईआर का ड्राफ्ट रोल 23 दिसंबर को जारी कर दिया गया है, जिसके बाद से अब तक 41,367 मतदाताओं ने नाम जुड़वाने नया आवेदन किया है।

हालांकि जिले की बैरसिया, उत्तर, नरेला, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में भारी तादाद में नाम कटने के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि इस बार एक लाख से अधिक नए नाम जुड़वाने के आवेदन आएंगे, लेकिन अब तक 41 हजार 367 आवेदन ही आए हैं। जबकि 22 जनवरी शाम पांच बजे के बाद नए आवेदन लेने का काम बंद कर दिया जाएगा। 5 जनवरी से वार्ड और तहसील दफ्तरों में चल रही एक लाख 16 हजार 925 नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई का काम जारी है। जिसके तहत मतदाताओं से उनकी उम्र के हिसाब से जन्म का प्रमाण मांगा जा रहा है। यह सुनवाई 14 फरवरी तक जारी रहेगी।



### एसआईआर में 2 हजार ने दिया नाम काटने का आवेदन

एसआईआर के दौरान जहां मतदाताओं ने अपना नाम बचाने का प्रयास किया, वहीं दो हजार से अधिक मतदाता ऐसे भी हैं, जिन्होंने वर्तमान वोटर लिस्ट से नाम कटवाने का आवेदन पेश किया है। जिसके लिए इन मतदाताओं ने ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन पेश किए हैं।

### 30 हजार ने बदला अपना पता

23 दिसंबर से 22 जनवरी तक नाम जुड़वाने, कटवाने और वोटर लिस्ट में दर्ज रिकार्ड में संशोधन के लिए मतदान केंद्रों पर बैठे बीएलओ को 30 हजार 66 आवेदन मिले हैं। इन मतदाताओं ने नाम, पिता, पति और पते में बदलाव के लिए फार्म-8 भरकर दिया है। इन मतदाताओं को बदलाव के लिए जरूरी दस्तावेज भी पेश करना पड़ेंगे।

### चालू वित्तीय वर्ष में वसूली लक्ष्य में काफी पीछे रह गया निगम

## 71 दिन में 400 करोड़ से ज्यादा वसूली के लिए बनाया नया प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम हर साल 700 से 800 करोड़ रुपए के राजस्व की वसूली करता है, लेकिन चालू वित्तीय वर्ष में निगम अब तक 350 करोड़ रुपए ही वसूल पाया है। अब निगम के सामने 71 दिन में करीब 400 करोड़ रुपए की वसूली करने की चुनौती है। इसके लिए निगम प्रशासन ने टॉप-टू-बॉटम प्लॉन बनाया है। यानि सबसे पहले शहर के बड़े बकायादार, फिर उससे कम और अंतिम श्रेणी में सामान्य उपभोक्ता। अभी तक निगम प्रशासान का फोकस मध्यमवर्गीय से वसूली का रहता था। अब समय कब बचा होने के कारण इस नए प्लान पर निगम ने काम करना शुरू कर दिया है।

इधर, जनवरी-2026 से शहर के बकायादारों पर बोझ बढ़ना शुरू हो गया है। निगम 20 हजार रुपए से ज्यादा बकाया राशि पर 3 प्रतिशत की दर से अधिभार लगा रहा है। यानि उक्त राशि पर हर माह 600 रुपए बढ़ रहे हैं। यही नहीं, मार्च तक अधिभार बढ़कर 5 प्रतिशत हो जाएगा।

### सरकारी विभागों से वसूली अब भी मुश्किल




नगर निगम को एक दर्जन से ज्यादा सरकारी विभागों से वसूली करना है। इसके लिए निगम की ओर से नोटिस भी जारी किए गए हैं। गैस राहत विभाग ने कुछ राशि जमा करवाई है, जबकि रेलवे और मिलेट्री पर 80 लाख रुपए से ज्यादा की राशि बकाया बताई जा रही है। इसके लिए भी नोटिस जारी किए गए हैं।

### लोक अदालत में निपटे थे 17 हजार से ज्यादा प्रकरण

दिसंबर-25 में लगी नेशनल लोक अदालत में शहर के करदाताओं ने वार्ड कार्यालयों में आयोजित शिविरों के माध्यम से 17, 700 से अधिक प्रकरणों का निराकरण कराया था और 18 करोड़ 80 लाख रुपए से अधिक की राशि जमा कराई थी।

### वसूली के हो रहे हैं हरसंभव प्रयास

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि राजस्व वसूली का काम तेजी से चल रहा है। हर संभव प्रयास हो रहे हैं। लगातार समीक्षा की जा रही है। राजस्व अधिकारियों सहित वार्ड स्तर तक राजस्व वसूली पर नजर रखी जा रही है।

### अपने ही विभाग की बुराई करते एएचओ का ऑडियो वायरल

**भोपाल।** नगर निगम में जोन-8 के एएचओ का सोमवार को एक आडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इसमें वे खुद अपने ही विभाग की बुराई कर रहे हैं। यह आडियो नगर निगम के तत्कालीन अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान से चर्चा का बताया जा रहा है। जोन-8 के एएचओ रवींद्र यादव उनसे बात कर रहे हैं। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के संज्ञान में यह मामला पहुंच चुका है। इस पर एएचओ पर कार्रवाई भी हो सकती है। इस संबंध में रवींद्र यादव ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (संविदा पद)

| पद का नाम | रिक्ति | आयु (31.12.2025 तक) | |
|---|---|---|---|
| | | न्यूनतम | अधिकतम |
| उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 40 | 50 |
| उप उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 36 | 44 |
| सहायक उपाध्यक्ष (यूएक्स) | 1 | 32 | 40 |
| वरिष्ठ विशेष कार्यकारी (यूआई और यूएक्स) | 3 | 28 | 37 |

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/22 (नियमित पद)

| पद का नाम | श्रेणी | रिक्ति | आयु (31.12.2025 तक) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| उप प्रबंधक (यूआई और यूएक्स) | एमएमजीएस-II | 6 | 25 | 35 |

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→"Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट **(https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 16.01.2026 से 05.02.2026 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 16.01.2026
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## खबर संक्षेप

### आईडीबीआई बैंक का मुनाफा 355 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** बीएसई 200 में शामिल प्राइवेट सेक्टर लेंडर आईडीबीआई बैंक ने अपने तिमाही नतीजे जारी कर दिए हैं. चालू वित्त वर्ष 2026 की दिसंबर तिमाही में बैंक का मुनाफा 1.4 फीसदी बढ़ा है। जबकि नेट इंटरेस्ट यानी एफआइआई में 24 फीसदी की गिरावट आई है। तीसरी तिमाही में बैंक का नेट एनपीए घटा है। लास्ट सेशन में आईडीबीआई बैंकका शेयर 0.29 फीसदी गिरकर 104.55 रुपए पर बंद हुआ। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक वित्त वर्ष 2026 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में आईडीबीआई बैंक का नेट प्रॉफिट नेट प्रॉफिट पिछले साल के 1,908 करोड़ से 1 फीसदी बढ़कर 1,935 करोड़ हो गया।

### ओप्पो इंडिया ने पेश की ऑल न्यू रेनो15 सीरीज

**नई दिल्ली।** ओप्पो इंडिया ने प्रीमियम रेनो15 सीरीज में तीन वैरिएंट, रेनो15 प्रो, रेनो15 प्रो मिनी, और रेनो15 लांच किए। यह सीरीज युवा यात्रा प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए तैयार की गई है। इसमें एडवांस्ड कैमरा सिस्टम, इंटैलिजेंट एआई और सटीक इंजीनियरिंग के साथ बेहतरीन डिजाइन दिया गया है। ओप्पो इंडिया के हेड ऑफ कम्युनिकेशंस, गोल्डी पटनायक ने कहा कि अपनी तरह की पहली होलोफ्यूजन टेक्नोलॉजी और प्राकृतिक तत्वों से प्रेरित कलर फिनिश के साथ, रेनो15 सीरीज में मजबूत बिल्ड क्वालिटी के साथ कॉम्पैक्ट और एर्गोनॉमिक फॉर्म फैक्टर है।

### जी5 पर शुरू होगी मस्ती 4 की स्ट्रीमिंग

**मुंबई।** जी5 पर मस्ती फ्रैंचाइज़ी की चौथी फिल्म, 'मस्ती 4' दर्शकों के लिए पूरी तरह तैयार है। जिसका 23 जनवरी को फिल्म का ग्लोबल प्रीमियर होगा।। वेवबैंड प्रोडक्शन और जी स्टूडियोज़ द्वारा मारुति इंटरनेशनल और बालाजी टेलीफिल्म्स के सहयोग से प्रस्तुत की गई। मस्ती 4 को ए झुनझुनवाला और शिखा करण अहुलवालिया ने इंद्र कुमार, अशोक ठकेरिया, शोभा कपूर, एकता कपूर और उमेश बंसल के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है।

## चांदी कर गई महत्वपूर्ण मील का पत्थर यानी 3 लाख रुपए को पार

# चांदी का स्टॉक घटा, सप्लाई कम, मांग ज्यादा होने से बाजार में है तंगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर चांदी की कीमतें एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर गईं, पहली बार 3 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गईं। यह उछाल बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बाद आया है।

बाजार जानकारों के अनुसार वैश्विक स्तर पर और विशेष रूप से भारत में चांदी की सप्लाई में भारी कमी और व्यवधान देखने को मिल रहा है। चांदी का बाजार स्ट्रक्चरल डेफिसिट (मांग के मुकाबले कम आपूर्ति) का सामना कर रहा है। बाजार जानकारों के अनुसार यह हालात इस लिए निर्मित हुए है कि दुनिया भर में भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध जैसे हालात और आर्थिक अनिश्चितता बनी हुई है। जब हालात बिगड़ते हैं, तो निवेशक सुरक्षित निवेश की तरफ भागते हैं और इसी वजह से सोना और चांदी दोनों की मांग बढ़ जाती है।



फाइल फोटो

विशेषज्ञों और श्रीसराफा व्यापारी एसो. भोपाल के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल का कहना है कि चांदी में तेजी का रुझान अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन ऊंचे दामों पर जोखिम भी ज्यादा होता है। इसलिए निवेशकों को संतुलन बनाकर चलना चाहिए। लंबी अवधि के निवेशक गिरावट पर खरीदारी करें और चांदी को पोर्टफोलियो में सीमित हिस्से के तौर पर रखें।

### चांदी का उत्पादन बहुत धीमी रफ्तार से बढ़ रहा

जानकारों के अनुसार दुनिया में चांदी का उत्पादन बहुत धीमी रफ्तार से बढ़ रहा है। ज्यादातर चांदी तांबा और जिंक जैसी धातुओं के साथ निकलती है, इसलिए चांदी की सप्लाई को जल्दी बढ़ाना आसान नहीं है। दूसरी तरफ भारत और चीन जैसे देशों से मांग लगातार बढ़ रही है। लंदन के गोदामों में भी चांदी का स्टॉक घटा है, जिससे बाजार में तंगी बनी हुई है।

### सोलर और इलेक्ट्रिक गाड़ियों से बढ़ रही खपत

बाजार जानकारों के अनसार चांदी का इस्तेमाल सिर्फ गहनों में ही नहीं हो रहा। सोलर पैनल, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक सामान और इलेक्ट्रिक गाड़ियों में इसका इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। अकेले सोलर सेक्टर में ही दुनिया की कुल चांदी की मांग का बड़ा हिस्सा खप रहा है। यही वजह है कि चांदी की मांग लंबे समय तक बनी रहने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि बीते एक साल में चांदी की कीमत 170 प्रतिशत से ज्यादा उछल चुकी है, जबकि सोना भी करीब 70 प्रतिशत की जोरदार बढ़त दिखा चुका है। इतनी बड़ी तेजी यह दिखाती है कि निवेशकों का भरोसा लगातार सुरक्षित निवेश पर बढ़ रहा है।

## शहर के 70 से अधिक व्यापारिक संगठनों की शीर्ष संस्था बीसीसीआई के चुनाव

# त्रैवार्षिक चुनाव में दो दिग्गज अपने समर्थकों के साथ चुनावी रण में, उन्नति पैनल पर भरोसा

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

शहर के दो दिग्गजों ने अपने समर्थकों के साथ राजधानी के 70 से अधिक व्यापारिक संगठनों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) के त्रैवार्षिक (2026-2029) चुनाव में अपनी-अपनी प्रतिष्ठा को चुनावी रण में दांव पर लगाया है। चेंबर के वरिष्ठ सदस्य अरविंद जैन ने कहा कि भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव 1 तारीख को होने जा रहे हैं, स्वाभाविक है कि चुनावी रण में चुनाव लड़ रहे दोनों दल अपना-अपना दमखम, दबाव और जोर अजमाईश आजमाएंगे, लेकिन चेंबर के मेंबरों में चेंबर के इतिहास पर जरूर नजर डालें।



अरविंद जैन के अनुसार जब माधुरी शरण अग्रवाल भोपाल चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष थे, तब चेंबर की मेंबरशिप ली थी और सच कहूं तो माधुरी शरण अग्रवाल और फिर संतोष अग्रवाल के कार्यकाल के बाद तो चेंबर मानो सो गया था, सालों तक किसी ने इसकी सुध नहीं ली। ललित जैन ने तो चेंबर के अध्यक्ष गद्दी संभालते ही संस्था की प्रतिष्ठा को धूमिल करना शुरू किया और चेंबर की ऐसी स्थिति निर्मित कर दी व्यापारियों का चेंबर से मोह ही भंग गया। लेकिन चार साल पूर्व चेंबर के चुनाव हुए और कोर्ट-कचहरी के बाद चेंबर की पिछली टीम ने चेंबर का कुशल संचालन किया।

### गोविंद गोयल समर्थित उन्नति पैनल के कार्यालय का उद्घाटन

## पारदर्शिता, संवाद और व्यापारिक हितों के लिए सशक्त संरक्षण का प्रतीक है उन्नति पैनलः गोयल


उन्नति पैनल के कार्यालय में मौजूद व्यापारियों की उमड़ी भीड़

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आगामी 1 फरवरी 2026 को होने वाले त्रैवार्षिक चुनाव शहर के दिग्गज और वरिष्ठ उद्योगपति गोविंद गोयल ने अपने समर्थकों के साथ उन्नति पैनल की घोषणा कर शहर के व्यापार जगत से समर्थन की अपील की है। अध्यक्ष पद के दावेदार गोयल ने बीते दिन उन्नति पैनल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन 96, मालवीय नगर में किया। कार्यक्रम में शहर की समस्त प्रमुख सामाजिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के अध्यक्ष, पदाधिकारी,उद्योग एवं व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। गोयल के नेतृत्व पर उन्नति पैनल ने भरोसा जताया। गोयल ने कहा कि उन्नति पैनल संगठन में पारदर्शिता, संवाद और व्यापारिक हितों के सशक्त संरक्षण का प्रतीक है। समर्थकों और व्यापारिक वर्ग का मानना है कि उनका दीर्घकालीन उद्योग अनुभव, सामाजिक सक्रियता और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की कार्यशैली चेंबर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम है। समर्थकों और व्यापारिक वर्ग का मानना है कि उनका दीर्घकालीन उद्योग अनुभव, सामाजिक सक्रियता और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की कार्यशैली चैंबर को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सक्षम है। उन्नति पैनल को संगठन में पारदर्शिता, संवाद और व्यापारिक हितों के सशक्त संरक्षण का प्रतीक माना जा रहा है।

### पाली समर्थित परिवर्तन पैनल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन


कार्यालय का उद्घाटन

तेजकुलपाल सिंह पाली समर्थित प्रगतिशील पैनल के चुनाव कार्यालय का भव्य शुभारंभ हमीदिया रोड स्थित होटल रंजीत के परिसर में किया गया। इस मौके पर सर्व समाज के सभी गणमान्य जन उपस्थित हुए।

## गेहूं के आटे के निर्यातकों को बड़ी राहत

# सरकार ने पांच लाख टन शिपमेंट को दी मंजूरी, कल से कर सकेंगे आवेदन



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गेहूं उत्पादक किसानों और निर्यातकों के लिए एक बड़ी खबर है। भारत सरकार ने गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों के निर्यात पर लगी रोक में महत्वपूर्ण ढील दी है। सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर पांच लाख टन गेहूं के आटे के निर्यात की अनुमति दे दी है। यह फैसला उद्योग के लिए एक बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि केंद्र सरकार ने 2022 में घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। तीन साल से अधिक के अंतराल के बाद, यह प्रतिबंधों में पहली बड़ी ढील है। भारत, जो इस कमोडिटी का एक प्रमुख उत्पादक है। विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से 16 जनवरी को जारी अधिसूचना के अनुसार, गेहूं के आटे और संबंधित उत्पादों का निर्यात सामान्य रूप से प्रतिबंधित श्रेणी में ही रहेगा। हालांकि मौजूदा नीतिगत शर्तों से ऊपर उठते हुए, सरकार ने विशिष्ट रूप से 5 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) तक के निर्यात की अनुमति दी है। इस कोटे का लाभ उठाने के लिए निर्यातकों को महानिदेशालय से अनुमति लेनी होगी और इसके लिए एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करना होगा। यह कदम रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की बुवाई के बाद आया है, जो अक्टूबर के अंत से नवंबर तक चलती है। डीजीएफटी ने निर्यातकों के लिए आवेदन की समय सीमा और प्रक्रिया स्पष्ट कर दी है।

**निर्माता निर्यातक-** फ्लोर मिल्स या प्रोसेसिंग यूनिट्स जिनके पास गेहूं का आटा और संबंधित उत्पाद बनाने के लिए वैध आईईसी और एफएसएसएआई लाइसेंस है, वे आवेदन कर सकते हैं।

**मर्चेंट निर्यातक-** निर्यात प्रसंस्करण इकाइयों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों के अलावा, मर्चेंट निर्यातक भी आवेदन कर सकते हैं। शर्त यह है कि उनके पास वैध आईईसी और एफएसएसएआई लाइसेंस होना चाहिए, साथ ही सहायक निर्माता के रूप में कार्य करने वाली फ्लोर मिलों के साथ वैध समझौता या आपूर्ति समझौता होना अनिवार्य है। सरकार का यह कदम गेहूं प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने और अतिरिक्त स्टॉक को वैश्विक बाजार में खपाने की दिशा में एक संतुलित प्रयास है।

## बिजनेस न्यूज

### सेंट जॉर्ज स्कूल में वार्षिक समारोह समन्वय 2026 का आयोजन

**भोपाल।** सेंट जॉर्ज को-एड. हायर सेकेंडरी स्कूल, करोंद, भोपाल में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह समन्वय 2026 का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की थीम एकता में विविधता रही। जिसके माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता और मानवीय मूल्यों को दर्शाया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनके अहिरवार, जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल एवं विशेष अतिथि रेव्ह.फादर एमजे मैथ्यू की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, संगीत एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पंच तत्व नामक नाटक रहा, जिसमें प्रकृति के पांच तत्वों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं मानव जीवन की रक्षा का सशक्त संदेश दिया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित भी किया गया। इसके पश्चात विद्यालय संचालक बाबू थॉमस ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य लालजी एन. ने विद्यालय का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



### आईईएस के छात्रों द्वारा 'शॉकर शूज' ऑटोमेटेड होम पेटेंट प्रकाशित किया

**भोपाल।** आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा 'शॉकर शूज़ 'ऑटोमेटेड होम' पेटेंट प्रकाशित पेटेंट प्रकाशित किया है। आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्र नियमित रूप से अटल टिंकरिंग लैब में नवाचारी सोच विकसित करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और भारत सरकार के विभाग एवं सेवा विभाग के सहयोग से एमपीसीएसटी द्वारा आयोजित 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस जैसे कार्यक्रमों में भाग लिया । जिसमें 50 से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। जहां आईईएस पब्लिक स्कूल की टीम ने लड़कियों की सुरक्षा के लिए 'शॉकर शूज़' का प्रदर्शन किया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बातचीत का अवसर मिला। महिलाओं को छेड़छाड़ जैसे घटनाओं ने बचाने के लिए आईईएस पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स सूर्यांश पालिवाल, अभिनव यादव और कृष्णा नरगवे ने ऐसे शॉकर शूज बनाए हैं, जो छेड़खानी करने वालों को करंट का झटका मारेगा। इस शूज में रबर का मोजा है। इसे पहनने वाले लोगों को करंट नहीं लगता है। इसे बनाने के लिए शूज की सोल के ऊपर बैट्री और जनरेटर लगाया, जिसे चार्ज करना पड़ता है। आईईएस पब्लिक स्कूल ने 'आत्मरक्षा के लिए सुरक्षा जूते' के लिए एक पेटेंट प्रकाशित किया है और पेटेंट प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। आईईएस पब्लिक स्कूल की चेयरपर्सन प्रोफ (डॉ) सुनीता सिंह ने छात्रों और शिक्षकों को नवाचार जारी रखने के लिए प्रेरित किया है एवं भविष्य के लिए शुभकामनाए दी।




### एयरटेल ने किया मप्र-छग के 2400 नए साइट्स पर 5जी नेटवर्क का विस्तार

**भोपाल।** भारती एयरटेल के अनुसार कंपनी ने पिछले 12 महीनों में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 2400 से अधिक नए 5जी साइट्स लगाए गए हैं। इससे ग्राहकों को तेज गति, व्यापक कवरेज और नेटवर्क अनुभव में उल्लेखनीय सुधार मिला है। 87 जिलों में कंपनी के इस नेटवर्क विस्तार से अब व्यस्त शहरों, तेजी से विकसित हो रहे कस्बों और यहां तक कि दूरदराज़ के ग्रामीण गांवों में भी 3.6 करोड़ ग्राहकों को भरोसेमंद हाई-स्पीड कवरेज मिल रहा है। प्रतिदिन छह नए साइट्स लाइव होने के साथ, ग्राहक बेहतर स्ट्रीमिंग, तेज डाउनलोड, निर्बाध ऑनलाइन काम और पढ़ाई, तथा अधिक विश्वसनीय डिजिटल भुगतान का लाभ उठा सकते है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, सागर, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, देवास, कोरबा और राजनांदगांव सहित कई प्रमुख जिलों के ग्राहक इस विस्तारित नेटवर्क से सीधे लाभान्वित होंगे। यह विस्तृत कवरेज हाई-स्पीड 5जी सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगा। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के भारती एयरटेल के सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहाकि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ एयरटेल के लिए अत्यंत रणनीतिक बाजार हैं और यह विस्तार भारत के हर कोने को जोड़ने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रदेश और छत्तीसगढ़ आगे भी एयरटेल के प्रमुख फोकस क्षेत्र बने रहेंगे।




### मप्र के उद्यमी रैंप पहल के तहत आधुनिक तकनीक से जुड़े

**भोपाल।** भारत सरकार की राईजिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई परफार्मेंस (रैंप) योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के पात्र एमएसएमई एवं डीपीआईआईटी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स के लिए वुड एशिया वुड वर्किंग मशीनरी एक्सपो 2026, लुधियाना (पंजाब) के लिए आयोजित एक्सपोजर विजिट के लिए पहुंचे। यह एक्सपोजर विजिट लुधियाना एग्जीबिशन सेंटर , साहनेवाल, लुधियाना में आयोजित हुई। इस विजिट का उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक वुडवर्किंग मशीनरी, फर्नीचर मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, प्लाइवुड,एमडीएफ एवं पैनल प्रोसेसिंग सॉल्यूशंस, ऑटोमेशन, गुणवत्ता सुधार एवं बाजार विस्तार से संबंधित नवीनतम तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र भोपाल से महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार, ईवॉय टीम से मिहिर आनंद तथा रैंप कंसल्टेंट रविश पाठेकर उपस्थित थे। यह विजिट पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से करायी जा रही है। यह पहल प्रदेश के एमएसएमई एवं स्टार्टअप्स को नई तकनीकों को अपनाने, उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा राष्ट्रीय स्तर पर नए व्यावसायिक अवसरों से जुड़ने में सहायक सिद्ध होगी।


### पीएनबी ने भारतीय सेना के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने भारतीय सेना के साथ अपने एमओयू का नवीनीकरण किया है। इस एमओयू के तहत पीएनबी अपनी प्रमुख योजना पीएनबी रक्षक प्लस के जरिए भारतीय सेना के सभी सेवारत कर्मियों व पेंशनभोगियों को बेहतर बीमा कवर व अन्य लाभों के साथ विभिन्न सेवाएं प्रदान करेगा।सेना मुख्यालय के एडिशनल जनरल पर्सनल सर्विसेज निदेशालय, एडजुटेंट जनरल शाखा के कार्यालय में पीएनबी के कार्यपालक निदेशक बिभु प्रसाद महापात्र और भारतीय सेना की ओर से महानिदेशक मैनपावर प्लानिंग एंड पर्सनल सर्विसेज लेफ्टिनेंट जनरल राजीव पुरी, एवीएसएम, वीएसएम की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। एमओयू पर पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर दलाल और एडिशनल डायरेक्टर जनरल पर्सनल सर्विसेज मेजर जनरल वी.के. पुरोहित, एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम ने हस्ताक्षर किए। पीएनबी के मुख्य रक्षा बैंकिंग सलाहकार मेजर जनरल दिनेश सिंह बिष्ट, एसएम, वीएसएम के साथ बैंक और भारतीय सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी हस्ताक्षर समारोह के दौरान उपस्थित थे।



### शहर में लाइमलाइट डायमंड्स स्टोर का उद्घाटन

**भोपाल।** लाइमलाईट डायमंड्स ने राजधानी में अपने पहले स्टोर की शुरुआत की है । यह भोपाल का पहला लैब ग्रोन डायमंड ज्वेलरी स्टोर है, जो डायमंड्स को देखने का एक नया, आधुनिक और भविष्य की ओर बढ़ता नजरिया पेश करता है। स्टोर का उद्घाटन भोपाल दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने किया। इस अवसर पर लाइमलाईट लैब ग्रोन डायमंड्स के डायरेक्टर, करमज्योत सिंह चावला और रीजनल पार्टनर, ललित सोनी भी उपस्थित रहे। लाइमलाईट लैब ग्रोन डायमंड्स की फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, पूजा माधवन ने कहाकि लाईमलाईट ऐसा रीटेल-ओरिएंटेड लैब ग्रोन डायमंड ज्वेलरी ब्रांड बनने की दिशा में अग्रसर है। लाइमलाईट लैब ग्रोन डायमंड्स के डायरेक्टर, करमज्योत सिंह चावला ने कहा कि भोपाल हमारे लिए मेट्रो शहरों से आगे बढने और नए शहरों में पहुंच बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।



### एलएंडटी का शुद्ध लाभ 760 करोड़ पहुंचा

**भोपाल।** एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड, पूर्व में एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड (एलटीएफ) के नाम से जाना जाता है, जो भारत में प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक है, ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही (वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही) में अपना अब तक का सबसे अधिक कोर कर पश्चात लाभ (पीएटी) 760 करोड़ रुपए (नए लेबर कोड प्रावधान के एक बार के प्रभाव से पहले) दर्ज किया है।

### डव सॉफ्ट ने की सीपीएएएस 2.0 लांच की घोषणा

**भोपाल।** डव सॉफ्ट लिमिटेड ने सीपीएएएस 2.0 के लांच की घोषणा की है। यह एआई-संचालित कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म उद्यमों को यूनिफाइड कम्युनिकेशन इकोसिस्टम के माध्यम से ग्राहक जुड़ाव को सरल, स्वचालित और स्केल करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।

सीपीएएएस 2.0 व्हाट्सएप, एसएमएस, आरसीएस, इंस्टाग्राम, वॉयस, ईमेल और एआई-संचालित बॉट्स को एक ही प्लेटफॉर्म पर यूनिफाइड वॉलेट द्वारा संचालित है। यह इंटीग्रेटेड अप्रोच बिलिंग को सरल बनाता है, पारदर्शिता बढ़ाता है और व्यवसायों को एक केंद्रीकृत डैशबोर्ड के माध्यम से स्केल पर कम्युनिकेशन मैनेज करने में सक्षम बनाता है। सीपीएएएस 2.0 दैनिक बिजनेस कम्युनिकेशन को समर्थन देने के लिए एआई-सक्षम उपयोगिता टूल्स का एक सूट भी पेश करता है।

## नवीन प्रबंधन समिति का शीघ्र गठन

# आईसीएसआई के भोपाल चैप्टर नए अध्यक्ष व सचिव निर्वाचित


सीए अंकुर चौकसे


सीए मनीष पाटीदार

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई ) के भोपाल चैप्टर की नवीन प्रबंधन समिति का गठन किया गया है, जिसमें सीएस अंकुर चौकसे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष तथा सीएस मनीष पाटीदार को सचिव निर्वाचित किया गया है। नव-निर्वाचित अध्यक्ष सीएस अंकुर चौकसे इससे पूर्व लगातार दो वर्षों तक आईसीएसआई भोपाल चैप्टर के सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान चैप्टर की गतिविधियों में निरंतर वृद्धि हुई तथा सदस्यों और छात्रों के लिए आयोजित व्यावसायिक एवं कौशल विकास कार्यक्रमों को नई दिशा मिली। इस अवसर पर सीएस अंकुर चौकसे ने कहा कि मेरी प्राथमिकता तीन प्रमुख स्तंभों, क्षमता, आत्मविश्वास और विश्वास पर केंद्रित रहेगी। हमारा प्रयास रहेगा कि कंपनी सचिव पेशे को केवल अनुपालन तक सीमित न रखते हुए व्यावहारिक कौशल, नेतृत्व क्षमता और उद्योग से प्रभावी जुड़ाव के माध्यम से सशक्त किया जाए। हम उच्चतम नैतिक मूल्यों के साथ आईसीएसआई भोपाल चैप्टर को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। आईसीएसआई भोपाल चैप्टर की नवगठित टीम आने वाले समय में व्यावसायिक विकास, उद्योग–संस्था समन्वय, और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेगी।

# मर्सिडीज-बेंज ने राजधानी में खोला सेल्स का आउटलेट्स, शोरूम में सभी ब्रांड्स


शोरूम का उद्घाटन

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने राजधानी भोपाल में हबीबगंज में एक प्रीमियम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में मौजूद शोरूम का उद्घाटन किया। यह फैसिलिटी रिकॉर्ड 4.5 महीने में पूरी हुई, जो मर्सिडीज-बेंज के रिटेल ऑपरेशन की तेजी और स्केलेबिलिटी को दिखाता है। मर्सिडीज-बेंज के लंबे समय से चले आ रहे फ्रैंचाइज पार्टनर, लैंडमार्क कार्स द्वारा चलाया जाने वाला नया सेल्स शोरूम, मर्सिडीज-बेंज की अपने कस्टमर के प्रति लगातार कमिटमेंट को दिखाता है, जिसमें 'गो टू कस्टमर' स्ट्रैटेजी है। मर्सिडीज-बेंज का मकसद भोपाल जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहरी केंद्रों में समझदार कस्टमर्स के लिए वर्ल्ड-क्लास लग्जरी अनुभव लाना है, जहाँ ग्रोथ की अच्छी संभावनाएं दिखी हैं। यह शोरूम भोपाल के लक्जरी ऑटोमोटिव मार्केट में अच्छी कनेक्टिविटी और मौजूदा और संभावित कस्टमर की ज्यादा संख्या देता है।

भोपाल शोरूम को लगभग 10 प्रोफेशनल्स की एक ट्रेंड टीम सपोर्ट करती है और यह पूरे भारत में लैंडमार्क कार्स के नौ मर्सिडीज-बेंज सेल्स आउटलेट्स के बढ़ते नेटवर्क में शामिल होता है, जिसे मार्केट पोटेंशियल के आधार पर और बढ़ाने का प्लान है।

## चिंतन

# सुप्रीम कोर्ट का आदेश : ईसी की विश्वसनीयता ही बढ़ेगी

लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद चुनाव प्रक्रिया पर टिकी होती है। मतदाता सूची इस प्रक्रिया की आत्मा है, क्योंकि यही तय करती है कि कौन नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सामने आई गड़बड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का हालिया आदेश इसी लोकतांत्रिक मूल भावना की रक्षा की दिशा में एक अहम कदम है। अदालत ने न केवल चुनाव आयोग को पारदर्शिता का पाठ पढ़ाया है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों को भी केंद्र में रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में एसआईआर के दौरान संदिग्ध या गड़बड़ी वाले लगभग 1.25 करोड़ नामों को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न केवल प्रक्रिया को खुला और जवाबदेह बनाता है, बल्कि उन नागरिकों को भी जानकारी देता है, जिनके नाम किसी कारणवश मतदाता सूची से हटे या संदिग्ध पाए गए। लोकतंत्र में सूचना का अधिकार केवल एक कानूनी अवधारणा नहीं, बल्कि जनता के भरोसे का आधार है। जब आंकड़े और सूचनाएं सार्वजनिक होंगी, तो आशंकाओं और अफवाहों को स्वतः विराम लग जाएगा। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि लंबे समय से यह आशंका जताई जा रही थी कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आंकड़ों को सार्वजनिक करने का आदेश इस संदेह को दूर करने और प्रक्रिया को जवाबदेह बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। अदालत ने साफ कहा कि जांच पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। यह टिप्पणी केवल प्रशासनिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चुनाव आयोग के रवैये पर भी एक महत्वपूर्ण टिप्पणी है। अक्सर देखा गया है कि दस्तावेजों की कमी, तकनीकी त्रुटियों या प्रशासनिक सख्ती के कारण गरीब, प्रवासी मजदूर, बुजुर्ग और युवा मतदाता सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश सुनिश्चित करता है कि जांच का उद्देश्य सुधार हो, न कि नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करना। फैसले का एक और अहम पहलू यह है कि बंगाल के 1.25 करोड़ वोटर्स को अपना नाम दोबारा मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए एक और मौका दिया गया है। जिन लोगों के नाम कट गए थे, उनके लिए यह आदेश एक नई उम्मीद लेकर आया है और यह संदेश भी देता है कि कोई भी प्रशासनिक प्रक्रिया नागरिक के मौलिक अधिकार से ऊपर नहीं हो सकती। दसवीं कक्षा के एडमिट कार्ड को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मान्य दस्तावेज मानने का निर्देश लाखों लोगों को राहत देगा। देश में बड़ी आबादी ऐसी है जिसके पास जन्म प्रमाण पत्र या अन्य पारंपरिक पहचान दस्तावेज नहीं हैं, लेकिन शैक्षणिक रिकॉर्ड उपलब्ध हैं। इस फैसले से खासतौर पर युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लाभ मिलेगा। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को आंकड़े सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हों। इससे पहले भी अदालत पारदर्शिता पर जोर देती रही है। बिहार चुनाव के दौरान एसआईआर के बाद मतदाता सूची को सार्वजनिक किया गया था, जिससे न केवल विवाद कम हुए बल्कि जनता का भरोसा भी बढ़ा। वही, अनुभव बंगाल में भी दोहराया जा सकता है। कुल मिलाकर, यह फैसला चुनाव आयोग के कामकाज में पारदर्शिता लाने और उसकी विश्वसनीयता बढ़ाने वाला है।



आर्थिक चुनौतियां
रोहित माहेश्वरी

# जाली करंसी से अर्थव्यवस्था को चोट

नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं।

देश में जाली नोटों का कारोबार कई राज्यों में फैला हुआ है, इसमें से कुछ जाली करंसी विदेशों से आई है तो कुछ भारत में ही तैयार की गई है। अभी तक पांच सौ, हजार और सौ-सौ के नकली नोट ही सिरदर्द बने थे। परंतु अब पचास, बीस और दस रुपये के नकली नोटों का धड़ल्ले से चलन में हैं। छोटे-बड़े नकली नोटों की खपत ग्रामीण बाजारों में आसानी से हो जाती है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बीती 18 जनवरी को थाना बिसवां पुलिस ने गुलजारशाह मेले के करीब एक लाख के नकली नोटों के साथ एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। बीती 1 जनवरी को हरियाणा के फरीदाबाद में पुलिस ने नकली नोट बनाकर मार्केट में चलाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया था। बीती 17 जनवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले की पुसद पुलिस ने एक बड़े जाली नोट नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। गत 5 जनवरी को उत्तर प्रदेश के बांदा में पुलिस ने नकली भारतीय मुद्रा तैयार कर उसे बाजार में खपाने वाले एक संगठित अन्तर्जनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। बीती 13 जनवरी को गुजरात के सूरत में नकली नोटों के रैकेट को लेकर पुलिस ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में छोटे दुकानदारों को निशाना बनाकर नकली नोट चलाने वाले एक हीरा कारीगर को गिरफ्तार किया है। बीते साल नवंबर में भोपाल पुलिस ने 21 साल के एक युवक को वीडियो देखकर अपने घर को नकली नोटों की फैक्ट्री बनाने के आरोप में पकड़ा था। आरोपी प्रिंटर, स्पेशल पेपर और प्रेस के अनुभव का इस्तेमाल कर असली जैसे 500-500 रुपये के नोट तैयार करता था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हमारा देश डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी बना हुआ है और यहां दुनिया भर में होने वाले लगभग आधे रियल टाइम लेन-देन डिजिटल भुगतान के जरिये ही होते हैं। हालांकि, नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि अभी भी अर्थव्यवस्था में नकली करंसी की मौजूदगी बनी हुई है। देश में नकली नोटों का नेक्सस लगातार फैल रहा है, जो देश की बैंकिंग सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। नकली नोटों का यह नेटवर्क सीधे तौर पर भारत के बैंकों को निशाना बना रहा है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने कई बैंकों की शिकायत पर एक केस दर्ज किया है, जो काफी चौंकाने वाला है। इस मामले में 18 सरकारी और प्राइवेट बैंक शामिल हैं। बैंकों का कहना है कि उनके यहां करीब 11 हजार नकली करंसी नोट जमा किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 34 लाख रुपये है। यह अपने आप में एक गंभीर और हैरान करने वाली बात है कि देश के बैंकों में इतने नकली नोट कैसे जमा हो पा रहे हैं। सरकारी आंकड़े बता रहे हैं कि बीते सालों के दौरान नकली नोट पकड़े जाने के मामलों में तेजी आई है। इससे पता चलता है कि नकली नोटों का चलन तेज हुआ है। पिछले कुछ सालों में नकली नोटों की समस्या ने देश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता खड़ी कर दी है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 500 रुपये के नकली नोटों में वित्त वर्ष 2019 से 2023 के बीच 317 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जहां 2019 में यह संख्या 21,865 मिलियन पीस (एमपीसी) थी, वहीं 2023 में यह बढ़कर 91,110 एमपीसी तक पहुंच गई। हालांकि वित्त वर्ष 2024 में यह संख्या घटकर 85,711 एमपीसी पर आ गई। केंद्रीय



बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। वर्ष 2016 में नोटबंदी के फैसले का उद्देश्य नकली नोटों और भ्रष्टाचार को रोकना था। लेकिन मौजूदा आंकड़े इस कदम की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हैं। नकली नोटों का बढ़ता जाल संकेत देता है कि असामाजिक तत्व नए-नए तरीके अपनाकर इस चुनौती को और जटिल बना रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। वास्तव में, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नकद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए। नोटबंदी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था कैशलेस सोसायटी की ओर अग्रसर है। डिजिटल ट्रांजेक्शन्स 300 प्रतिशत तक बढ़े हैं। कैशलेस लेन-देन लोगों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ हर लेन-देन से काले धन को हटाते हुए क्लीन इकोनॉमी बनाने में भी मददगार साबित हुआ है। निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। असल में, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। यह भी चिंता की बात है कि नोटबंदी के नौ साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। बेशक, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिए जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिए नकली करंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

नकली नोटों के चलन को रोकने में सबसे बड़ी बाधा जागरूकता का अभाव है। शहरों में तो थोड़ी बहुत जागरूकता दिखती है, पर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के कम पढ़े-लिखे होने का फायदा उठाकर नकली नोटों के सौदागर अपना लक्ष्य आसानी से पूरा कर लेते हैं। जाली नोट के साथ सबसे बड़ी दिक्कत ये होती है कि इसे पहचानना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि जालसाज टेक्नोलॉजी की मदद से हूबहू असली नोटों से मिलते जुलते नकली नोट बना रहे हैं। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि नकली नोटों का बढ़ना न केवल अर्थव्यवस्था के लिए खतरा है, बल्कि यह आम जनता के विश्वास को भी कमजोर करता है। नकली नोटों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए तकनीकी सशक्तिकरण, कड़ी निगरानी, और जागरूकता अभियान जरूरी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मुद्दा
सोनम लववंशी



# उबलती चाय, जलते हाथ और ठहाके लगाता समाज!

देश ने चाय से आजादी पाई थी, अब चाय से दोस्ती साबित कर रहा है। सोशल मीडिया का ताजा आविष्कार उबलती चाय हाथों पर डालो और बताओ कि यार कितने पक्के हैं। शायद अगला चरण आग में कूदकर रिश्तेदारी नापने का होगा। कभी दोस्ती का मतलब होता था साथ बैठकर चाय पीना। आज मतलब है चाय सहना। फर्क बस इतना है कि पहले जलन दिल में होती थी, अब हथेलियों पर दिखाई देती है। और कैमरा ऑन हो तो दर्द भी देशभक्ति जैसा पवित्र हो जाता है। यह ट्रेंड बताता है कि हमारे समय में विवेक कोई आंतरिक गुण नहीं, बल्कि वैकल्पिक सुविधा है जिसे रील बनाते वक्त बंद किया जा सकता है। दोस्ती अब भावनात्मक रिश्ता नहीं, कंटेंट है। जितना ज्यादा जोखिम, उतना ज्यादा रिच। अगर अस्पताल में भर्ती हो जाओ, तो बोनस व्यूज। असली समस्या यह नहीं कि कुछ लोग अपने हाथ जला रहे हैं। असली समस्या यह है कि बाकी लोग कह रहे हैं कि 'भाई, गजब ट्रेंड है।' यही वह क्षण है जहां समाज ताली बजाते हुए अपनी समझ को चुपचाप दफन कर देता है। हम पहले ही ऐसे समाज में रहते हैं जहां हिंसा रोमांच है और जोखिम बहादुरी। सड़क पर स्टंट, रिश्तों में सहनशीलता और सोशल मीडिया पर मूर्खता सबको अलग-अलग नाम देकर वैध बना दिया गया है। अब जलना भी एक्सप्रेशन है। महिलाओं के लिए यह ट्रेंड कोई नई कहानी नहीं सुनाता, बस पुरानी सोच को नए फिल्टर में परोसता है। सहना आज भी 'अच्छी लड़की' की पहचान है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब यह परीक्षा ससुराल में नहीं, इंस्टाग्राम पर ली जा रही है। इंकार आज भी खराब लगता है, जलना अब भी स्वाभाविक। अगर दोस्ती सच में परीक्षा मांगती, तो कृष्ण-सुदामा की मित्रता आज के ट्रेंड में फेल हो जाती। न कोई स्टंट, न कोई वीडियो, न कोई सबूत। सिर्फ भरोसा। शायद इसी वजह से वह मित्रता इतिहास में बची रह गई और आज तो दोस्तियां 24 घंटे में ही गुम हो जाती हैं। सबसे डरावनी बात यह नहीं कि लोग उबलती चाय डाल रहे हैं। डरावना यह है कि समाज क्यों पूछ नहीं रहा। जब सवाल पूछना बोरिंग और तालियां बजाना आसान हो जाए, तब समझ लीजिए कि जलन केवल हाथों में नहीं, सोच में फैल चुकी है। दोस्ती का मतलब सुरक्षा होता है। लेकिन जब रिश्ते लोकप्रियता के लिए खतरे में डाले जाएं, तो उसे दोस्ती नहीं भीड़ के सामने किया गया असफल अभिनय कहते हैं। आज अगर हमने इसे 'मजाक' कहकर छोड़ दिया, तो कल कोई और उबलता प्रयोग तैयार खड़ा होगा। और तब भी हम कहेंगे 'ट्रेंड तो चल रहा था।' कुछ रिपोर्ट्स बताती हैं कि वायरल चैलेंज की वजह से 2020 के बाद खतरनाक चोटें दोगुनी हो गई हैं, और 'ब्लैकआउट चैलेंज' जैसी गतिविधियों में 20 से अधिक बच्चों की मौतें हुई हैं। हालिया घटना में, एक किशोरी के चेहरे और हाथों पर जलने के निशान रह गए, सिर्फ इसलिए कि उसने 'फायर चैलेंज' में भाग लिया। यही डेटा बताता है कि यह सिर्फ स्टंट नहीं है, यह सोशल मीडिया की मानसिकता है। दर्द और जोखिम को रोमांच और लोकप्रियता का लेबल दे दिया गया है। महिला दृष्टि से यह मामला और गहरा है। इतिहास में सहनशीलता और धैर्य को स्त्रियों की शक्ति माना गया। आज वही सहनशीलता शारीरिक परीक्षा और डिजिटल चैलेंज के रूप में सामने आ रही है। 'ना' कहना अब भी कठिन है, 'सहना' अब भी आदर्श। जब समाज ने इसे स्वीकार्य मान लिया, तो यह सिर्फ व्यक्तिगत मूर्खता नहीं, सामूहिक समस्या बन जाती है। सोशल मीडिया पर दिखावे की दोस्ती ने यह सिद्ध कर दिया है कि मित्रता अब भावनात्मक विश्वास की नहीं, बल्कि दिखावे और प्रदर्शन की वस्तु है। अगर मित्रता सच में परीक्षा मांगती, तो कृष्ण और सुदामा की मित्रता आज भी आदर्श के रूप में याद रखी जाती। वहां न कोई स्टंट था, न कोई कैमरा, था तो केवल भरोसा और सम्मान। आज का ट्रेंड उसी मूल भावना का मजाक है। दोस्ती का मतलब अब सुरक्षा और सम्मान नहीं, कंटेंट बनाना हो गया है। हाथ जलता है तो जले, कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि व्यूज मिल गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि साल 2025 में इंटरनेट पर वायरल खतरनाक चैलेंज में 50 प्रतिशत से अधिक प्रभावितों में किशोरियां और युवा महिलाएं हैं। उसकी वजह केवल ट्रेंड की खोज नहीं, बल्कि यह भी है कि समाज में सहनशीलता को 'गुण' मानने की मानसिकता अब डिजिटल मंच पर भी हावी है। दोस्ती, जो कभी विश्वास और समय की कसौटी पर परखी जाती थी, अब फ्रेम, रील और व्यूज की कसौटी पर आ गई है। और समाज, जो कभी सवाल पूछता था, अब केवल देख रहा है। यह स्थिति न केवल हाथों को जला रही है, हमारे सामाजिक विवेक को भी धीरे-धीरे भस्म कर रही दोस्ती का अर्थ सुरक्षा, सम्मान और साथी की रक्षा है, न कि लोकप्रियता के लिए जोखिम में डालना। अगर आज हम चुप रह गए, तो कल कोई और ट्रेंड हाथों और विवेक दोनों को जला देगा। और तब भी हम कहेंगे 'सोशल मीडिया है, चलता है।'

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

## क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित
प्रेरणा

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### तन, मन व आत्मा को शुद्ध करता है मौन

18 जनवरी को मौनी अमावस्या मनाई गई। हमारी देवभाषा संस्कृत में मौनी का एक अर्थ मौन भी होता है। सनातन धर्म में बहुत से त्योहार, पर्व, वर्त और अन्य बहुत से ऐसे धार्मिक आयोजन होते हैं, जिनका धार्मिक महत्व तो बहुत होता है, इसी के साथ-साथ यह विज्ञान की दृष्टि में भी बहुत महत्वपूर्ण है। इनसे हमारा तन, मन और पर्यावरण भी शुद्ध होता है। मौनी अमावस्या पर साधु-संतों और अन्य लोगों ने विभिन्न तरीकों से पूजा अर्चना की। इनमें से बहुतों ने इस दिन मौन व्रत भी रखा। विद्वान कहते हैं कि मौन व्रत से हमारा तन, मन और आत्मा शुद्ध होती है और हवन करने से पर्यावरण भी साफ होता है। मौन से हमारी वो ऊर्जा बेवजह बर्बाद होने से बचती है जो हम बेकार और फालतू बातों के लिए बर्बाद करते हैं। *– पंकज पटेल, भाटापारा*

## ट्रेंड

### यूएई से मज़बूत दोस्ती



अपने भाई, यूएई के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट गया। उनकी यह यात्रा दिखाती है कि वह भारत-यूएई की मज़बूत दोस्ती को कितनी अहमियत देते हैं। हमारी बातचीत का इंतज़ार है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पार्वती गिरी को नमन



महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी पार्वती गिरी जी की 100वीं जयंती पर कोटि-कोटि नमन। अल्पायु में ही भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़कर मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अहम भूमिका निभाई थी। पार्वती जी का त्याग-राष्ट्रप्रेम प्रेरणास्रोत है।

-अमित शाह, गृहमंत्री

### संघर्ष करते तो बनते महान



देशभर में ऐसे लोगों को देखते हैं जो किसी बात पर विश्वास तो करते हैं, लेकिन कहने का साहस नहीं रखते लेकिन महान राष्ट्र चुप्पी से नहीं बनते। जब वे विचार खुलकर रखते हैं उसके लिए संघर्ष करते हैं तब व महान बनते हैं। - राहुल गांधी. कांग्रेस सांसद

### हार्दिक शुभकामनाएं



कोकबोरोक दिवस के अवसर पर त्रिपुरा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह विशेष अवसर कोकबोरोक का जश्न मनाता है - यह एक प्राचीन, सांस्कृतिक रूप से जीवंत स्वदेशी भाषा है जो सदियों से बोली जाती रही है, और यह भारत की विविधता और साझा मूल्यों की समृद्धि को उजागर करती है।-

- मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

## करंट अफेयर

### एआई बॉट चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं




दुनिया के पहले सोशल मीडिया आधारित 'वॉरगेम' से यह खुलासा हुआ है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित बॉट न केवल बड़े पैमाने पर गलत सूचना फैला सकते हैं, बल्कि संगठित तरीके से चुनावी नतीजों को भी प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। यह बात ऐसे समय में सामने आयी है, जब वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों और डीपफेक सामग्री को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। एआई बॉट एआई पर आधारित सॉफ्टवेयर प्रोग्राम होता है, जो इंसानों की तरह बातचीत करने, सवालों के जवाब देने और काम करने में सक्षम होता है। रिपोर्ट में 14 दिसंबर 2025 को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले का उल्लेख किया गया है, जिसमें 15 नागरिकों और एक हमलावर की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद, जब देश सदमे में था, सोशल मीडिया पर एआई की मदद से तैयार की गई भ्रामक सामग्री तेजी से फैलने लगी। न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस मिंस का छेड़छाड़ करके तैयार किया गया एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया कि हमलावरों में से एक भारतीय नागरिक था। इसके अलावा, सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक कथित 'नायक' का महिमामंडन किया गया।

## ऑफ बीट

### महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में



प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## कर्तव्य पथ पर दिखेगा जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप

# गणतंत्र दिवस परेड में 10 हजार विशिष्ट अतिथि आमंत्रित

आमंत्रित अतिथियों में वे नागरिक भी शामिल हैं जिन्होंने रोजगार सृजन, नवाचार, अनुसंधान, खेल, कृषि, विज्ञान, सामाजिक सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय आयोजनों में जन-भागीदारी को मजबूत करना है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले भव्य गणतंत्र दिवस परेड समारोह को देखने के लिए लगभग 10,000 विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें गगनयान, चंद्रयान जैसे इसरो अभियानों से जुड़े उत्कृष्ट वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आमंत्रित किए गए ये अतिथि देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें डीप ओशन मिशन, समस्थानिक अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, अटल टिंकरिंग लैब्स के उत्कृष्ट विद्यार्थी, किसान तथा 'मन की बात' कार्यक्रम के प्रतिभागी शामिल हैं। आमंत्रित अतिथियों में वे नागरिक भी शामिल हैं जिन्होंने रोजगार सृजन, नवाचार, अनुसंधान, खेल, कृषि, विज्ञान, सामाजिक सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय आयोजनों में जन-भागीदारी को मजबूत करना और योगदानकर्ताओं को सम्मानित करना है।




77वें गणतंत्र दिवस से पहले रिहर्सल करती 'डेयरडेविल्स' टीम

### किसान, पैरा एथलीट भी शामिल

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, आमंत्रित अतिथियों में विश्व एथलेटिक्स पैरा चैंपियनशिप के विजेता, प्राकृतिक खेती करने वाले किसान, दलहन, तिलहन और मक्का उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसान शामिल हैं। इसके साथ ही पीएम स्माइल योजना के अंतर्गत पुनर्वासित ट्रांसजेंडर और भिक्षावृत्ति से मुक्त नागरिक भी आमंत्रित किए गए हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लाभार्थी, ग्रामीण भारत में पशुपालन सेवाएं देने वाले प्रशिक्षित मैत्री कार्यकर्ता तथा राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से जुड़ी कंपनियों के प्रमुख भी विशिष्ट अतिथि होंगे।

### महिला समूह, कारीगर को मिला सम्मान

महिला उत्पादक समूह, स्वयं सहायता समूह और लखपति दीदी, खादी विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और महिला कॉयर योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित कारीगरों को भी आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम, बायो-ई3 नीति और एसआरआई फंड से जुड़े स्टार्ट-अप्स एवं एमएसएमई, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर्स और बीआरओ सहित अन्य निर्माण श्रमिक भी समारोह का हिस्सा होंगे।

### योजनाओं के लाभार्थी शामिल

जल जीवन मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) और पीएम फसल बीमा योजना के लाभार्थी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आपदा प्रबंधन स्वयंसेवक, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के उत्कृष्ट कलाकार, खिलाड़ी, उद्यमी और जनजातीय प्रतिनिधि भी विशिष्ट अतिथियों में शामिल हैं।

### युवा और सरपंच आमंत्रित

वीर गाथा परियोजना के विजेता, केंद्र सरकार की योजनाओं में संतृप्ति प्राप्त पंचायतों के सरपंच, बौद्ध वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अंतरराष्ट्रीय और भारतीय भिक्षु प्रतिनिधिमंडल को भी आमंत्रित किया गया है। यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2026 के विदेशी प्रतिनिधि भी होंगे।

**दिल्ली भ्रमण करवाएंगे**

सभी विशिष्ट अतिथियों के लिए कर्तव्य पथ पर प्रमुख स्थानों पर बैठने की व्यवस्था की गई है। उनके लिए राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, प्रधानमंत्री संग्रहालय और दिल्ली के अन्य प्रमुख स्थलों के भ्रमण की भी व्यवस्था की गई है। अतिथियों को संबंधित विभागों के केंद्रीय मंत्रियों से संवाद का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कविता ने चुनावी रणनीति पर पीके से की चर्चा



**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी कलवकुंतला कविता जल्द ही अपनी नई राजनीतिक पार्टी शुरू करेंगी। इसके लिए कविता ने मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर से बातचीत की है। प्रशांत किशोर हाल ही में पांच दिनों के लिए हैदराबाद आए थे। इस दौरान कविता ने उनसे मुलाकात की।

### हिप्र में पेट्रोल-डीजल पर अनाथ व विधवा सेस



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं को मजबूत करने के लिए पेट्रोल और डीजल पर 'अनाथ और विधवा सेस' लगाने का फैसला किया है। यह सेस तेल की पहली बिक्री के समय लगाया जाएगा। इससे आम उपभोक्ताओं पर बोझ नहीं पड़ेगा।

### इलैयाराजा को मिलेगा पद्मपाणि अवॉर्ड



**मुंबई।** आगामी अजंता-एलोरा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एआईएफएफ) 2026 में दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा को पद्मपानी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा आयोजकों ने की। वार्षिक फिल्म महोत्सव 28 जनवरी से 4 फरवरी तक छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के उद्घाटन समारोह में अवार्ड दिए जाएंगे।

### 34 करोड़ की धोखाधड़ी में ओबेरॉय पर जांच शुरू



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग के सामने करीब 34.75 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। क्यूपिड डायमंड प्रा. लि. के निदेशक ने हीरा धोखाधड़ी मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तीन लोगों के खिलाफ जांच शुरू की गई है। इनमें सतीश दर्यानानी, रिकी वसंदानी और अभिनेता विवेक ओबेरॉय के नाम शामिल हैं।

### बंगाल में 100 करोड़ से बनेगा राम मंदिर



**कोलकाता।** बंगाल के नदिया जिले के शांतिपुर में भी एक विशाल राम मंदिर के निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। 'श्री कृतिवास राम मंदिर ट्रस्ट' द्वारा बनाए जाने वाले इस मंदिर की थीम 'बंगाली राम' रखी गई है। मंदिर की परिकल्पना 15वीं शताब्दी के महान कवि कृतिवास ओझा के सम्मान में की गई है, जिन्होंने संस्कृत रामायण का बंगाली अनुवाद किया था।

## पश्चिम बंगाल में एसआईआर पर चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# विसंगति सूची वाले करीब 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम करें 'सार्वजनिक'

दस्तावेज और आपत्तियां जमा करने के लिए विशेष कांउटर बनाएं

अदालत ने स्पष्ट किया कि यह विसंगतियां मुख्य रूप से 2002 की मतदाता सूची से वंश (प्रोजेनी) मिलान के दौरान सामने आई हैं। इसमें मतदाता और उसके माता-पिता के नाम में मेल न होना, मतदाता और उसके माता-पिता की उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना जैसे प्रावधान शामिल है

### सूची ग्राम पंचायत भवनों से लेकर वार्ड कार्यालयों तक लगाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में चल रहे मतदाता सूची के (एसआईआर) को लेकर चर्चा तेज होती ही जा रही है। इसी बीच इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग (ईसी) को अहम निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगति (लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी) की सूची में हैं, उनकी जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए। अदालत ने कहा कि यह सूची ग्राम पंचायत भवनों, तालुका स्तर के ब्लॉक कार्यालयों और वार्ड कार्यालयों में लगाई जाए, ताकि आम लोग इसे आसानी से देख सकें। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल में करीब 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम इस तार्किक विसंगति सूची में दर्ज हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह विसंगतियां मुख्य रूप से 2002 की मतदाता सूची से वंश मिलान के दौरान सामने आई हैं। इसमें मतदाता और उसके माता-पिता के नाम में मेल न होना, मतदाता और उसके माता-पिता की उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना जैसे प्रावधान शामिल है।

**योग्य मतदाता का नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से न हटे**



सुप्रीम कोर्ट

### प्रभावितों को पूरा अवसर दें

मामले में मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया से प्रभावित हो सकते हैं, उन्हें अपने दस्तावेज और आपत्तियां दर्ज कराने का पूरा अवसर दिया जाए। अदालत ने निर्देश दिया कि दस्तावेज और आपत्तियां जमा करने के लिए पंचायत भवनों और ब्लॉक कार्यालयों में विशेष काउंटर/ कार्यालय बनाए जाएं।

### पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो

बता दें, सुप्रीम कोर्ट यह मामला उन याचिकाओं पर सुन रहा था, जिनमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में मनमानी और प्रक्रियागत खामियां हैं। अदालत ने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाली होनी चाहिए, ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से न हटे।

**निर्देशों का सख्ती से पालन हो**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार चुनाव आयोग को पर्याप्त मानव संसाधन (स्टाफ) उपलब्ध कराए। हर जिले में चुनाव आयोग या राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) यह सुनिश्चित करें कि पूरी प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था की कोई समस्या न हो और काम शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हो।

### चुनाव में जीत हासिल होगी: बेनर्जी



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में आयोजित रैली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को लेकर कहा कि अदालत में मिली इस जीत के बाद पार्टी को अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी जीत हासिल होगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह मां माटी मानुष की जीत है। यह पश्चिम बंगाल की जनता की उन लोगों पर जीत है, जिन्होंने मतदाता सूची से एक करोड़ नागरिकों के नाम मिटाने की कोशिश की।

### मंत्री हुसैन को सुनवाई के लिए बुलाया



पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री और टीएमसी नेता ताजमुल हुसैन को राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर के तहत सुनवाई के लिए चुनाव आयोग ने तलब किया गया है। उन्हें सुनवाई का नोटिस इसलिए भेजा गया है, क्योंकि 2002 की मतदाता सूची में दर्ज उनके और उनके पिता के नाम में अंतर पाया गया है। हुसैन ने कहा कि यह वही निर्वाचन आयोग है, जिसने मुझे तीन बार विधानसभा चुनावों का विजेता घोषित किया और अब वह यह सत्यापित करने की कोशिश कर रहा है कि क्या मैं एक वैध मतदाता हूं।

## बेंगलुरु राज्य निर्वाचन आयोग का फैसला

# निकाय चुनाव बैलेट से होंगे, जिला और पंचायत चुनाव भी इसी तरह

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



जीएस संगरेशी

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) जीएस संगरेशी ने सोमवार को कहा कि वृहद बेंगलुरु प्राधिकरण (जीबीए) के अंतर्गत आने वाले पांच नगर निगमों के चुनाव 25 मई के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बजाए मतपत्रों के माध्यम से होंगे। संगरेशी ने यह भी कहा कि इस साल के अंत में प्रस्तावित जिला और तालुक पंचायत चुनाव भी मतपत्रों के माध्यम से ही कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद, 25 मई के बाद चुनाव होने की संभावना है।

सीईओ ने कहा कि इस बार जीबीए चुनाव मतपत्रों के माध्यम से कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव कराने के दो सर्वोत्तम तरीके हैं। शुरुआत से ही मतपत्रों का इस्तेमाल होता रहा है, लेकिन पिछले 20-30 वर्षों से ईवीएम का उपयोग किया जा रहा है।

### अमेरिका भी मतपत्रों का इस्तेमाल कर रहा

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने पिछले साल सितंबर में राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को यह सिफारिश करने का फैसला किया था कि राज्य में भविष्य में होने वाले सभी पंचायत और शहरी निकाय चुनाव ईवीएम के बजाय मतपत्रों के माध्यम से कराए जाएं। सरकार का दावा था कि ईवीएम के प्रति लोगों की विश्वसनीयता कम हो रही है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अमेरिका जैसे विकसित देश भी मतपत्रों का इस्तेमाल करते हैं और देश में भी विधानसभा व लोकसभा चुनावों को छोड़कर ग्राम पंचायत व सहकारी समितियों के अधिकांश चुनाव मतपत्रों से होते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, पिछली बार 2015 में बेंगलुरु नगर निगम के चुनाव ईवीएम से हुए थे।

### दबाव में नहीं लिया यह निर्णय

जीएस संगरेशी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने किसी के दबाव में यह निर्णय नहीं लिया है। राज्य निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक निकाय है, और चूंकि कानून में मतपत्रों या ईवीएम का उपयोग करके चुनाव कराने का प्रावधान है, इसलिए आयोग के पास निर्णय लेने का विवेक है। मतपत्रों का उपयोग करना एक विकल्प है। मतपत्रों के इस्तेमाल पर न तो कानून और न ही उच्चतम न्यायालय की रोक है। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, विचार-विमर्श और चिंतन के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि मतपत्रों का उपयोग उचित है। पिछले 20-30 वर्षों से (बेंगलुरु में) मतदान करने वाले अधिकांश लोगों ने मतपत्र नहीं देखे हैं क्योंकि लंबे समय से ईवीएम का उपयोग किया जा रहा है। मतपत्र एक सर्वोत्तम प्रक्रिया भी है, जिसकी विश्वभर में सराहना की जाती है। पिछले हफ्ते उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 30 जून तक बेंगलुरु के निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

## दिल्ली हाईकोर्ट से सेंगर को झटका

# पीड़िता के पिता की मौत मामले में जमानत याचिका खारिज

एजेंसी ▶▶ दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट से उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में हुई मौत के मामले में कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका खारिज हो गई है। यह फैसला हाईकोर्ट की ओर से सुनाया गया है। यह याचिका कुलदीप सेंगर की उस अपील के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने दुष्कर्म के मामले में अपनी सजा को चुनौती दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि सेंगर ने जांच को प्रभावित करने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि मुकदमे के दौरान उसकी उम्र के बारे में जाली और झूठे दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया, जिनका अब अपील में भी सहारा लिया जा रहा है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने इस मामले का अवलोकन किया। पीठ ने पाया कि अपील पहले से ही अंतिम सुनवाई के चरण में है। अदालत ने पीड़िता की याचिका पर विचार करने के लिए 25 फरवरी की तारीख तय की है।

## राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड बैठक संपन्न

# मप्र के बुंदेलखंड क्षेत्र की सिंचाई योजना पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति की 88वीं बैठक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में स्थायी समिति ने वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत, संरक्षित क्षेत्रों, वन्यजीव व बाघ अभयारण्यों और पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों में एवं उसके आसपास स्थित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं, रक्षा आवश्यकताओं और अवसंरचना विकास से संबंधित 70 प्रस्तावों पर विचार किया। समिति ने जिन प्रमुख सार्वजनिक उपयोगिता प्रस्तावों पर चर्चा की, उनमें मध्य प्रदेश में मध्यम सिंचाई परियोजना से संबंधित प्रस्तावों पर भी विस्तार से विचार किया गया। यह परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई जल की बेहतर आपूर्ति प्रदान करने का उद्देश्य रखती है, तो दूसरी तरफ वन्यजीवों और घड़ियालों के लिए उन्नत जल प्रबंधन को बढ़ावा देने में सहायक है।

## कदमताल करते घुड़सवार



**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर रिहर्सल करते हुए सेना के घुड़सवार।

## मनरेगा पर रार के बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज का कांग्रेस पर बड़ा आरोप

# 'वीबी-जी राम जी' कानून के बारे में गलत जानकारी दे रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वे नई योजना 'वीबी-जी राम जी' (विकसित भारत-रोजगार आजीविका मिशन) के बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं। नया कानून काम के अधिकार को पहले से ज्यादा मजबूत करेगा। शिवराज ने कहा कि विपक्ष यह झूठ फैला रहा है कि नई योजना में रोजगार केवल कुछ पंचायतों में ही मिलेगा। उन्होंने साफ किया कि यह योजना देश की सभी पंचायतों में लागू होगी।

**नया कानून पहले से ज्यादा मजबूत**

**सभी पंचायतों में लागू होगी योजना**



केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान

### 125 दिन मिलेगा काम

चौहान ने कहा कि यह बयान कि काम का अधिकार छीना जा रहा है एक झूठ है। राहुल गांधी और खड़गे गलत जानकारी देकर अपनी ही पार्टी को कमजोर कर रहे हैं। हमने काम के अधिकार को कागज से उतारकर जमीन पर मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि अब 100 दिनों के बजाए 125 दिन का काम दिया जाएगा। साथ ही, 15 दिनों के भीतर बेरोजगारी भत्ता देने का नियम भी है।

**9 लाख करोड़ खर्च**

मंत्री शिवराज ने तुलना करते हुए कहा कि यूपीए सरकार ने मनरेगा पर करीब दो लाख करोड़ रुपए खर्च किए थे, जबकि मौजूदा सरकार ने नौ लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

**भ्रष्टाचार खत्म होगा**

शिवराज सिंह चौहान ने जोर देकर कहा कि यह अधिनियम भ्रष्टाचार को खत्म करने, स्थायी संपत्तियों के निर्माण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लाया गया है।

### नया कानून ग्रामीण मजदूरों के हित में

शिवराज ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। कांग्रेस सोशल मीडिया पर एआई के जरिए झूठ फैला रही है और देश को भ्रमित कर रहा है। कांग्रेस का यह अभियान 'मनरेगा बचाओ' नहीं, बल्कि 'भ्रष्टाचार बचाओ' का संग्राम है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष द्वारा नए अधिनियम के प्रावधानों को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है, जबकि यह कानून ग्रामीण मजदूरों के हित में है।

## महाराष्ट्र में शिवसेना पार्षदों की किलेबंदी

# होटल पॉलिटिक्स पर संजय राउत ने पूछा- डर किसे? स्थिति हास्यास्पद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव के नतीजों के बाद शुरू हुई राजनीतिक हलचल के बीच शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने सत्तारूढ़ गठबंधन की सहयोगी एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना द्वारा अपने नवनिर्वाचित पार्षदों को होटल में शिफ्ट करने पर तंज कसते हुए पूछा 'आखिर डर किसे है?

बीएमसी चुनाव में 227 सदस्यीय सदन में भाजपा के पास सबसे अधिक 89 सीटें है। हालांकि मेयर बनाने के लिए 114 पार्षदों की जरूरत होती है। इस गणित के चलते मेयर पद को लेकर राजनीतिक जोड़-तोड़ तेज हो गई है। नतीजों के तुरंत बाद शिंदे गुट की शिवसेना ने अपने सभी 29 पार्षदों को मुंबई के एक पांच सितारा होटल में भेज दिया। पार्टी की ओर से इसे ओरिएंटेशन वर्कशॉप बताया गया।



संजय राउत व एकनाथ शिंदे

## खबर संक्षेप

### लद्दाख में 5.7 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं


**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह जिले में सोमवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के



कारण किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, भूकंप के झटके दिन में 11:51 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 171 किलोमीटर की गहराई में 36.71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.32 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। अभी तक भूकंप से संबंधित किसी भी प्रकार की क्षति की कोई सूचना नहीं है।

### चिली के जंगल में लगी भीषण आग, 19 की मौत

**वॉशिंगटन।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली में जंगलों में लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई है। आग



की चपेट में आकर अब तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 50 हजार से अधिक लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने कई प्रभावित इलाकों में आपातकाल घोषित कर दिया है और सेना को राहत एवं सुरक्षा कार्यों में लगाया गया है।

### सिरफिरे ने परिवार के 7 सदस्यों की हत्या की

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को घरेलू विवाद के चलते



एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो महीने की बेटी सहित सात लोगों की घर में गोली मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने गोलीबारी की घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान फारूक उर्फ फारोकय के रूप में हुई है। आरोप है कि घरेलू विवाद के बाद उसने घर में मौजूद रिश्तेदारों को निशाना बनाकर गोलीबारी की।

## नॉर्वे पीएम को ट्रंप की चिट्ठी हुई लीक!

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर जुनून अब अपने अगले शिखर तक पहुंचता नजर आ रहा है।

इस बार की नोबेल विजेता मचाडो ने भले ही उन्हें अपना नोबेल पदक सौंप दिया हो, लेकिन इसके बाद भी ट्रंप का नॉर्वे की नोबेल समिति को लेकर गुस्सा कम नहीं हुआ है। उन्होंने नॉर्वे के पीएम जोनास गहर स्टोरे को एक पत्र लिखकर कहा है कि अब, जबकि उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया गया है, तो वह केवल शांति के बारे में सोचने की जरूरत महसूस नहीं करते हैं।

# मुझे नोबेल नहीं दिया, अब शांति की जिम्मेदारी मेरी नहीं: ट्रंप

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री को जमकर सुनाया है। नोबेल पुरस्कार न मिलने से नाराज ट्रंप ने कहा कि आठ युद्ध रुकवाने के बाद भी नॉर्वे ने उन्हें नोबेल पुरस्कार नहीं दिया। इसलिए अब वह वैश्विक शांति के बारे में सोचने के लिए बाध्य।*

*ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर जुनून अपने शिखर पर पहुंचा*

*नोबेल समिति को लेकर भड़के डोनाल्ड*

### राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्र में पुरस्कार न दिए जाने का जिक्र किया



डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्टोरे को लिखे एक पत्र में उन्हें नोबेल पुरस्कार न दिए जाने का जिक्र किया। इतना ही नहीं उन्होंने नोबेल समिति में नॉर्वे सरकार की भूमिका को अपनी विदेश नीति से भी जोड़ा। उन्होंने लिखा, आपके देश ने मुझे 8 से अधिक युद्धों को रोकने के बावजूद नोबेल शांति पुरस्कार न देने का निर्णय लिया, इसलिए अब मुझे केवल शांति के बारे में सोचने की कोई बाध्यता महसूस नहीं होती, हालांकि शांति हमेशा सर्वोपरि रहेगी, लेकिन अब मैं इस बारे में सोच सकता हूं कि संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए क्या अच्छा और उचित है।

### ग्रीनलैंड के पास स्वामित्व का कोई लिखित दस्तावेज नहीं

ट्रंप ने आगे ग्रीनलैंड पर डेनमार्क की संप्रभुता पर सवाल उठाया और तर्क दिया कि न तो डेनमार्क और न ही मौजूदा सुरक्षा व्यवस्थाएं इस क्षेत्र को प्रमुख शक्तियों से बचा सकती हैं। उन्होंने कहा कि डेनमार्क अकेले चीन और रूस जैसी शक्तियों से ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकता। वैसे भी उसके पास ग्रीनलैंड के स्वामित्व का कोई अधिकार क्यों है? उनके पास कोई लिखित दस्तावेज नहीं है। बस इतना है कि सैंकड़ों सालों पहले एक नाव ने वहां पड़ाव डाल लिया था, ऐसे तो हमारी भी सैकड़ों नावें वहां उतरती थीं।

### अब नाटो की अमेरिका के लिए कुछ करने की बारी

नाटो में अमेरिका की भूमिका पर बात करते हुए ट्रंप ने दावा किया, नाटो की स्थापना के बाद से अमेरिका ने किसी भी अन्य देश की तुलना में इसके लिए अधिक काम किया है, और अब नाटो को भी संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कुछ करना चाहिए। जब तक ग्रीनलैंड पर अमेरिका का पूर्ण नियंत्रण नहीं हो जाता, तब तक दुनिया सुरक्षित नहीं रहेगी।

## विदेशमंत्री जयशंकर की पौलैंड के डिप्टी पीएम को दो टूक

# हमारे पड़ोस में आतंकवाद और आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा और मदद न दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पौलेंड के डिप्टी पीएम से कहा कि आप हमारे क्षेत्र से अच्छी तरह परिचित हैं और क्रॉस बार्डर टेरेरिज्म की चुनौतियों से भलीभांति वाकिफ हैं। पोलैंड को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखानी चाहिए और अपने पड़ोस में आतंकी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए*

दिल्ली में पोलैंड के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की के साथ बैठक के दौरान ने एस. जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर उनके रुख पर कड़ी आपत्ति जताई है। पोलैंड विदेश मंत्री के पाकिस्तान को समर्थन देने के बयान पर एस. जयशंकर ने दो टूक कहा कि पोलैंड को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी अपनी बातें रखीं।

1. जयशंकर ने भारत को रूस-यूक्रेन विवाद के नाम पर अनुचित और चुनिंदा तरीके से निशाना बनाए जाने पर आपत्ति जताई
2. *आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने और पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद में समर्थन न देने की चेतावनी दी*



पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की से मिलते जयशंकर

### पोलैंड ने टैरिफ को लेकर भारत के रुख का समर्थन किया

पोलैंड ने विदेश मंत्री जयशंकर के उस बयान का समर्थन किया जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका खास देशों को को टैरिफ के जरिए टारगेट कर रहा है। रादोस्लाव सिकोर्स्की ने कहा कि टैरिफ के जरिए चुनिंदा देशों को निशाना बनाने वाले आपके बयान से मैं पूरी तरह सहमत हूं। हमें डर है कि यह ग्लोबल ट्रेड में उथल-पुथल का रूप ले रहा है। पोलैंड के डिप्टी पीएम ने कहा कि यूरोप को उम्मीद है कि भारत इस क्षेत्र के साथ जुड़ाव बनाए रखेगा। उन्होंने कहा हमने देखा है कि आप यूरोप में हर जगह दूतावास स्थापित कर रहे हैं, जिसका अर्थ है कि आप यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को लेकर गंभीर हैं।

### आप सीमा पार आतंकवाद की समस्या से परिचित

भारत ने राडोस्लाव सिकोरस्की से कहा कि वह पाकिस्तान में आतंकवादी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने में मदद न करें। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'हाल ही में न्यूयॉर्क और पेरिस में मैंने यूक्रेन संघर्ष और इसके नतीजों पर अपने विचार खुलकर शेयर किए हैं। ऐसा करते हुए मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि भारत को चुन-चुनकर निशाना बनाना गलत और अन्यायपूर्ण है, मैं आज फिर यही कह रहा हूं। आप इस क्षेत्र से अनजान नहीं हैं और सीमा पार आतंकवाद की पुरानी समस्या से परिचित हैं।

### मैं आपसे पूरी तरह सहमत: सिकोरस्की

एस जयशंकर की बातों पर सहमति जताते हुए पोलैंड के विदेश मंत्री सिकोरस्की ने कहा, 'मैं सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने की जरूरत पर आपसे पूरी तरह सहमत हूं। जैसा कि आपने सुना होगा, पोलैंड हाल ही में आगजनी और राज्य प्रायोजित आतंकवाद दोनों का शिकार हुआ है, जब पोलैंड की रेलवे लाइन को उड़ा दिया गया था। हालांकि आतंकवादियों की नाकामी के कारण कोई हताहत नहीं हुआ।

### पोलैंड ने पाक के साथ साझा बयान में कश्मीर का किया था जिक्र

*पोलैंड विदेश मंत्री ने अक्टूबर 2025 में पाकिस्तान के साथ जारी संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र किया था। बयान में कहा गया था कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर और पोलैंड ने यूक्रेन युद्ध पर अपना पक्ष रखा। भारत ने तब इसकी निंदा की थी और अब पैलेंड के विदेश मंत्री के सामने ये मद्दा उठाया।*

## व्हाइट हाउस के अधिकारी का खुलासा

# ईरान पर हो सकता था हमला, मीटिंग के बाद ट्रंप ने रोकने का फैसला किया



बेंजामिन नेतन्याहू



डोनाल्ड ट्रंप



अली ख़ामेनेई

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान पर बुधवार को अमेरिकी हमला होने ही वाला था। सुरक्षा के लिहाज से कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस अल उदैद को अमेरिकी सेनाओं ने खाली करना शुरू कर दिया था। बहरीन से अमेरिकी नेवी की पांचवीं फ्लीट को भी खाली कर दिया गया था। ईरानी सरकार को यकीन था कि अमेरिका हमला करने वाला है और उसने अपना एयरस्पेस बंद करने का नोटिस जारी कर दिया।

एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा, यह नकली या कोई चाल नहीं थी। इस बीच सबका ध्यान बुधवार दोपहर को ट्रंप द्वारा अपनी टॉप नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ बुलाई जाने वाली एक अहम मीटिंग पर चला गया। लेकिन घंटों बीत गए और व्हाइट हाउस से कोई खबर नहीं आई। ट्रंप ने रुकने का फैसला किया था।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा, वह स्थिति पर नजर रखना जारी रखना चाहते थे। दूसरे अमेरिकी अधिकारी ने कहा, यह बहुत करीब था। सेना बहुत तेजी से कुछ करने की स्थिति में थी, लेकिन आदेश नहीं आया।

### ईरान के हमले से बचाव करने को तैयार नहीं इजराइल: ट्रंप

ट्रंप से कहा कि इजराइल ईरान के संभावित जवाबी हमले से खुद का बचाव करने के लिए तैयार नहीं है, खासकर इसलिए क्योंकि अमेरिका के पास इस क्षेत्र में इतने लाव-लश्कर नहीं हैं कि वह इजराइल को ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में मदद कर सके। इसके अलावा पीएम नेतन्याहू के एक सलाहकार ने कहा कि नेतन्याहू को लगा कि मौजूदा अमेरिकी प्लान काफी मजबूत नहीं है और असरदार नहीं होगा। मीडिया के अनुसार अनुसार सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भी ट्रंप से बात की और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके नतीजों को लेकर गहरी चिंता जताई। हालांकि ट्रंप के मन की बात जानना मुश्किल है, नेतन्याहू की चेतावनी और ट्रंप की टीम द्वारा अमेरिकी सेना पर ईरानी जवाबी कार्रवाई से होने वाले खतरों के बारे में दी गई।

## 18 साल से ज्यादा उम्र के हर युवक का सेना में जाना जरूरी

# यूरोप की सबसे शक्तिशाली सेना बना रहा जर्मनी दिखेगी भारत के 'अग्निवीर' मॉडल की झलक

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जर्मनी दूसरे विश्वयुद्ध के बाद एक बार फिर से यूरोप की सबसे शक्तिशाली सेना बनाने लगा है। जर्मनी में अब 18 साल की उम्र से ज्यादा के हर एक युवक को जर्मनी के ने कानून के मुताबिक आर्मी में शामिल होना अनिवार्य कर दिया गया है।

हालांकि ये वॉलंटरी है, लेकिन यह कानून सरकार को वर्ल्ड वॉर-2 के बाद पहली बार यूरोप की सबसे मजबूत आर्मी बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए अनिवार्य सर्विस शुरू करने की इजाजत देता है। पिछले साल जर्मनी के पास एक्टिव ड्यूटी पर तैनात सैनिकों की संख्या 184,000 थी, जो मई के मुकाबले 2500 ज्यादा है। उस दौरान जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने पहली बार संसद में कहा था कि सेना, या बुंडेसवेहर, को यूरोप की सबसे मजबूत पारंपरिक सेना बनने की जरूरत है। पॉट्सडैम में बुंडेसवेहर सेंटर ऑफ मिलिट्री हिस्ट्री एंड सोशल साइंसेज के एक सीनियर रिसर्चर टिमो ग्राफ ने एक रिपोर्ट में कहा है कि यह बहुत लंबे समय में उनकी सबसे बड़ी सैनिकों की संख्या है और यह 2021 के बाद से हमारी सबसे मजबूत सेना है। जर्मनी की सरकार ने 23 महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर वॉलंटियर सर्विस शुरू की है और इसके लिए अच्छी सैलरी और सुविधाओं का लालच दिया गया है। हालांकि इस कॉन्ट्रेक्ट को बाद में अनिश्चित काल के लिए प्रोफेशनल सर्विस में बढ़ाया जा सकता है।



### 3000 डॉलर मिलेगी सैलरी

रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी में ऐसे सैनिकों को 2600 यूरो यानि करीब 3000 डॉलर दिए जाएंगे, क्योंकि वहां रहने की जगह पहले से ही मुफ्त है। मेडिकल इंश्योरेंस फ्री है और टैक्स काटने के बाद उनके पास करीब 2700 डॉलर प्रति महीने बनेंगे। 18 साल के युवाओं के लिए ये बहुत ज्यादा पैसा है। जर्मनी ने नाटो से वादा किया है कि वह 2035 तक एक्टिव ड्यूटी पर सैनिकों की संख्या को बढ़ाकर 260,000 तक ले जाएगा। इसके अलावा वो रिजर्व सैनिकों की संख्या को भी दोगुनी करके 200,000 करेगा। यानि, शीत युद्ध के समय जर्मनी के पास जितने सैनिक थे, वो उस स्तर तक पहुंच जाएगा। जर्मनी की इन कोशिशों से मॉस्को परेशान हो गया है।

## आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी

# किश्तवाड़ एनकाउंटर में सेना का एक जवान शहीद, जैश के 3 आतंकी फंसे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सिंहपोरा में रविवार को सुरक्षाबलों और पाकिस्तान समर्थित आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों तरफ से हुई भारी गोलीबारी एक जवान बलिदान हो गया तो वहीं सात जवान घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। वहीं, दूसरी तरफ सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि रात भर रुकने के बाद, सुरक्षाबलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में छिपे होने की संदेह पर सर्च ऑपरेशन फिर से शुरू कर दिया। यह ऑपरेशन रविवार को चतरू बेल्ट में मंदराल-सिंहपोरा के पास सोनार गांव में शुरू किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि घनी हरियाली और खड़ी ढलानों वाले



मुश्किल इलाके में रविवार देर रात ऑपरेशन रोक दिया गया था, जिससे विजिबिलिटी और मूवमेंट सीमित हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कई टीमें, ड्रोन और स्निफर कुत्तों की मदद से, इलाके की तलाशी ले रही हैं, साथ ही एक सख्त सुरक्षा घेरा बनाए हुए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आतंकवादी भाग न सकें। पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े दो से तीन आतंकवादियों का एक समूह इलाके में फंसा हुआ माना जा रहा है, ऑपरेशन दिन की पहली रोशनी के साथ फिर से शुरू हुआ है, और जारी है।

## सीआईएसएफ के जवान चलाएंगे 6,500 किमी साइकिल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) 28 जनवरी से 25 दिन के तटीय साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण आयोजित करेगा, जिसमें भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों के 6,500 किलोमीटर के इलाके को कवर किया जाएगा और किनारों पर सुरक्षा बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा। साइक्लोथॉन का पहला संस्करण मार्च 2025 में आयोजित किया गया था, जब सीआईएसएफ के जवानों ने समुद्र तट के किनारे लगभग 6,500 किलोमीटर की दूरी तय की थी। सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा साइक्लोथॉन के दूसरे संस्करण का मकसद तटीय आबादी को राष्ट्रीय उद्देश्यों से जोड़ना है। फोर्स इन इलाकों के स्थानीय लोगों को तटीय सुरक्षा के बारे में भी जागरूक करेगी।

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नाटो को कमजोर करने का आरोप

# ग्रीनलैंड पर ट्रंप की जबरदस्ती नाटो को हमेशा के लिए खत्म कर देगी?

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की ऐसी जिद्द पाल ली है कि वो अपने दोस्तों को ही दुश्मन बनाते जा रहे हैं। जिन पश्चिमी देशों ने रूस से रक्षा के लिए नाटो सैन्य संगठन बनाया था, आज वो गुट ही अंदर से खोखला दिख रहा है। अमेरिका की जिद्द के सामने उसके वजूद पर ही सवालिया निशान लग रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ग्रीनलैंड पर अपनी सनक का विरोध करते नाटो सहयोगियों पर ही टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। इसे नाटो के लिए उसके इतिहास का सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। चलिए समझते हैं कि ट्रंप ने नाटो के वजूद को चुनौती कैसे दे दी है।

### *नाटो में अमेरिका से लेकर यूरोप के तमाम बड़े देश शामिल*



ग्रीनलैंड

*नाटो या उत्तर अटलांटिक संधि संगठन 32 सदस्य देशों का एक सैन्य और राजनीतिक गठबंधन है। इसमें अमेरिका से लेकर यूरोप के तमाम बड़े देश शामिल हैं। इसमें डेनमार्क भी शामिल है, जिसके अंदर ग्रीनलैंड आता है। इस नाटो को बनाने का मुख्य उद्देश्य ही था कि अपने सदस्य देशों की स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करना। यदि किसी एक सदस्य देश पर हमला होता है, तो उसे सभी सदस्यों पर हमला माना जाता है और सभी मिलकर उसका मुकाबला करते हैं। यह इसके अनुच्छेद 5 के तहत आता है।*

### डेनमार्क का अर्ध स्वायत्त हिस्सा है ग्रीनलैंड

ग्रीनलैंड में साल 1979 से व्यापक स्वशासन है, हालांकि रक्षा और विदेश नीति डेनमार्क के हाथों में है। इसीलिए ग्रीनलैंड को डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त हिस्सा माना जाता है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क में बैठी दोनों जगह की सरकारों ने साफ-साफ कह दिया है कि ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है लेकिन ट्रंप और उनकी सरकार मान नहीं रही है।

### ग्रीनलैंड पर रूस और चीन कब्जा कर सकते हैं: ट्रंप

यहां इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि ट्रंप का दावा है कि रूस और चीन ग्रीनलैंड पर कब्जा कर सकते हैं और इसलिए अमेरिका अपने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उसे खुद में मिलाना चाहता है। अब सवाल है कि किसी नाटो देश को रूस और चीन के ऐसे हमलों से बचाने के लिए ही तो नाटो बनाया गया था। अब दोस्त पर दूसरे के हमले को रोकने के लिए खुद अपने दोस्त पर हमला कर देना कहां तक जायज है?

### नाटो देशों में टैरिफ वॉर शुरू?

ट्रंप ने ग्रीनलैंड के लिए अपनी आक्रामक मांगों को तेज करते हुए पूरे को स्तब्ध कर दिया। उन्होंने विदेश नीति में टैरिफ के उपयोग को चरम सीमा पर पहुंचा दिया। उन्होंने शनिवार को कहा कि वह ग्रीनलैंड पर उनके स्टैंड को विरोध करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएंगे। 1 फरवरी से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड के किसी भी और सभी सामान पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे, जो 1 जून को बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा, जब तक कि कोई समझौता नहीं हो जाता।

## पटरी से उतर दूसरी पटरी पर चढ़ी रेल

# दक्षिण स्पेन में दो रेलगाड़ियों की टक्कर में 21 लोगों की मौत हुई

एजेंसी ▶▶ बार्सिलोना

दक्षिण स्पेन में एक तेज रफ्तार रेलगाड़ी के पटरी से उतर कर विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य रेलगाड़ी से टकरा जाने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार एक रेलगाड़ी में लगभग 300 यात्री सवार थे।

वह स्थानीय समयानुसार शाम 7:45 बजे कॉर्डोबा के पास पटरी से उतरकर दूसरी पटरी पर चढ़ गई और मैड्रिड से दक्षिणी स्पेन के एक अन्य शहर हुएल्वा जा रही एक अन्य ट्रेन से टकरा गई। इस रेलगाड़ी में लगभग 200 यात्री सवार थे। स्पेन



घायलों को अस्पताल ले जाते हुए कर्मचारी

के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने बताया कि इस हादसे में 21 लोग मारे गए हैं। बचाव अभियान संचालित किया गया, अन्य यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। पुएंते ने कहा कि मृतक संख्या बढ़ सकती है। परिवहन मंत्री ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने इसे दुर्लभ घटना करार दिया क्योंकि यह पटरी के एक समतल हिस्से पर हुई जिसकी मई में मरम्मत की गई थी।



*भारतीय राजनीति के क्षितिज पर सोमवार की सुबह एक नई इबारत लेकर आई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने अपनी कमान एक ऐसे व्यक्तित्व को सौंपी है जो न केवल संगठन की रग-रग से वाकिफ है, बल्कि आधुनिक भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व भी करता है। नितिन नबीन का भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुना जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पार्टी अब 'अनुभव की नींव' पर 'युवाओं की मंजिल' तैयार करने के मिशन पर निकल पड़ी है। नबीन कितने अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे इसका जवाब इस साल 5 राज्यों के विस चुनाव के परिणामों में मिलेगा। प्रस्तुत है हरिभूमि की एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट।*

# युवा नेतृत्व का 'उदय'



भाजपा के नवागत अध्यक्ष नितिन नबीन की नियुक्ति भाजपा के भीतर एक बड़े 'जेनरेशन शिफ्ट' का प्रतीक माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में भाजपा अब उन मतदाताओं से सीधे जुड़ने की तैयारी में है, जिनकी आयु 35 वर्ष से कम है। नबीन के अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा की नई केंद्रीय टीम में अधिकांश चेहरे 55 वर्ष से कम आयु के होने की पूरी संभावना है। यह ऊर्जा पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा रण के लिए और अधिक गतिशील बनाएगी। वे एक ऐसे नेता हैं जो तकनीक और डेटा के महत्व को समझते हैं। उनके 'राज' में भाजपा का प्रचार तंत्र और अधिक डिजिटल और एआई आधारित होने की उम्मीद है। संघ की पृष्ठभूमि और प्रखर हिंदुत्व की सोच रखने वाले नबीन, भाजपा के वैचारिक आधार को और मजबूत करेंगे, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल सातवें आसमान पर पहुंच सकता है। उनके कार्यकाल की पहली परीक्षा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल,असम और पुद्दूचेरी राज्यों के विधानसभा चुनावों में होगी। विशेष रूप से दक्षिण भारत में कमल खिलाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा, महिला आरक्षण का क्रियान्वयन और परिसीमन जैसे जटिल मुद्दों पर पार्टी को एकजुट रखना उनके नेतृत्व की असली परीक्षा लेगा।

### मां ने खुद चुनाव में उतरने की जगह दी कमान

2005 में पटना पश्चिम सीट से विधायक रहे नवीन सिन्हा का निधन दिल्ली में हो गया था। उस वक्त नितिन महज 26 साल के थे। भाजपा ने नितिन नवीन को अपने पिता की विरासत संभालेंगे के लिए कहा। लेकिन, शुरू में नितिन नहीं मानें। उनकी मां मीरा सिन्हा ने उन्हें समझाया तो वह मान गए। नितिन चुनावी मैदान में पटना पश्चिम उतरे। उपचुनाव में वह पहली बार जीते।

**» *हिंदुत्व की सोच वाले नबीन भाजपा के वैचारिक आधार को और मजबूत करेंगे***



## अध्यक्ष के रूप में 3 बड़ी चुनौतियां

### 2026 के विधानसभा चुनाव

**1** बंगाल में ममता बेनर्जी के गढ़ को भेदना और दक्षिण भारत (तमिलनाडु व केरल) में पार्टी का विस्तार करना उनकी पहली बड़ी अग्निपरीक्षा होगी।

### पीढ़ीगत बदलाव

**2** पार्टी में वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और युवाओं के जोश के बीच संतुलन बनाए रखना उनके लिए एक नाजुक काम हो सकता है।

### 2029 का रोडमैप

**3** विकसित भारत के संकल्प के साथ 2029 के लोकसभा चुनावों के लिए एक अभेद्य किला तैयार करना दीर्घकालिक लक्ष्य है।

### पैराशूटर नहीं ग्रास रूटर हैं नबीन

नितिन नबीन का उदय किसी 'पैराशूट लैंडिंग' का परिणाम नहीं है। 45 वर्षीय नबीन का राजनीतिक सफर संघर्ष और धैर्य की मिसाल है। 2006 में अपने पिता, दिग्गज नेता नवीन किशोर सिन्हा के निधन के बाद राजनीति में आए नितिन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पटना की बांकीपुर सीट से लगातार पांच बार विधायक बनना उनकी लोकप्रियता का प्रमाण है। उन्होंने छात्र राजनीति (एबीवीपी) और युवा मोर्चा में तपकर संगठन की बारीकियों को सीखा। छत्तीसगढ़ और सिक्किम जैसे राज्यों में प्रभारी के रूप में सफल रहे।



## नए अध्यक्ष की 3 बड़ी खूबियां

**1**

**राष्ट्रीय नेतृत्व में ऐतिहासिक कदम**
नितिन 45 वर्ष की आयु में भाजपा के इतिहास के इतिहास में सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं। इससे देश के युवाओं को भरोसे में लेना आसान होगा। और ये हुनर नितिन नबीन के के पास है।

**2**

**चुनावी राजनीति में 'अपराजित' रिकॉर्ड**
लगातार 5 बार विधायक: नितिन नबीन 2006 (उपचुनाव), 2010, 2015, 2020 और हाल ही में 2025 में पटना की बांकीपुर सीट (पहले पटना पश्चिम) से लगातार पांचवीं बार विधायक चुने गए हैं।

**3**

**कुशल संगठनकर्ता**
उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रभारी के रूप में काम किया, जहां 2023 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की बड़ी जीत में उनकी रणनीतिक भूमिका रही। पूर्वोत्तर राज्यों में भी उन्होंने भाजपा के संगठन को मजबूत करने में अहम योगदान दिया।

## कमान सौंपने के पीछे ये हैं मुख्य कारण

- भाजपा अब अपनी दूसरी और तीसरी पीढ़ी के नेतृत्व को तैयार कर रही है। 45 वर्षीय नितिन नबीन को अध्यक्ष बनाकर पार्टी ने संदेश दिया है कि वह युवाओं को बड़े मंच पर मौका देने के लिए तैयार है।
- नितिन नबीन का पूरा परिवार दशकों से आरएसएस और जनसंघ से जुड़ा रहा है। उनके पिता नवीन किशोर सिन्हा कट्टर वैचारिक नेता थे। संघ के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी गहरी पैठ है।
- नबीन मृदुभाषी हैं और कार्यकर्ताओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं, जो एक संगठन प्रमुख के लिए सबसे जरूरी गुण है।
- नितिन नबीन ने खुद को केवल बिहार तक सीमित नहीं रखा। उन्हें छत्तीसगढ़ और सिक्किम जैसे राज्यों का प्रभारी बनाया गया था।
- भाजपा आगामी वर्षों में पश्चिम बंगाल, ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों में अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहती है। बिहार से आने वाले एक युवा चेहरे को राष्ट्रीय कमान सौंपकर पार्टी ने पूर्वी भारत को एक बड़ा राजनीतिक सम्मान दिया है।

## अब तक के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

| अध्यक्ष का नाम | कार्यकाल |
|---|---|
| अटल बिहारी वाजपेयी | 1980 – 1986 |
| लालकृष्ण आडवाणी | 1986 – 1990 |
| डॉ. मुरली मनोहर जोशी | 1991 – 1993 |
| लालकृष्ण आडवाणी (दूसरी बार) | 1993 – 1998 |
| कुशाभाऊ ठाकरे | 1998 – 2000 |
| बंगारू लक्ष्मण | 2000 – 2001 |
| के. जना कृष्णमूर्ति | 2001 – 2002 |
| एम. वेंकैया नायडू | 2002 – 2004 |
| लालकृष्ण आडवाणी (तीसरी बार) | 2004 – 2005 |
| राजनाथ सिंह | 2005 – 2009 |
| नितिन गडकरी | 2010 – 2013 |
| राजनाथ सिंह (दूसरी बार) | 2013 – 2014 |
| अमित शाह | 2014 – 2020 |
| जगत प्रकाश नड्डा | 2020 – 2026 |
| नितिन नबीन | 19 जनवरी 26 से |

## नाम नितिन नवीन, लेकिन अंग्रेजी में Nitin Nabin चल पड़ा

चुनाव आयोग के शपथ पत्र में भी वह अपना नाम हिंदी में नितिन नवीन लिखते हैं। हस्ताक्षर में भी स्पष्ट तौर पर हिंदी का ही नाम नितिन नवीन दिखता है। अंग्रेजी में हर जगह Nitin Nabin लिखा गया है। हर सोशल मीडिया खाते से लेकर ईमेल आईडी तक में यही लिखा है। इसलिए, अंग्रेजी में नितिन नबीन और हिंदी में वह नितिन नवीन हैं। पिता के नाम के हिसाब से उन्हें नितिन नवीन ही कहा जाता है। उनके पिता को देसज में लोग नबीन बाबू कहते थे, इसलिए नितिन को भी कई लोग नितिन नबीन कह देते हैं, हालांकि उनका नाम नितिन नवीन ही प्रचलित है।

## पिता मंत्री बनते रह गए बेटा 3 बार मंत्री बना

2005 में पिता नवीन किशोर सिन्हा भाजपा विधायक के रूप में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के उप मुख्यमंत्री नहीं तो मंत्री जरूर बनते, लेकिन इससे पहले दिल्ली से उनकी मौत की खबर आई। इससे नितिन की पढ़ाई-तैयारी जहां की तहां रह गई। अगले साल उनकी सीट पर उप चुनाव हुआ तो नितिन विधायक बने। विधायक के रूप में नितिन नवीन पटना पश्चिमी क्षेत्र (अब, बांकीपुर विधानसभा) की पहचान बने। उप चुनाव में जीते और फिर हमेशा बड़े अंतर से जीतते ही रहे। केंद्र में भी जब भाजपा की सरकार बन गई तो नितिन नवीन का राजनीतिक रूप बढ़ा। विजन की स्पष्टता और कार्यकर्ताओं के बीच पकड़ को समझते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। 2016 से 2019 तक भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्यकर्ताओं का नेटवर्क खड़ा करना नितिन नवीन के लिए फायदेमंद साबित हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में पहचान बनी तो दूसरे राज्य की तरफ भी भाजपा ने उन्हें भेजा। 2019 में सिक्कम का संगठन प्रभारी के रूप में और फिर जुलाई 2024 से छत्तीसगढ़ में नितिन नवीन ने संगठन के लिए जो काम किया और जैसी सक्रियता दिखाई, उसे स्वीकारने का प्रमाण है यह ताजा फैसला। छत्तीसगढ़ प्रभारी के रूप में वह भाजपा के लिए पुनर्वापसी का मंत्र साबित हुए। बिहार सरकार में नितिन नवीन कुल पांच बार विधायक बने।




एआई द्वारा निर्मित तस्वीर

## नितिन से जुड़े रोचक किस्से

### पिता के निधन के दिन ही थामी थी राजनीति की कमान

भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के बारे में कई ऐसे रोचक किस्से और तथ्य हैं जो उनके एक साधारण कार्यकर्ता से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष बनना उनकी बड़ी उपलब्धि है। नबीन के राजनीति में आने का किस्सा भावुक और प्रेरणादायक है। 2006 में उनके पिता और दिग्गज नेता नवीन किशोर सिन्हा का निधन हुआ था। उनके निधन के मात्र कुछ ही समय बाद, उसी साल हुए उपचुनाव में नितिन नबीन को चुनावी मैदान में उतरना पड़ा। 26 साल की उस छोटी सी उम्र में, जब वे शोक में थे, उन्होंने जनता की सेवा को प्राथमिकता दी और जीत हासिल कर अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाया।

### जमकर हुई पर्ची से अध्यक्ष बनने की चर्चा

राजनीतिक गलियारों में एक किस्सा मशहूर है कि जब उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष (दिसंबर 2025) बनाया गया, तो यह खबर उनके लिए भी पूरी तरह चौंकाने वाली थी। सोशल मीडिया और राजनीतिक चर्चाओं में इसे 'पर्ची वाला अध्यक्ष' कहा गया (जैसे भजन लाल शर्मा के मामले में हुआ था), क्योंकि उनका नाम रेस में सबसे आगे नहीं था। लेकिन उनके पुराने रिकॉर्ड और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के किले को ढहाने की उनकी रणनीति ने उन्हें इस पद तक पहुंचाया।

### पार्टी की उम्र और उनकी उम्र का 'संयोग'

एक बहुत ही दिलचस्प तथ्य यह है कि नितिन नबीन और भाजपा की उम्र लगभग बराबर है। भाजपा की स्थापना अप्रैल 1980 में हुई थी और नितिन नबीन का जन्म मई 1980 में हुआ। 45 साल की उम्र में वे पार्टी के सबसे युवा अध्यक्ष बने हैं।

### इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में छोड़ी, राजनीति में आए

नितिन नबीन ने अपनी स्कूली शिक्षा पटना और दिल्ली से की। इसके बाद उन्होंने इंजीनियरिंग (वीआईटी) में दाखिला लिया था, लेकिन किन्हीं कारणों और पारिवारिक परिस्थितियों के चलते वे अपनी ग्रेजुएशन पूरी नहीं कर पाए। उन्होंने केवल 12वीं तक की औपचारिक शिक्षा के बावजूद अपने प्रशासनिक और सांगठनिक कौशल से यह साबित किया कि अनुभव और मेहनत डिग्रियों से बड़ी होती है।

## भाजपा के केंद्रीय संगठन में एक बड़े जेनरेशन शिफ्ट के संकेत

### सांगठनिक जिम्मेदारी में युवा चेहरे

**तेजस्वी सूर्या:** दक्षिण भारत में पार्टी का विस्तार करने और युवाओं को जोड़ने के लिए उन्हें राष्ट्रीय महासचिव या किसी बड़े राज्य का प्रभारी बनाया जा सकता है।

**अन्नामलाई (तमिलनाडु):** तमिलनाडु में भाजपा का आधार बढ़ाने के उनके प्रयासों को देखते हुए, उन्हें केंद्रीय टीम में महत्वपूर्ण नीति-निर्धारक भूमिका दी जा सकती है।

**बांसुरी स्वराज:** अपनी तर्कशक्ति और साफ-सुथरी छवि के कारण उन्हें राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ-साथ संगठन में सचिव पद की जिम्मेदारी मिल सकती है। नितिन नबीन ने छत्तीसगढ़ में जिन नेताओं के साथ मिलकर जीत दर्ज की थी, उनमें से कुछ भरोसेमंद चेहरों को वे दिल्ली (राष्ट्रीय मुख्यालय) बुला सकते हैं ताकि देश भर में बूथ मैनेजमेंट को मजबूत किया जा सके।

**क्षेत्रीय संतुलन:** नितिन नबीन की टीम में भारत के हर कोने को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश होगी। जिसमें पूर्वोत्तर से संबित पात्रा को और बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, या असम/मणिपुर से किसी नए चेहरे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। पश्चिम भारत से महाराष्ट्र और गुजरात के कुछ युवा विधायकों को राष्ट्रीय सचिव के तौर पर प्रमोट किया जा सकता है ताकि आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी हो सके।

**तकनीकी और डेटा टीम:** ऐसे विशेषज्ञों की भरमार होगी जो एआई और डेटा एनालिटिक्स के जरिए चुनाव लड़ने में माहिर हों।

### भाजपा को फायदा मिलने की 5 वजह

1. युवा वोट बैंक से जुड़ाव
2. पूर्वी भारत और बिहार में मजबूती
3. कठिन चुनावी क्षेत्रों में 'स्पेशलिस्ट'
4. संगठन और सरकार में बेहतर तालमेल
5. क्रेडिबिलिटी (विश्वसनीयता)

## भाजपा को अध्यक्षों ने अपने अपने हिसाब से दी दिशा

# पहले अध्यक्ष बने अटल के नेतृत्व में 2 सीटें जीतीं, फिर आडवाणी ने बागडोर संभाली थी

**» *भाजपा में लंबे समय तक चला अध्यक्ष बदलने का दौर***

**» *बदलाव किया-कोई भी सदस्य एक बार से ज्यादा अध्यक्ष रह सकता है, लेकिन लगातार नहीं***

भाजपा के अस्तित्व में आने के साथ ही इसके संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी पार्टी के पहले अध्यक्ष बने थे। 1980 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा और उसे सिर्फ दो ही सीटें मिलीं। हालांकि, भाजपा के लगातार बढ़ते जनाधार की वजह से 1985 में भाजपा को काडर आधारित पार्टी घोषित कर दिया गया और 1986 में इसका नया अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी को बनाया गया। लालकृष्ण आडवाणी ने इसके बाद भाजपा की दिशा हिंदुत्व और रामजन्मभूमि आंदोलन की तरफ मोड़ दी। 1989 की भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित किया गया। लालकृष्ण आडवाणी ने लगातार दो बार भाजपा का अध्यक्ष पद संभाला। इसके बाद भाजपा के अधिकतर प्रमुख एकमत से जरूर चुने गए, लेकिन सभी ने एक ही कार्यकाल संभाला। आडवाणी के बाद भाजपा अध्यक्ष बने मुरली मनोहर जोशी, जना कृष्णमूर्ति, एम. वेंकैया नायडू, बंगारू लक्ष्मण, कुशाभाऊ ठाकरे जैसे नेता शामिल रहे, जो कि आरएसएस से गहराई से जुड़े थे और राजनीतिक तौर पर बाद में भाजपा में उभरे। इनमें से सिर्फ मुरली मनोहर जोशी और कुशाभाऊ ठाकरे ने ही अपना कार्यकाल पूरा किया। खास बात यह रही कि बंगारू लक्ष्मण के भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में उलझने के बाद पार्टी ने पहली बार जना कृष्णमूर्ति को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया। उन्हें कुछ ही दिन में पूर्ण अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। 2003 में भाजपा ने अपने संविधान में बदलाव किया और अध्यक्ष पद के लिए लगातार दो बार की सीमा तय कर दी। इसमें साफ किया गया कि कोई भी सदस्य एक बार से ज्यादा अध्यक्ष रह सकता है, लेकिन लगातार नहीं। इसके चलते जब 2004 में भाजपा की लोकसभा चुनाव में हार हुई तो वेंकैया नायडू ने इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए भाजपा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।



### भाजपा ने आडवाणी के नेतृत्व में लड़ा था 2009 का आम चुनाव

हालांकि, आडवाणी का तीसरा कार्यकाल लंबा नहीं चला और पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना को धर्मनिरपेक्ष बताने के बाद उन्हें भाजपा अध्यक्ष पद छोड़ने के लिए कहा गया। उनके बाद राजनाथ सिंह भाजपा अध्यक्ष बने। 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद राजनाथ सिंह ने अध्यक्ष पद छोड़ दिया। यह पद इसके बाद नितिन गडकरी को गया। संगठन में उनके मजबूत प्रदर्शन को देखा।

पटवा 40 साल से भोजपुर क्षेत्र में हैं सक्रिय, 2008 से लगातार भोजपुर विस क्षेत्र के हैं विधायक

# औबेदुल्लागंज के भाजपा कार्यकर्ताओं ने छात्रावास में छात्रों के साथ केक काटकर मनाया विधायक पटवा का जन्मदिन, उपहार भी बांटे





छात्रावास में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बच्चों के साथ मनाया पटवा का जन्मदिन।



छात्रावास में छात्रों को उपहार भेंट करते भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. नागर व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भोजपुर के विधायक सुरेंद्र पटवा का 61वां जन्मदिन सोमवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भोजपुर के परिवार के सदस्यों ने कई कार्यक्रम आयोजित किए। पटवा जब 21 साल के थे तब 1985 में पूर्व मुख्यमंत्री सुंदर लाल पटवा के चुनाव संचालक के रूप में कार्य करते थे। पटवा 40 साल से भोजपुर क्षेत्र में सक्रिय हैं। 2008 से लगातार भोजपुर क्षेत्र के विधायक हैं। सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, महामंत्री माधव यादव, हरगोविंद वर्मा, गजेंद्र नागर, बागिस अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, कोमल सिंह चौहान, मनोज चौरसिया, नरेश सेठी, माखन परमार ने छात्रावास पहुंचकर छात्रों के साथ विधायक सुरेंद्र पटवा का जन्मदिन केक काट कर मनाया और बच्चों को उपहार दिए। ज्ञात हो कि विधायक सुरेंद्र पटवा पारिवारिक कारणों से अपने जन्मदिन पर सोमवार को भोपाल में उपस्थित नहीं थे।


इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने अद्भुत नेतृत्व के धनी, सरल और मृदुभाषी, ओजस्वी वक्ता मध्य प्रदेश शासन में पूर्व मंत्री भोजपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक, हम सभी के प्रेरणा स्त्रोत सुरेंद्र पटवा को जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वहीं वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, डॉ. कैलाश विनय, नरेंद्र शर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश मीणा, वरिष्ठ हेमराज मीणा, ढाबा संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, जिला सहकारिता के प्रकोष्ठ अध्यक्ष तेज सिंह नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, वचन लोधी, विनोद प्रजापति, जिला भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र नंदवंशी, युवा नेता जीतू नंदवंशी, विद्या अग्रवाल, रामकिशोर नंदवंशी, रामेश्वर नगर, अशोक मित्तल, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, सर्वेश गौर, दीपू परमार, सुलेखा चौहान तामोट, रामपाल रामकिशोर चौहान, संजीव सिंह, राधा कुशवाहा, रूपेश चौहान, माया राय, आरती यादव, रेखा कपूर, धर्मेंद्र चौरसिया, पदम चौहान, सपना रैकवार, प्रियंका गुप्ता, हेमलता चौरसिया, सना ममनून, भारती सेठी, कृष्ण नरवरिया, सुरजीत सिंह बिल्ले, सुरजीत सिंह गिल, लखविंदर सिंह लकी, पवनजोत सिंह, नंदू शर्मा, मनजीत सिंह आदि ने विधायक पटवा को जन्मदिन की बधाइयां दी।




## विधायक पटवा के जन्मदिन पर सिविल अस्पताल में मरीजों को फल और कंबल बांटे

**मंडीदीप।** मंडीदीप में सोमवार को भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा के जन्मदिन के पर शहरी ग्रामीण मंडल के नेतृत्व में सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल और कंबल बांटे। मंडल के पदाधिकारी, महिला मंडल, समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता ने पटवा को जन्मदिन की बधाई की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने बताया कि सुरेंद्र पटवा भोजपुर के विकाश पुरुष के रूप में एक विधायक नहीं बेटा बन कर सेवा कर रहे है। फल और कंबल वितरण कार्यक्रम में पूर्णिमा जैन, सुरेंद्र जैन (राज), प्रेम शंकर साहू, शुभम खटीक समेत कई मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### मेडिकल सुविधा लागू करने पीएम के नाम कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** ईपीएस-95 पेंशनर्स ने सेवानिवृत अर्द्ध शासकीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के महासचिव अरुण वर्मा एवं राष्ट्रीय संघर्ष समिति मध्यप्रदेश के समन्वयक आरए धारकर के नेतृत्व में ईपीएस- 95 के पेंशनर्स के लिए रुपए 7500+डीए और मेडिकल सुविधा लागू करने प्रधानमंत्री के नाम ईपीएफओ कमिश्नर और कलेक्टर भोपाल को ज्ञापन सौंपा गया। दोनों अधिकारियों ने अति शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने कहा ईपीएस-95 पेंशनर्स की पेंशन वृद्धि की घोषणा की जाए, अन्यथा पूरे देश में आंदोलन किया जाएगा।

### व्यापार महासंघ मिलन समारोह में शामिल होने बांटे आमंत्रण-पत्र

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ का मिलन समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही है। सोमवार को व्यापार महासंघ का मिलन समारोह का आमंत्रण पत्र सभी गणमान्य नागरिको और व्यापारियों को दिया। अध्यक्ष जगदीश चंदानी उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू उपाध्यक्ष विवेक मित्तल सचिव प्रदीप अरोरा कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित महामंत्री रतन मेघानी सह सचिव राजेश नागर( राजू भाई पटेल ) सहकोषाध्यक्ष सिद्धार्थ मित्तल मीडिया प्रभारी दिनेश सेन आदि ने बताया कि 27 जनवरी को आदर्श रामलीला भजन मंडल हिरानिया द्वारा 2 घंटे का सुंदरकांड का पाठ होगा इसके बाद मिलन समारोह होगा मिलन समारोह स्थल तारानगर में आयोजित होगा

### आटा चक्की पर मिला पीडीएस दुकान में बांटने वाला राशन का चावल

**भोपाल।** शहर में पीडीएस दुकानों पर गेहूं-चावल की कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है। खाद्य विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान एक कारोबारी ने शासकीय चावल का भंडारण कर रखा था, जिसे जब्त करने की कार्रवाई की गई है। टीम ने महामारी के बाग स्थित जुगल आटा चक्की से 20 क्विंटल फ़ोर्टी फ़ाइड चावल बरामद किया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि महामाई का बाग में जुगल आटा चक्की के संचालक शिवम साहू पिता जुगल किशोर साहू के प्रतिष्ठान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण होने वाला फोर्टीफाइड चावल की अवैध रूप से खरीद फरोख्त की जा रही थी।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1605 | | |
| दिन: | 235 | 02 | 156 |
| रात: | 115 | 73 | 490 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 890 | 77 | 458 |
| रात: | 180 | 91 | 560 |

## रात में विवाद के बाद सुबह खुद पहुंचा थाने, कहा- पत्नी की हो गई मौत

# दंपती में विवाद, दोनों ने एक-दूसरे से की मारपीट, गला दबाकर पत्नी की हत्या

**करीब चौदह महीने पहले ही हेमराज साहू से हुई थी शादी**

**पुलिस ने आरोपी पति हेमराज को हिरासत में लिया, कर रही पूछताछ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित राधा कृष्ण कॉलोनी खेजड़ा में शादी के चौदह महीने बाद ही पति ने पत्नी की हत्या कर दी। दरअसल, रविवार रात दंपती के बीच विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर दोनों ने एक दूसरे से मारपीट की। इसके बाद अपने-अपने कमरे में सो गए। सुबह जब पति की नींद खुली तो उसने पत्नी को बिस्तर पर पड़े देखा था। उसकी मौत हो चुकी थी। उसने घटना की जानकारी थाने पहुंचकर की। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि विवाद के दौरान पति ने पत्नी का गला दबा दिया था, जिससे उसकी मौत हुई है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।



कंचन साहू, मृतका

पुलिस के अनुसार 28 साल की कंचन साहू मूलतः टीलाजमालपुरा की रहने वाली थी। करीब चौदह महीने पहले ही उसकी शादी हेमराज साहू से हुई थी। हेमराज साहू फुटकर व्यापारी है और हाट बाजार में दाल बेचता है। दंपती राधाकृष्ण कॉलोनी खेजड़ा में अकेले रहते थे। रविवार रात दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बड़ा की दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर दी। इसी बीच हेमराज ने उसका गला दबा दिया। गला दबाने के बाद वह बेसुध हो गई तो हेमराज अपने कमरे में जाकर सो गया। सोमवार सुबह उसकी नींद खुली। कंचन साहू बिस्तर पर बेसुध मिली। वह सीधे थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि पत्नी की मौत हो गई है। पुलिस ने हेमराज को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला गला दबाकर हत्या करने का है, लेकिन पीएम रिपोर्ट नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गई है।

### रेस्टोरेंट के पास मिली बुजुर्ग महिला की लाश... सिर, चेहरे पर चोट, हत्या की आशंका

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित कवाबची रेस्टोरेंट के पास रविवार रात 61 साल की बुजुर्ग महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। उनके चेहरे सहित सिर पर गंभीर चोट हैं। चोट से कयास लगाए जा रहे हैं कि उनकी हत्या की गई है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह करोंद में रहने वाली अपनी बेटी से मिलने के बाद घर जाने का कहकर निकली थी, लेकिन घर नहीं पहुंचीं। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस हत्या और एक्सीडेंट दोनों ही पहलुओं पर जांच कर रही है।



परवीन बी, मृतका

पुलिस के अनुसार ग्राम अरवलिया थाना ईटखेड़ी निवासी परवीन बी पत्नी सईद खान (61) आंगनबाड़ी में नौकरी करती थीं और पिछले साल ही रिटायर्ड हुई थीं। परिवार में 6 बेटे और दो बेटियां हैं। रविवार 18 जनवरी को वह अपनी बेटी से मिलने जिंसी गई थीं। वहां बेटी-दामाद के साथ खाना खाने के बाद रात करीब 9 बजे घर आने के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटीं। परिजन ने उनकी तलाश शुरू कर दी। इस बीच रात करीब साढ़े 10 बजे परवीन बी खून से लतपथ अवस्था में कवाबची रेस्टोरेंट के पास सड़क किनारे पड़ी मिलीं। उनके चेहरे व सिर पर गंभीर चोटें थीं। माथे की चमड़ी उखड़कर ऊपर की ओर पलट गई थी। पुलिस उन्हें हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के देवर कल्लू खां का कहना है कि परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। लाश की स्थिति देखकर लग रहा है कि उनकी हत्या की गई है और लाश को रेस्टोरेंट के पास लाकर ठिकाने लगाया गया है।

**ड्यूटी से लौटते समय हुई वारदात, पुलिस जांच में जुटी**

# महिला जेलकर्मी पर जानलेवा हमला, सहकर्मी के बेटे पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर में सेंट्रल जेल से ड्यूटी कर लौट रही जेल प्रहरी पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। सिर में गंभीर चोट के कारण महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है।



कमला शर्मा

अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के बयान दर्ज किए। बयान में पहले उसने बताया कि ड्यूटी से लौटते समय स्कूटर सवार ने टक्कर मार दी थी। बाद में बयान बदलते हुए बताया कि सेंट्रल जेल में साथी जेल प्रहरी के बेटे ने सिर पर डंडे या रॉड से हमला किया है। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने अभी एफआईआर दर्ज नहीं की है।

जानकारी के अनुसार जेल प्रहरी कमला शर्मा पर सेंट्रल जेल में जेल प्रहरी है और जेल परिसर में शासकीय आवास में रहती हैं। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब दो बजे वह ड्यूटी से घर लौट रही थीं। जेल से बाहर निकलते ही मुख्य मार्ग पर बेसुध होकर गिर गईं। उन्हें किसी स्कूटर वाले ने अस्पताल में भर्ती कराया था। सिर में चोट होने के कारण उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और कमला शर्मा के बयान दर्ज किए। बयान में पहले उन्होंने बताया कि जेल से निकलकर वह मुख्य सड़क पर पहुंची थी, तभी किसी स्कूटर के चालक ने तेजी और लापरवहीपूर्वक स्कूटर चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। बाद में उन्होंने पुलिस को बताया कि साथी जेल प्रहरी के बेटे ने उन पर रॉड या डंडे से हमला किया है।

**लेनदेन का विवाद आया सामने**

कमला शर्मा के बेटे की वर्ष 2023 में मौत हो चुकी है। बेटे की मौत होने के बाद उनका अकाउंट पोता ऑपरेट करता है। कमला शर्मा का आरोप है कि जेल प्रहरी का बेटा अपने अकाउंट में पैसों का ट्रांजेक्शन करता था और बाद में पोते को देता था। इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।

**गोंड़ गुरु बाबा तारानगर न्यास की बैठक आयोजित**

# आगामी कार्यक्रम के लिए समिति के पदाधिकारियों का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गोंड़ गुरु बाबा तारानगर न्यास की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता सलाहकार समिति सदस्य जवारी लाल धुर्वे द्वारा की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रम के लिए समिति का गठन किया गया, जिसमें गोंड गुरुआ बाबा तारानगर न्यास का वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का कार्यक्रम 21 फरवरी को रखा गया, जिसके अध्यक्ष बबलू एकके (सरपंच) बिंजौर, सचिव कमल सिंह उनके (सरपंच) नंदोरा को बनाया गया। आदर्श गोंड समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष नेमीचंद भल्लावी (सरपंच) इकलवाड़ा, सचिव नीलेश ठाकुर (पंद्राम) वीलखेड़ी को बनाया गया।



गोंड़ गुरु बाबा तारानगर न्यास की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अध्यक्ष महेश मर्सकोले (दिगवाड), सचिव अवध नारायण कुरोंची को बनाया गया।

इस बैठक जवारी लाल धुर्वे, लक्ष्मण दास मरकाम, दिलीप सिंह, मांगीलाल उइके, विनोद इरपाचे, कमल सिंह ककोडिया, संतोष पोर्ते, प्रेमदास बरकरे, नेमीचंद भल्लावी (सरपंच), बबलू एकके (सरपंच), महेश मर्सकोले, चतर सिंह उइके, गोकुल प्रसाद पोर्ते, पुरुषोत्तम दास, परशराम धुर्वे रामविलास, बारेलाल हरिप्रसाद आदि लोग उपस्थित थे। तीनों समितियां के अध्यक्षों ने आभार व्यक्त किया और आगामी सामाजिक कार्यक्रम व सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई।



सड़क निर्माण के लिए तहसीलदार को ज्ञापन देते कांग्रेसी।

## प्रस्तावित सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने सौंपा ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर विधानसभा की गौहरगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले जाखला धाम से दीवटिया तक प्रस्तावित सड़क मार्ग को लेकर सोमवार को पीडब्ल्यूडी अधिकारी एवं नायब तहसीलदार, कलेक्टर के नाम युवा कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर युवा साथियों के साथ ने ज्ञापन सौंपा। पिछले 10 सालों से ज्यादा हो चुके हैं, सड़क निर्माण का कार्य प्रस्तावित है, लेकिन अभी तक कोई निर्माण काम शुरू नहीं हुआ है। शासन ने किसानों की जमीन अधिग्रहण कर मुआवजा भी दे दिया है, लेकिन उसके बाद निर्माण कार्य चालू नहीं हुआ है। क्षेत्र के किसान व अन्य लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाए।

**सहायक संचालक पर ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया मामला**

# प्रधानमंत्री मत्स्य योजना में 32 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवपुरी में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में सब्सिडी का फर्जी लाभ उठाने का मामला सामने आया है। योजना से जुड़ी सब्सिडी राशि का गलत तरीके से फायदा उठाया गया। इसमें सरकारी खजाने को 32 लख रुपए का नुकसान हुआ है। तत्कालीन सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद रजक, राजू बाथम अनीता बाथम, रेखा कुशवाहा और गिर्राज ऑयल सप्लायर पर धोखाधड़ी का आरोप है। लक्ष्मण प्रसाद रजक और अन्य ने सब्सिडी का गलत तरीके से इस्तेमाल किया। सब्सिडी इंसुलेटर वाहन खरीदने के लिए राशि दी गई।

आरोप है कि समान लोडिंग वाहन खरीदी की गई। फर्जी बिल के आधार पर सब्सिडी ली गई। दरअसल यह पूरा मामला साल 2022 का है। अब जाकर इस मामले में कार्रवाई हुई है। घोटाले में 32 लख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। आरोपियों ने सरकारी दिशा निर्देश का उल्लंघन किया। अनुदान राशि गलत तरीके से सरकार से ली और यह सरकार के लिए बड़ी समस्या बन गई है। सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद रजक पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी कोटेशन के आधार पर सब्सिडी जारी की।

राजू बाथम, अनीता बाथमरेखा कुशवाहा गिर्राज और सप्लायर के खिलाफ धोखाधड़ी की आरोप है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना द्वारा मछली पालन और मछली व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना शुरू की गई। इसका उद्देश्य मछली पालन को समृद्ध करना है और इसके साथ ही लाखों रोजगार के अवसर पैदा करना है, लेकिन हुआ यह की हितग्राहियों ने योजना में धोखाधड़ी कर दी। इस मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित कल्पना नगर में हुआ विवाद**

# पार्किंग के विवाद में ट्रेवल्स संचालक और महिला दोस्त से की मारपीट, अड़ीबाजी

**ट्रेवल्स एजेंसी संचालक से गाड़ी खड़ी करने को लेकर मांगे रुपए**

**बीच बचाव करने आए छोटे भाई से भी की मारपीट, सात आरोपियों पर मामला दर्ज**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित कल्पना नगर में पार्किंग की बात को लेकर हुए विवाद में ऑटो चालक ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर ट्रेवल्स संचालक और उसकी महिला दोस्त से मारपीट कर दी। मारपीट में महिला दोस्त के कुछ बाल उखड़ गए। ट्रेवल्स संचालक के साथ मारपीट होती देख छोटा भाई पहुंचा तो उससे भी मारपीट की गई है। पुलिस ने ट्रेवल्स संचालक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मारपीट, अड़ीबाजी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी कर रही है। अब तक सात आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

**रात करीब 9 बजे कल्पना नगर मदरसे के सामने महिला मित्र के साथ पहुंचे थे ट्रेवल्स एजेंसी संचालक**



ट्रेवल्स एजेंसी संचालक से मारपीट करते हुए।



महिला मित्र

पुलिस के अनुसार विनय मिश्रा (25) कल्पना नगर में रहते हैं और ट्रेवल्स एजेंसी का संचालन करते हैं। गत 15 जनवरी की रात करीब साढ़े 9 बजे वह अपने बोलेरो वाहन में कल्पना नगर में मदरसे के सामने महिला मित्र के साथ पहुंचे। वहां एक ऑटो खड़ा हुआ नजर आया। ऑटो में तीन लोग बैठे हुए थे। विनय ने कहा कि यहां मेरी गाड़ी खड़ी होती है आप ऑटो हटा लो। ऑटो में सवार एक व्यक्ति ने कहा कि तुझे अपनी गाड़ी खड़ी करनी है तो एक हजार रुपए महीने के देने होंगे। विनय ने ऑटो चालक और उसमें बैठे लोगों का विरोध किया। ऑटो में बैठे सभी लोग आलम नगर के थे। उन्होंने कॉल कर अपने परिचितों को बुला लिया। वे मौके पर पहुंचे और विनय मिश्रा से मारपीट शुरू कर दी। विनय मिश्रा के बचाव में आई उनकी महिला मित्र और छोटे भाई विनित मिश्रा से भी लोगों ने मारपीट की है।

**एसआईआर के बाद सरकार एक्शन मोड में**

# सीएस कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के एक्शन प्लान की लेंगे रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चुनाव आयोग द्वारा 22 साल बाद कराई गई एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) की प्रक्रिया पूरी होने और प्रशासनिक सिस्टम की सक्रियता थमने के बाद अब राज्य सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकताओं वाले कामों की समीक्षा में जुट गई है। सरकार अब जिलों में पदस्थ कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के परफॉर्मेंस डेटा की गहन पड़ताल कर रही है, ताकि आगामी तबादलों को लेकर ठोस निर्णय लिया जा सके।

दरअसल, 21 फरवरी को चुनाव आयोग का तबादलों पर लगा अघोषित प्रतिबंध खत्म होने वाला है। पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। ये तबादले इसलिए भी लंबे समय से प्रतीक्षित हैं, क्योंकि कई जिलों में पदस्थ एसपी अब डीआईजी पद पर पदोन्नत हो चुके हैं।

करीब साढ़े तीन माह पहले भोपाल में आयोजित दो दिवसीय कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में सरकार ने विभिन्न विभागों और जिलों के लिए एक विस्तृत एक्शन प्लान तय किया था। अब उसी एक्शन प्लान की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव ने एक बार फिर बैठक की तारीख तय की है। यह बैठक अब तक तीन बार स्थगित हो चुकी है और चौथी बार 21 जनवरी को होने का प्रस्ताव है।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन


अशोक चक्रधर


सुरेन्द्र शर्मा

रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में देश सुविख्यात कवि राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविताओं का पाठ करेंगे


वसीम बरेलवी

**भोपाल।** मप्र शासन, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 25 जनवरी को किया जा रहा है। रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में सायं 7 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में देश सुविख्यात कवि राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविताओं का पाठ करेंगे। संचालक संस्कृति एन.पी नामदेव ने बताया कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की संस्कृति विभाग की सुदीर्घ परम्परा रही है। इसका उद्देश्य साहित्य के माध्यम से अपने राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रकट करना और गणतंत्र के महत्व को नई पीढ़ी तक प्रसारित करना है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में इस वर्ष सुविख्यात कवि अशोक चक्रधर - नई दिल्ली, सुरेन्द्र शर्मा-नई दिल्ली, वसीम बरेलवी बरेली, डॉ. सीता सागर- कुरुक्षेत्र, कैलाश मंडेला - कोटा अपनी अपनी कविताओं का पाठ करेंगी।

# डॉ. प्रभात पांडेय साहित्य कला रत्न से विभूषित


साहित्य मनीषी डॉ. प्रभात पांडेय को सम्मानित करते हुए।

**भोपाल।** साहित्य मनीषी डॉ. प्रभात पांडेय को साहित्य कला रत्न (गध) सम्मान से विभूषित किया गया उन्हें यह सम्मान उनकी कृति कहीं में बुद्ध न हो जाऊं के लिए अखिल भारतीय कला मंदिर भोपाल द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह मानस भवन भोपाल में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सुरेश पचौरी पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार अध्यक्षता डॉ. रघुनंदन शर्मा पूर्व सांसद विशेष अतिथि पं विष्णु राजौरिया अध्यक्ष परशुराम कल्याण बोर्ड संस्था के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा गौरीश एवं कार्यकारी अध्यक्ष हरि वल्लभ शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि डॉ. प्रभात पांडेय वर्तमान में शासकीय महाविद्यालय शमशाबाद में लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने 15 पुस्तकें एवं 100 से अधिक आलेख विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

# केंद्रीय संस्कृत विवि में रूपकोत्सव व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन


केंद्रीय संस्कृत विवि में अतिथि का स्वागत करते हुए।

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विवि के भोपाल परिसर में स्थापित नाट्यशास्त्र अध्ययन एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा सोमवार को रूपकोत्सव व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत कुलगुरु प्रो. निवास वरखेड़ी ने कहा कि संस्कृत नाट्य परम्परा का गौरवशाली इतिहास है। हमारे नाट्य प्रस्तोताओं को क्षेत्रीय भाषाओं को समायोजित कर लोक की नाट्य परम्परा का मंचन करना चाहिए, जिससे कि संस्कृत के साथ अन्य भाषाओं जा विकास हो सके , वहीं विशिष्ट अतिथि प्रो. वामन केन्द्रे ने अपने वक्तव्य में नाट्य शास्त्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

# छतनारा की 75वीं पोएट्स वॉक में तीन घंटे तक चली कविताओं की जुगलबंदी

## कविता, गीत, गजल, अनुवाद सभी विधाओं की सुनाई रचनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी के राम बताओ, बोलो गिरधर श्याम बताओ, अब न ऐसे मौन धरो तुम, बोलो चारों धाम बताओ..., सारी तृष्णा छोड़ पड़ेंगे फिर जोगी हो जाएंगे, एक जगत के दो निर्मोही अपनी बिरहा गाएंगे... जैसे सुंदर मनभावन कविताओं की जुगलबंदी से सजी छतनारा की 75वीं पोएट्स वॉक। इस पोएट्स वॉक में शहर के कवि और कविता प्रेमी प्राकृतिक स्थलों पर बैठ कर कवितायें सुनते-सुनाते हैं। 2021 में शुरू हुई इस कविता श्रृंखला का यह 75वां आयोजन रहा। इस कार्यक्रम में पहले अनुराग भरत ने गजल और कवितायें सुनाईं, उसके बाद विवेक तिवारी ने अपनी अंग्रेजी कविता सभी से साझा की।


कविता श्रृंखला का यह 75वें आयोजन में शामिल हुए शहर के कवि।

### पोलिश लेखिका ने सुनाई हजारों बच्चों को गोद लेने की कथा

कार्यक्रम में पोलिश लेखिका मोनिका जुमोस्का भी मौजूद थीं। उन्होंने जामनगर के राजा द्वारा हजार पोलिश बच्चों को दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान गोद लेने की कहानी सुनाई। सीता जी ने अपनी डायरी से अपनी लिखी कविता का पाठ किया। राघव ने व्यंग्य रचनाएं सुनाकर सभी को लोटपोट कर दिया। हास्य कविताओं के सिलसिले में अनवर मोहम्मद ने गजल सुनाई। वहीं, छतनारा की निदेशिका मोहिनी शर्मा ने गीत चतुर्वेदी की कविताए सुनाईं।



## दुनिया के प्रसिद्ध कवियों की युद्ध-विरोधी कविताओं का प्रभावशाली पुनर्पाठ

# महाभारत समागम के चौथे दिन कर्ण वध और कनुप्रिया की प्रस्तुति ने मोहा मन



**ढोलक और मृदंग की ताल पर प्रस्तुत**

### युद्ध संवाद रहे खास

नाटक की शुरुआत कर्ण के वीरतापूर्ण प्रवेश से होती है, जहां मयूरभंज शैली के जटिल चरण और मुद्राएं उसके साहस और गर्व को अभिव्यक्त करती हैं। आगे दुर्योधन और अर्जुन के मध्य युद्ध की घोषणा का दृश्य आता है, जिसमें अहंकार, सत्ता और धर्म का द्वंद्व नृत्य के माध्यम से बताया। ढोलक और मृदंग की ताल पर प्रस्तुत युद्ध संवाद दर्शकों को रोमांचित करते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित सभ्यताओं के संघर्ष एवं औदार्य की महागाथा पर केंद्रित महाभारत समागम का चौथा दिन दुनिया के प्रसिद्ध कवियों- विस्साव शिम्बोर्स्का, पाब्लो नेरूदा, वाल्ट ह्विटमैन, बर्तोल्त ब्रेख्त की चुनी हुई युद्ध विरोधी रचनाओं के पुनर्पाठ का केंद्र रहा।

### मयूरभंज शैली में कर्णवध की प्रस्तुति

इसके पहले पूर्वरंग सत्र में 'कर्णवध' नृत्य-नाटिका का प्रभावशाली मंचन हुआ। मयूरभंज नृत्य शैली में प्रस्तुत इस नृत्यनाटिका का निर्देशन आदित्यप्रताप दास ने किया। महाभारत के युद्धकालीन प्रसंग पर आधारित यह प्रस्तुति वीरता, नियति और करुणा की त्रिवेणी को सशक्त रूप में उकेरती है।

### कनुप्रिया ने राधा के अंतर्मन को किया सजीव


नाटक की प्रस्तुति देते हुए।

इम्फाल (मणिपुर) द्वारा प्रस्तुत नाट्य प्रस्तुति कनुप्रिया दर्शकों के लिए एक गहन भावात्मक अनुभव बनी। इस नाटक का निर्देशन रतन थियाम एवं थवाई थियाम ने किया। यह प्रस्तुति राधा–कृष्ण के प्रेम को राधा के दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है।


नाटक की प्रस्तुति देतीं कलाकार।

### जवाब हवा में उड़ रहा है... का किया पाठ



काव्य पाठ के अंतर्गत इस अवसर पर प्रेमशंकर शुक्ल द्वारा दुनिया के प्रसिद्ध कवि विस्साव शिम्बोर्सका की कविता अंत और आरंभ का पाठ किया। वीर भारत के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बर्तोल्त ब्रेख्त की कविता जवाब हवा में उड़ रहा है का पुनर्पाठ किया। वहीं जयंत देशमुख ने बोरिस पॉस्तरनाक की कविता विजेता का पाठ करते हुए कहा क्या तुम्हें याद है... वह गले की खराश।

## पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर महिला व युवा पत्रकार हुए सम्मानित



# सनातन प्रेस क्लब ने किया महिला और युवा पत्रकारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सनातन प्रेस क्लब एवं एक निजी बुलेटिन द्वारा सोमवार को दुष्यन्त संग्रहालय में सम्मान समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट, निष्पक्ष एवं समर्पित कार्य करने वाली महिला एवं युवा पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सनातन प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि समारोह का उद्देश्य लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सशक्त बनाते हुए पत्रकारों के योगदान को समाज के सामने रेखांकित करना रहा। इस अवसर को हरिभूमि की वरिष्ठ पत्रकार मधुरिमा राजपाल सहित आठ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

समारोह में जल संसाधन विभाग के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, महापौर मालती राय एवं आचार्य शशांक शेखर महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि पत्रकार फील्ड में रहकर विषम परिस्थितियों में भी ईमानदारी और निष्पक्षता से कार्य करते हैं। लोकतंत्र की मजबूती में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका समर्पण सराहनीय है।

# संभावना गतिविधि में नृत्य एवं गायन प्रस्तुति



**भोपाल।** जनजातीय संग्रहालय में आयोजित संभावना गतिविधि में रविवार को सुरेंद्र सिंह एवं साथी, अनूपपुर द्वारा गोण्ड जनजातीय करमा नृत्य, संजय महाजन एवं साथी, बड़वाहा द्वारा गणगौर नृत्य, शीतल अत्रे एवं साथी, इंदौर द्वारा निमाड़ी गायन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में शीतल अत्रे एवं साथी, इंदौर द्वारा गणेश वंदना.., गणगौर गीत एवं अन्य पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद का यात्रा-वृत्तांत पर आधारित कार्यक्रम आयोजित

# विद्वान का संग और यात्रा समान, इसलिए मनुष्य को यात्रा करते रहना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद, भोपाल इकाई का यात्रा-वृत्तांत पर आधारित कार्यक्रम हाल ही में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बिनय राजाराम ने कहा कि भारतीय संस्कृति यात्राओं से गहरे तक जुड़ी है। यात्राएं बाहरी व आंतरिक दोनों होती हैं, यात्राएं मनुष्य को सामाजिक बनाती हैं।



यात्रा–वृत्तांत पर आधारित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ऋषि कुमार मिश्र, निदेशक मुक्तिबोध सृजन पीठ ने कहा कि विद्वान का संग व यात्रा समान है। इसलिए मनुष्य को यात्रा करते रहना चाहिए। वहीं डॉ. नुसरत मेहंदी ने कहा कि चरैवेति चरैवेति जीवन और निरंतर गतिशीलता का संदेश है। यात्रा स्वयं लक्ष्य नहीं, बल्कि उद्देश्य की पूर्ति का माध्यम है। सीमा अग्रवाल ने अपनी द्वारका की यात्रा का वर्णन सुनाया तो उषा चतुर्वेदी ने बटेश्वरनाथ के मंदिर जाने वाली यात्रा का वर्णन सुनाया। जवाहर कर्नावट ने अपनी विभिन्न देशों की यात्राओं का वर्णन सुनाया, जिसमें मलेशिया, जापान, त्रिनिदाद आदि शामिल थे।

**ट्रैकिंग में 14 वर्ष से लेकर 65 वर्ष के 26 सदस्यों ने लिया उत्साह से भाग**

# ग्रीन एडवेंचर ग्रुप ने पातालकोट ट्रैकिंग का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्रीन एडवेंचर ग्रुप ने हाल ही में एडवेंचर लवर्स के लिए 220 किमी दूर तामिया स्थित पातालकोट ट्रैकिंग का आयोजन किया। इस ट्रैक में 26 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उबड़-खाबड़, उंचे-नीचे, पथरीले रास्ते पर 3 पहाडों को पार करते हुए बड़ी संख्या में युवाओं ने अपने साहस का परिचय दिया। इस ट्रैक में 14 वर्ष से लेकर 65 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया। ट्रेकिंग में प्रतिभागियों ने राजा की खोह और दूधी नदी तक का सफर किया। वहीं कैम्प फायर में गीत गजल और डांस भी किया। बैस्टू ट्रैकर का अवार्ड धर्मेंद्र पांडे को मिला।



## आंचलिक विज्ञान केन्द्र में भौतिक शास्त्री प्रो. अशोक सेन का व्याख्यान

# मूल कणों, स्ट्रिंग सिद्धांत, क्वांटम गुरुत्वाकर्षण जैसे विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केन्द्र में सोमवार को विश्वप्रसिद्ध भौतिकशास्त्री प्रो. अशोक सेन द्वारा एकीकृत सिद्धांत की खोज विषय पर लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। प्रो. सेन विश्व के अग्रणी सैद्धांतिक भौतिकशास्त्रियों में से एक हैं। स्ट्रिंग सिद्धांत एवं क्वांटम गुरुत्वाकर्षण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण, डिरैक मेडल एवं फंडामेंटल फिजिक्स प्राइज सहित अनेकों प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। अपने व्याख्यान में उन्होंने ब्रह्मांड के मूलभूत नियमों को एकीकृत रूप में समझाने के वैज्ञानिक प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए मूल कणों, स्ट्रिंग सिद्धांत, क्वांटम गुरुत्वाकर्षण तथा ब्लैक होल जैसे विषयों पर सरल एवं प्रभावी शैली में चर्चा की।


आंचलिक विज्ञान केन्द्र में भौतिकशास्त्री प्रो. अशोक सेन से चर्चा करते बच्चे।


भौतिकशास्त्री प्रो. अशोक सेन बच्चों को जानकारी देते हुए।

### अवधारणाओं को गहराई से समझना कॅरियर चयन में है आवश्यक

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. सेन ने कहा कि करियर चयन की अवस्था में विद्यार्थियों के लिए केवल अध्ययन करना नहीं, बल्कि अवधारणाओं को गहराई से समझना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जो ज्ञात है और जो अज्ञात है, उनके बीच स्पष्ट भेद करना ही ज्ञान की वास्तविक शुरुआत है।


# 'उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट सिल्क एक्सपो का मंत्री विश्वास ने किया भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बिट्टन मार्केट स्थित दशहरा मैदान में शादी-ब्याह और विंटर सीजन की विशेष खरीदारी के लिए 'उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट सिल्क एक्सपो का भव्य शुभारंभ हो गया है।

इस गौरवशाली प्रदर्शनी का उद्घाटन मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। यह प्रदर्शनी 19 जनवरी से प्रारंभहोकर आगामी 2 फरवरी तक शहरवासियों के लिए खुली रहेगी। उद्घाटन के अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने देशभर से आए शिल्पकारों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि हमारी लुप्त होती पारंपरिक कलाओं को पुनर्जीवित करने वाले ये कलाकार देश की असली धरोहर हैं और हमें ऐसे हुनरबाजों को मंच प्रदान कर उन्हें दोबारा स्थापित करना चाहिए। इस एक्सपो में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के 25 राज्यों से आए 150 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के शिल्पकार और बुनकर अपनी अद्भुत बुनाई कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। सेल के अदर 100 से अधिक एग्जीबिटर्स ने अपने आर्ट वर्क से लोगों का मन मोह लिया है।






# अजय ने की एआई निर्मित फिल्म बाल तान्हाजी की घोषणा

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपनी एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक एआई निर्मित फिल्म होगी। अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजीः द अनंसग' वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि, अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तान्हाजी' की घोषणा की है। 2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तान्हाजी' इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी।

लाइफ Style



# श्रद्धा
## मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने मजेदार कैप्शन लिखा है, जिस पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। श्रद्धा अपने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फनी कैप्शन लिखने के लिए जानी जाती हैं।

सोमवार को एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ ऐसी बात लिखी है कि उनके फैंस और नेटिजन्स हंसी नहीं रोक पा रहे। दरअसल, श्रद्धा कपूर आज सोमवार को रविवार का लुत्फ उठा रही हैं। रविवार मनाने की जगह श्रद्धा सोमवार को रविवार की छुट्टी मना रही थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी दो फोटोज शेयर की हैं, जिनमें मैसी लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे?' श्रद्धा कपूर के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के कमेंट्स की झड़ी लग गई है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर हम स्त्री जी का क्या ही बिगाड़ लेंगे'। एक यूजर ने लिखा, 'हम भी संडे मना लेंगे, लेकिन आज वैसे मंडे ही है'। कुछ यूजर्स सवाल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'इतना एआई देख लिया कि अब सब एआई लगता है'। इस पर श्रद्धा ने जवाब दिया है, 'जब सब एआई है तो कुछ एआई नहीं है'। एक यूजर ने लिखा, 'आज मेरा फ्राईडे है'। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'आपने लाइफ क्रैक कर ली है। बधाई हो'। एक यूजर ने लिखा, 'उदयपुर आओ, बताता हूं'। श्रद्धा ने लिखा है, 'आ रही हूं।

## हॉलीवुड मसाला




# टिमोथी से कर ली सीक्रेट शादी

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों काईली जेनर और टिमोथी चालमेट के रिश्ते को लेकर खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में दोनों ने एक साथ गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में एक साथ शिरकत की। इस दौरान सभी की नजरें इस कपल पर ही आकर ठहरीं। वैसे भी दोनों अपने रिश्ते को जगजाहिर कर चुके हैं। हालांकि, अब खबरें आ रही हैं कि टिमोथी और काईली शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दरअसल, हाल ही में जब दोनों स्टार्स गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में पहुंचे तो यहां पर दोनों ने एक दूसरे को किस किया और इसके बाद से दुनियाभर में इस कपल की चर्चा हुई।




# नए सस्पेंस और थ्रिल के साथ लौट रहीं जेंडाया...

**नई दिल्ली।** जिस वेब सीरीज ने जेंडाया को 2 एमी अवॉर्ड्स, एक क्रिटिक्स च्वॉइस अवॉर्ड और एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड दिलाया है, उस वेब सीरीज के नए सीजन से एक बार फिर हॉलीवुड एक्ट्रेस धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। हम बात कर रहे हैं टॉप रेटेड साइकोलॉजिकल ड्रामा यूफोरिया की जिसका नया सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। चार साल बाद हॉलीवुड सीरीज यूफोरिया सीजन 3 रिलीज होने जा रहा है। यह एक साइकोलॉजिकल ड्रामा है जिसमें जेंडाया ने मुख्य भूमिका निभाई है। अब सीरीज में नए पहलू के साथ जेंडाया की वापसी हुई है। यूफोरिया सीजन 3 का ट्रेलर जारी किया गया है जो सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर है। सीजन 3 की कहानी जेंडाया और बाकी बच्चों के एडल्टहुड के इर्द-गिर्द घूमने वाली है।



# पुष्पा-2 हुई जापान में रिलीज, मिले तोहफे

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया।



# भगवान खाटू श्याम पर बन गई है फिल्म

**मुंबई।** नीम करोली बाबा पर एआई की मदद से कई भाषाओं में सीरीज बन रही है और इसी बीच भगवान खाटू श्याम पर एआई से पहली फिल्म बनाई गई है। सिंगर कन्हैया मित्तल ने इसे बनाया है और कुछ दिन पहले टीजर भी रिलीज किया था। सिंगर कन्हैया लाल मित्तल, 7 साल की उम्र से भजन गा रहे थे और भगवान खाटू श्याम को बहुत मानते हैं। इस फिल्म के जरिए खाटू श्याम भगवान की कथाओं के अलावा कई और चीजों के बारे में बताया जाएगा। दो हफ्ते पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसका नाम 'जय जय बाबा श्याम' रखा गया है। खाटू श्याम भगवान पर बनी एआई फिल्म के जरिए यह बताना चाहते थे कि उनका पिछला जन्म कैसा था, उनका पुनर्जन्म, उनकी कथाएं और साथ ही ये कि क्यों खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है।

## टीवी मसाला

# पता नहीं लौटूंगी या नहीं, नेहा ने अचानक काम से बनाई दूरी

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने फैंस को चौंका दिया है और उन्होंने घोषणा की है कि वो कुछ दिनों के लिए काम से ब्रेक ले रही हैं। इतना ही नहीं, नेहा ने अपनी पर्सनल लाइफ की दिक्कतों को लेकर भी हिंट दिया है और कहा कि वो रिश्तों से भी ब्रेक पर हैं।



'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने अचानक फैंस को चौंका दिया है। अपने गाने 'कैंडी शॉप' को लेकर कुछ ही हफ्तों तक जमकर ट्रोलिंग और आलोचना झेलने के बाद नेहा कक्कड़ ने घोषणा की है कि वह कुछ समय के लिए लाइमलाइट से दूर रहेंगी। सिंगर ने बताया कि वह अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ, यहां तक कि 'रिश्तों' से भी ब्रेक ले रही हैं, और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि वह वापसी करेंगी या नहीं। सोमवार को नेहा कक्कड़ ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर घोषणा की कि वह 'जिम्मेदारियों, रिश्तों और काम' से ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'अब जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम और उन सभी चीजों से कुछ समय के लिए ब्रेक लेने का समय है जिनके बारे में मैं अभी सोच सकती हूं। पता नहीं मैं वापस आऊंगी या नहीं। धन्यवाद। उन्होंने एक बार फिर पोस्ट करके पपाराजी से अनुरोध किया कि वे उनकी वीडियो न बनाएं। उन्होंने लिखा, 'मैं पपाराजी और फैंस से अनुरोध करती हूं कि वे मेरी वीडियो न बनाएं। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी निजता का सम्मान करेंगे और मुझे इस दुनिया में स्वतंत्र तरीके से जीने देंगे। कृपया कैमरे न लगाएं। मेरा आपसे अनुरोध है। मेरी शांति के लिए आप सब इतना तो कर ही सकते हैं।'

## जूनियर क्रिकेटर्स को धमकाते थे युवराज

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड का झलक दिख चुकी है और इसमें क्रिकेटर्स वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ और युवराज सिंह नजर आने वाले हैं। तीनों ने अपनी जिंदगी के मजेदार किस्से सुनाए।



युवराज सिंह और सहवाग की बातें तो आपको लोटपोट कर देंगी।' कपिल ने युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ के क्रिकेट सफर की भी तारीफ की। बाद में, कॉमेडियन ने युवराज से जूनियर क्रिकेटरों को धमकाने के आरोपों के बारे में पूछा। उन्होंने रोहित शर्मा का एक पुराना वीडियो दिखाया, जिसमें रोहित शर्मा युवराज से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बता रहे थे। यह वीडियो देखकर सब हंस पड़े। वीडियो में रोहित ने कहा, 'जब मैं पहली बार क्रिकेट बस में बैठा, तो मुझे नहीं पता था कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए सीटें तय होती हैं। मैं गलती से युवराज सिंह की सीट पर बैठ गया और उसने मुझे जो घूरकर देखा, वो क्या था! उसके बाद मैं कभी वहां नहीं बैठा।'

# एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आए सिद्धांत और मृणाल...

**मुंबई।** फिल्म 'दो दीवाने सहर में'का रोमांटिक टीजर रिलीज हो चुका है। इसके टीजर में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की लव केमिस्ट्री देखने को मिली। संजय लीला भंसाली के भंसाली प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज के बैनर तले बनी यह फिल्म इस वैलेंटाइन वीक पर रिलीज होगी। टीजर में मेकर्स ने दावा किया है कि इस बार प्यार के मौसम में इस 'इस्क' से 'इस्क' हो जाएगा। 'मॉम' जैसी फिल्म बना चुके निर्देशक रवि उदयावर ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'दो दीवाने सहर' के टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में बज रहे फिल्म 'घरौंदा' के मशहूर गाने 'दो दीवाने शहर में' से होता है। इसलिए, यह थोड़ा अनोखा है। टीजर की शुरुआत में मृणाल और सिद्धांत रोमांटिक अंदाज में नजर आते हैं, लेकिन टीजर के आखिर के कुछ सेकेंड में यह प्रेम कहानी दर्द के एहसास में बदलती दिखाई देती है। करीब 1 मिनट के टीजर में इसमें प्यार और दर्द दोनों को दिखाया गया है। निर्माताओं ने आज 'दो दीवाने सहर में' का टीजर शेयर किया। टीजर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'क्योंकि हर 'इस्क' परफेक्ट नहीं होता, पर काफी होता है। इस शहर की एक ऐसी ही अधूरी लेकिन पूरी प्रेम कहानी के साक्षी बनिए।' 'दो दीवाने सहर में' को अभिरुचि चंद ने लिखा और रवि उदयवार ने निर्देशित किया है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्माण संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने जी स्टूडियोज, रैनकॉर्प मीडिया और भंसाली प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह फिल्म 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।



# पूरे वीक होगा महा मनोरंजन, थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई फिल्में और सीरीज...

**नई दिल्ली।** सोमवार 19 जनवरी से नए सप्ताह की शुरुआत हो गई है। इस वीक कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज होंगी, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा 'बॉर्डर 2' की हो रही है। मगर, ओटीटी पर भी काफी कुछ खास आने वाला है। कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी। हम आपके लिए 19 से लेकर 25 जनवरी तक रिलीज होने वाले लेटेस्ट थ्रिलर की लिस्ट लेकर आए हैं, जिन्हें आप सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक आसानी से देख सकते हैं।



**गुस्ताख इश्क** : विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 'गुस्ताख इश्क' 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म का निर्देशन विभु पुरी ने किया है। इसमें नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी जैसे सितारे भी हैं।

**तेरे इश्क में** : कृति सेनन और धनुष अभिनीत फिल्म 'तेरे इश्क में' बीते वर्ष नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। अब इस सप्ताह यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। 'तेरे इश्क में' 23 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में प्रकाश राज, प्रियांशु पैन्युली और तोता रॉय चौधरी जैसे सितारे हैं।

**मार्क** : कन्नड़ फिल्म मार्क भी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुई थी। वहीं, अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। इस फिल्म में किच्चा सुदीप का लीड रोल है। उनके अलावा शाइन टॉम चाको, नवीन चन्द्र, विक्रांत और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

**स्पेस जेन : चन्द्रयान** - यह स्पेस साइंस ड्रामा सीरीज भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज के क्रिएटर अरुणाभ कुमार हैं। इसमें श्रिया सरन, गोपाल दत्त, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और दानिश सैत जैसे सितारे हैं।

**सिराई और इट्स नॉट लाइक दैट** : इसके अलावा तमिल क्राइम कोर्टरूम ड्रामा फिल्म भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में है। 23 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी। वहीं अमेरिकी ड्रामा सीरीज 'इट्स नॉट लाइक दैट' की भी काफी चर्चा हो रही है, जो 25 जनवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

## गुडलुक्स पर लड़कियां थीं फिदा, खून भरी मांग रही कॅरियर की यादगार फिल्म

# 80 के दशक में दर्शकों का दिल जीतने वाला विलेन

*नई दिल्ली। 70 और 80 के दशक में कई स्टार्स ऐसे आए जिन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और ये पहचान सिर्फ हिंदी सिनेमा तक ही सीमित नहीं रही बल्कि ये पहचान इंटरनेशनल लेवल तक गई। आज हम आपको एक ऐसे एक्टर की कहानी बताएंगे जो पर्दे पर हीरो बना तो विलेन बनकर भी उसने लोगों का दिल जीता। उसके गुडलुक्स पर लड़कियां फिदा थीं और यही वजह है कि निजी जीवन में उस एक्टर ने 4 बार शादियां कीं।*



### फिल्मों में आकर छा गए

16 जनवरी 1946 को पंजाब में हुआ था। कबीर बेदी को शुरू से ही एक्टर और मॉडल बनने का शौक था। लंबी कद-काठी वाले कबीर बेदी धीरे-धीरे मॉडलिंग की तरफ बढ़े और फिर हिंदी सिनेमा में आ गए। मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम करते-करते कबीर बेदी को साल 1971 में पहली फिल्म हलचल में काम करने का मौका मिला और ये उनकी डेब्यू फिल्म बनी। इसके बाद वो साल 1973 में फिल्म कच्चे धागे में नजर आए और इस फिल्म से हिट हो गए। इस फिल्म के बाद वो कई फिल्मों में नजर आए। हालांकि ज्यादातर फिल्मों में वो विलेन बनकर ही दिखे। साल 1988 में रेखा के साथ आई फिल्म खून भरी मांग उनके कॅरियर की यादगार फिल्म रही है।

### हॉलीवुड में भी बनाई पहचान

कबीर बेदी सिर्फ हिंदी सिनेमा तक सीमित नहीं रहे। उनके लुक्स के चलते उन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया। इटली की टीवी सीरीज 'सैंडोकन' में भी उन्होंने काम किया। इस टीवी शो में वो समुद्री डाकू के किरदार में नजर आए। ये शो पूरे यूरोप में इतना हिट हुआ कि कबीर बेदी वहां के 'नेशनल हीरो' तक बन गए। इटली की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से भी नवाजा। इसके अलावा उन्होंने जेम्स बॉन्ड के साथ भी काम किया। साल 1983 में वो बॉन्ड सीरीज का हिस्सा बने। इस फिल्म में उनके और रॉजर मूर (**Roger Moore**) के फाइट सीन्स की खूब चर्चा हुई। कबीर बेदी ऐसे पहले भारतीय थे जिन्होंने जेम्स बॉन्ड फिल्म में मेन विलेन 'गोबिंदा' का किरदार निभाने का मौका मिला था।



### 70 साल की उम्र में चौथी बार बने दूल्हा

तीन शादियां और एक गर्लफ्रेंड से रिश्ता टूटने के बाद कबीर बेदी की जिंदगी में दस्तक दी परवीन दुसांझ ने। परवीन और कबीर बेदी लंबे समय तक दोस्त रहे लेकिन अपने 70वें जन्मदिन से पहले कबीर ने परवीन दुसांझ को अपना हमसफर बना लिया और दोनों की इस शादी ने इंटरनेट पर खूब चर्चा बटोरी। बड़ी बात ये है कि कबीर से परवीन दुसांझ पूरे 30 साल छोटी हैं। जब परवीन और कबीर बेदी की शादी हुई तब परवीन की उम्र 45 वर्ष की थी। दोनों शादी से पहले करीब 10 साल तक रिलेशनशिप में रहे और फिर दोनों ने साल 2016 में शादी करके सबको चौंका दिया। कबीर बेटी की बेटी पूजा बेदी से भी उनकी चौथी बीवी छोटी हैं।

**3 बीवियों से हुए अलग, परवीन बाबी से जुड़ा नाम** : कबीर बेदी प्रोफेशनल से ज्यादा पर्सनल लाइफ के लिए चर्चा में रहे। साल 1969 में कबीर बेदी ने पहली शादी डांसर प्रोतिमा बेदी से की थी। इस शादी से दोनों को दो बच्चे पूजा बेदी और बेटा सिद्धार्थ हुए। इस शादी के कुछ वक्त बाद ही दोनों अलग हो गए। इसके बाद कबीर और प्रोतिमा के बेटे सिद्धार्थ ने खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद प्रोतिमा भी एक हादसे में चल बसीं। इसके बाद कबीर बेदी का नाम एक्ट्रेस परवीन बाबी के साथ भी जुड़ा। हालांकि ये रिश्ता भी ज्यादा दिन नहीं चला। इसके बाद कबीर ने ब्रिटिश फैशन डिजाइनर सुसैन हम्फ्रेस से शादी कर ली। दोनों का एक बेटा भी हुआ, हालांकि ये शादी भी टूट गई। तीसरी शादी कबीर बेदी ने टीवी प्रेजेंटर निक्की से की।

# वनडे के बाद भारत के सामने टी20 सीरीज में न्यूजीलैंड की चुनौती, शेड्यूल पर हेड-टू-हेड नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज 1-2 से गंवाने के बाद भारतीय टीम को इसी टीम के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। टी20 सीरीज 21 से 31 जनवरी तक खेली जानी है। वनडे सीरीज गंवाने के बाद टी20 सीरीज जीतना भारतीय टीम के लिए बड़ी चुनौती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज विश्व कप से ठीक पहले है।

भारत विश्व कप का सह-मेजबान है। ऐसे में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज जीत भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारतीय टीम अपनी धरती पर और वो भी टी20 फॉर्मेट में काफी मजबूत है। हालांकि न्यूजीलैंड के प्रदर्शन को देखते हुए उसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसलिए टी20 सीरीज के रोमांचक होने की उम्मीद है।



### टी20 सीरीज का शेड्यूल

टी20 सीरीज के शेड्यूल पर गौर करें तो पहला मैच 21 जनवरी को नागपुर में, दूसरा मैच 23 जनवरी को रायपुर में, तीसरा मैच 25 जनवरी को गुवाहाटी में, चौथा मैच 28 जनवरी को विशाखापत्तनम में और पांचवां मैच 31 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से खेले जाएंगे।

### टीमें इस प्रकार

**टीम इंडिया**


सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (पहले तीन टी20 के लिए), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड**

मिशेल सेंटनर (कप्तान), डेवोन कोनवे, बेवन जेकब्स, टिम रॉबिनसन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैक फॉक्स, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, जेकब डफी, काइल जेमीसन, ईश सोढ़ी और मैट हेनरी।

## हम पर्याप्त समय तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए : गिल

**इंदौर।** न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में पहली हार न केवल आंकड़ों के लिहाज से एक झटका थी, बल्कि इससे एक असहज स्पष्टता भी उजागर हुई और कप्तान शुभमन गिल ने हार के अंतर या कुछ खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी का बहाना नहीं बनाया। श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय टीम की पराजय के बाद गिल ने एक ऐसे पैटर्न का खुलासा किया, जिसने उनके शब्दों में, 'दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।' गिल ने मैच के बाद कहा, 'ऐसा नहीं है कि हमने खराब बल्लेबाजी की। बात यह थी कि हम पर्याप्त देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। जब बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिलती है और वे उसे बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाते तो




स्थिति बहुत मुश्किल हो जाती है। हमारे कम से कम दो बल्लेबाजों को लंबी पारी खेलनी चाहिए थी। यही उनके और हमारे बीच का अंतर रहा।' भारत पूरी श्रृंखला में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया, जिसमें इंदौर में खेला गया मैच भी शामिल है। शुभमन ने कहा, 'जब भी उनके बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की तो वह बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहे। श्रृंखला में इसी ने मुख्य अंतर पैदा किया। पहले दो मैचों में मैं भी जम गया था, लेकिन मैं उसे 100, 120 या 130 रन में नहीं बदल पाया। बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है।' रविंद्र जडेजा पिछले कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन गिल ने कहा कि हार के लिए सभी खिलाड़ी जिम्मेदार हैं।

## खबर संक्षेप



### भगत और कदम ने जीते पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने काहिरा में मिस्र पैरा बैडमिंटन आमंत्रण टूर्नामेंट 2026 में अपने अपने एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद टीम वर्ग में भी स्वर्ण हासिल किया। भगत ने एसएल3 पुरुष एकल फाइनल में उमेश विक्रम कुमार को हराकर पीला तमगा हासिल किया। उन्होंने यह मुकाबला 19-21, 21-15, 21-13 से जीता। एसएल 4 पुरुष एकल में सुकांत ने भारत के सूर्यकांत यादव को 27-25, 21-18 से मात दी। दोनों ने पुरुष युगल में उमेश और सूर्यकांत को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

### 25 जनवरी से पहली कबड्डी चैंपियंस लीग




**नई दिल्ली।** पहली कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) का आयोजन 25 जनवरी से 7 फरवरी तक हरियाणा स्थित खेल विश्वविद्यालय में किया जाएगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। केसीएल ने आधिकारिक तौर पर पहले सत्र के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह प्रतियोगिता 12 दिन तक चलेगी, जिसमें आठ फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इन टीम में सोनीपत स्टार्स, गुरुग्राम गुरुज, हिसार हीरोज, भिवानी बुल्स, रोहतक रॉयल्स, करनाल किंग्स, पानीपत पैंथर्स और फरीदाबाद फाइटर्स शामिल हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन लीग प्रारुप में किया जाएगा, जिसमें सभी टीम एक दूसरे का सामना करेंगी।

### 2 फरवरी से मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए के ड्रॉ मैच




**मुंबई।** मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज टेनिस टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ के मैच 2 से 8 फरवरी तक महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ के परिसर में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग राउंड के मैच 30 जनवरी से एक फरवरी तक खेले जाएंगे। इसमें एकल और युगल मुकाबले शामिल होंगे। एकल वर्ग में जिन खिलाड़ियों ने खेलने की पुष्टि कर दी है उनमें न्यूजीलैंड की लुलु सन, लातविया की डारजा सेमेनिस्टाजा, ऑस्ट्रेलिया की किम्बर्ली बिररेल, बेल्जियम की हैने वैंडविंकेल, चीनी ताइपे की जोआना गारलैंड और फ्रांस की लियोलिया जेजेन शामिल हैं। पिछले साल की उपविजेता थाईलैंड की मनंचया सवांगकाव भी इसमें भाग लेंगी। भारतीय खिलाड़ियों के नाम बाद में वाइल्ड कार्ड के जरिए मुख्य ड्रॉ की सूची में शामिल किए जाएंगे।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन: कोको गॉफ, अनिसिमोवा और मेदवेदेव ने दूसरे दौर में बनाई जगह

# 113वीं रैंकिंग की सोनमज ने किया बड़ा उलटफेर रूस की एकातेरिना को तीन सेट में हराया

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को अपनी सर्विस पर कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह अमांडा अनिमिसोवा और दानिल मेदवेदेव के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। तुर्की की 113वीं रैंकिंग की जेनेप सोनमज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 11वीं वरीय एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को तीन सेट में 7-5, 4-6, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बना ली। मैच के दौरान सोनमज ने बाल गर्ल की मदद की और चर्चा का विषय बनीं।

### डबल फॉल्ट की समस्या से जूझी कोको

गॉफ ने पहले दौर के मैच में कामिला रखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से पराजित किया। गॉफ ने दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, लेकिन मेलबर्न पार्क में वह कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई हैं। पिछले साल वह क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई थीं। अमेरिकी खिलाड़ी को फिर से डबल फॉल्ट की समस्या से जूझना पड़ा। दूसरे दौर में गॉफ का सामना ओल्गा डैनिलोविच से होगा। डैनिलोविच ने रविवार को पहले दौर के मैच में 45 वर्षीय वीनस विलियम्स को हराया था।

### मेदवेदेव ने जोंग को हराया

पुरुषों के वर्ग में कनाडा की सातवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स औगर अलियासिमे ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के खिलाफ अपना मैच बीच में ही छोड़ दिया। दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले इस मैच में तब बोर्गेस 3-6, 6-4, 6-4 से आगे चल रहे थे।ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को 7-5, 6-2, 7-6 (2) से हराकर ऑस्ट्रेलिया में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने ब्रिस्बेन में खिताब जीता था।




### मैच के दौरान बॉल गर्ल की मदद करने के बाद छाई जेनेप



तुर्की की जेनेप सोनमज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का पहला सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 11वीं वरीय एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को तीन सेट में 7-5, 4-6, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बना ली। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने वाली पहली तुर्किश महिला खिलाड़ी बन गई हैं। 113वीं रैंकिंग की टेनिस खलिाड़ी के जबरदस्त खेल की चर्चा हर तरफ हो रही है, मगर वो इससे ज्यादा तो मैच के दौरान बॉल गर्ल की मदद करने के लिए छाई हुई हैं। दरअसल सोनमज पहला सेट जीतकर दूसरे सेट अपने नाम मुकाबला जीतने के लिए जब जोर लगा रही थी, तभी एक बॉल गर्ल बेहोश हो गई, जिसकी मदद के लिए उन्होंने दौड़ लगाई। हालांकि इसके बाद वह दूसरा सेट हार गई। तीसरे सेट में उन्होंने वापसी करते हुए टूर्नामेंट का पहला बड़ा उलटफेर कर दिया।

### सोनमज ने किया सर्विस रोकने का अनुरोध

रूसी खिलाड़ी एलेक्जेंड्रोवा जब दूसरे सेट के लिए सर्व करने की तैयारी कर रही थी, तो अंपायर की कुर्सी के पास खड़ी बॉल गर्ल अपनी पीठ के बल गिर गई, लेकिन तुरंत उठ गई। हालांकि इसके बाद भी वह बीमार नजर आ रही थी। वो फिर से गिरती, उसे पहले बॉल गर्ल को बचाने के लिए 113वीं रैंक वाली सोनमज ने एलेक्जेंड्रोवा से सर्व रोकने का अनुरोध किया और बॉल गर्ल के पास जाकर उसे कोर्ट से बाहर ले जाने में मदद की।

## फुटबॉल

# सेनेगल का अफ्रीका कप पर कब्जा, मोरक्को को हराया



एजेंसी ▶▶| रबात

सेनेगल ने पेप गुये के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से मेजबान मोरक्को को 1-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बेहद तनावपूर्ण परिस्थितियों में खेले गए फाइनल में दोनों टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर पाई थी लेकिन आखिर में पेप गुये निर्णायक गोल करने में सफल रहे। फाइनल मैच में तनाव काफी बढ़ गया था। मैच के दौरान ऐसा समय भी आया जब दर्शकों ने मैदान पर घुसने की कोशिश की।

### मैड्रिड को 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स' की मेजबानी

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

मैड्रिड लगातार तीसरे वर्ष 'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स' की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। पिछले साल की तरह यह पुरस्कार समारोह 20 अप्रैल को सिबेल्स पैलेस में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने कहा, 'मैड्रिड ने 2024 में पहली बार लॉरियस पुरस्कारों की मेजबानी की थी और उसके बाद शहर को 'लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड' से बहुत फायदा हुआ।

**म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या.**
कार्यालय: तृतीय तल सहकार भवन रंगमहल टॉकीज के सामने नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल, फोन : 0755-2775662, 2779368
फैक्स : 2779368,94, E-mail : awassangh@gmail.com
क्रमांक/आ.संघ/संपदा/2025/941 दिनांक : 16.01.2026

**आम-सूचना नामांतरण हेतु**

म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. भोपाल के कार्यालयीन रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड क्रमांक 171, आराधना नगर भोपाल, राजधानी सहकारी गृह निर्माण समिति मर्या. भोपाल द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता आत्मज स्व. नन्दकिशोर गुप्ता को संस्था द्वारा वर्ष 1985 में हस्तांतरित/आवंटित किया गया था। श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 25.03.2024 को हो चुका है। उक्त भूमि की लीज अवधि वर्ष 2006 में समाप्त हो जाने के पश्चात नामांतरण/लीज नवीनीकरण वर्ष 2025 में प्रारंभ हुयी।
आराधना नगर की नामांतरण एवं लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ होने के पश्चात श्रीमती गायत्री गुप्ता पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा उक्त प्लाट/भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम से कराने हेतु आवेदन एवं दस्तावेजों को प्रेषित कर अनुरोध किया गया है। यदि उपरोक्त प्लॉट/भूखण्ड के नामांतरण पर संपत्ति से हितबद्ध वारिस एवं अन्य किसी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो **15 दिवस** में मय दस्तावेज एवं प्रमाण के साथ आवास संघ कार्यालय में सम्पर्क करें।
उक्त निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त प्लॉट क्रमांक 171, आराधना नगर भोपाल का नामांतरण श्रीमती गायत्री गुप्ता पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता के पक्ष में करने हेतु आवास संघ स्वतंत्र रहेगा।
**नोट:-** आपत्ति प्रस्तुत करने का स्थान म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. तृतीय तल, सहकार भवन नार्थ टी.टी. नगर भोपाल।
म.प्र. माध्यम/124045/2026 प्रबंध संचालक

## इंडोनेशिया मास्टर्स : अच्छा प्रदर्शन करने पर भारतीय खिलाड़ियों की निगाह

### आज से शुरू 5 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले सप्ताह घरेलू धरती पर खेले गए इंडिया ओपन के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि एचएस प्रणय को मलेशिया के पूर्व विश्व नंबर दो और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचने वाले किदाम्बी श्रीकांत का मुकाबला जापान के कोकी वातानाबे से, जबकि थारुन मन्नेपल्ली का मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा।



### सिंधू करेंगी सुइजू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त पीवी सिंधू जापान की मनामी सुइजू के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। सिंधू को इंडिया ओपन के पहले दौर में ही वियतनाम की विश्व में नंबर 23 गुयेन थुई लिन्ह से हार का सामना करना पड़ा था। जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा का मुकाबला जापान की चौथी वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी से होगा। उन्नति हुडा पहले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन युफेई का सामना करेंगी जबकि मालविका बंसोड का मुकाबला कनाडा की छठी वरीयता प्राप्त मिशेल ली से होगा। पुरुष युगल में हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन चौथे क्वालीफाइंग राउंड में अपनी चुनौती पेश करेंगे।

### भारत में टी20 वर्ल्ड कप खेलो या बाहर हो आईसीसी की बीसीबी को दो टूक

*नई दिल्ली। आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या 7 फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। आईसीसी और बीसीबी के बीच बातचीत के बावजूद मसले का कोई हल नहीं निकल पाया है। यह संकट बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किए जाने के बाद शुरू हुआ। आईसीसी के सूत्र ने कहा,' बीसीबी अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिए कहा गया है। अगर वे भारत आने से इनकार करते हैं तो रैंकिंग के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जाएगा।' सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देकर बीसीबी ने कहा है कि उसकी टीम कोलकाता और मुंबई में विश्व कप के लीग मैच खेलने भारत नहीं जाएगी।*

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, नर्मदापुरम (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्र. 01/2026/e-Tender/N.Puram दि-10/01/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| स. क्रं. | टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि(रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB _474840 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग, संभाग नर्मदापुरम के अंतर्गत उपसंभाग सिवनी मालवा के बैराखेड़ी घुघवासा बोरतलाई मार्ग एवं पचमढ़ी उपसंभाग के स्टेशन सरकुलर मार्ग पर एस. टी. एम. सी. कार्य । | द्वितीय | 71.89 | 71890/- |
| 2 | 2026 _PWDRB _474846 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | सिवनी मालवा उपसंभाग के सिवनी मालवा सेक्शन में विभिन्न मार्गों पर पुल, पुलिया एवं प्रोटेक्शन वॉल का मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.94 | 39880/- |
| 3 | 2026 _PWDRB _474848 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | सिवनी मालवा उपसंभाग के डोलरिया सेक्शन में विभिन्न मार्गों पर पुल, पुलिया एवं प्रोटेक्शन वॉल का मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.56 | 39120/- |
| 4 | 2026 _PWDRB _474851 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | सिवनी मालवा उपसंभाग के ढेकना सेक्शन में विभिन्न मार्गों पर पुल, पुलिया एवं प्रोटेक्शन वॉल का मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.37 | 38740/- |
| 5 | 2026_PWDRB _475459 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | सिवनी मालवा उपसंभाग के अंतर्गत मार्गों पर जंगल सफाई का कार्य । | प्रथम | 19.87 | 39740/- |
| | | | | कुल योग (रू. लाख में) | | 150.63 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 28/01/2026 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे ।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग नर्मदापुरम

जी- 24645/25 स्वच्छता ही सेवा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)**
ईमेल:- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष / फेक्स क्रमांक. 07482.222051

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र. 28/व.ले.लि./ रायसेन / 2025-26 रायसेन, दिनांक 09.01.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_ 475383_1 | रायसेन | निर्माण कार्य। | सतहरी से सिलारी मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 4.00 कि मी. | प्रथम | 444.16 | |
| 2 | 2026_PWDRB_ 475386_1 | रायसेन | निर्माण कार्य। | कासिया पाटनी से मृगनाथ धाम तक मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 2.50 कि.मी. | प्रथम | 339.02 | |
| 3 | 2026_PWDRB_ 475396_1 | रायसेन | निर्माण कार्य। | गाजीखेड़ी से सिलगेना तक मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 2.50 कि.मी. | प्रथम | 321.71 | |
| 4 | 2026_PWDRB_ 475404_1 | रायसेन | निर्माण कार्य। | नूरनगर से मगरा टोला तक मार्ग का निर्माण कार्य। लम्बाई 1.50 कि.मी. | प्रथम | 213.26 | |
| 5 | 2026_PWDRB_ 475414_1 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण | सेमरी खोजरा से डूबतलाई मार्ग पर बी.टी. नवीनीकरण कार्य लम्बाई 1.20 कि.मी | द्वितीय | 21.60 | |
| 6 | 2026_PWDRB_ 475448_1 | रायसेन | निर्माण कार्य। | रायसेन जिले के गैरतगंज सिविल कोर्ट भवन में विकलांग व्यक्तियों और ट्रांसजेंडरों के लिए शौचालय कक्ष का निर्माण कार्य। | द्वितीय | 8.79 | |
| 7 | 2026_PWDRB_ 475451_1 | रायसेन | निर्माण कार्य। | रायसेन जिले के बेगमगंज कोर्ट भवन में विकलांग व्यक्तियों और ट्रांसजेडरों के लिए शौचालय कक्ष का निर्माण कार्य। | द्वितीय | 8.79 | |
| 8 | 2026_PWDRB_ 475456_1 | रायसेन | निर्माण कार्य। | रायसेन जिले के गौहरगंज कोर्ट भवन में विकलांग व्यक्तियों और ट्रांसजेडरों के लिए शौचालय कक्ष का निर्माण कार्य। | द्वितीय | 8.79 | |
| 9 | 2026_PWDRB_ 475462_1 | रायसेन | मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य | बेगमगंज उपसंभाग अन्तर्गत शेक्शन बेगमगंज एवं सुल्तानगंज के शासकीय आवासीय भवनों में मरम्मत एवं पुताई कार्य। | द्वितीय | 16.87 | |
| | | | | | | 1382.99 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 28/01/2026, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, रायसेन संभाग रायसेन

जी - 24626/25 स्वच्छता ही सेवा




## भोपाल की आराध्या ने ताइक्वांडों में जीता गोल्ड




**भोपाल।** टीएएस क्लब में अभ्यासरत भोपाल की खिलाड़ी आराध्या सोनी ने दिल्ली में आयोजित 39वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 47 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भोपाल और मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया। कोच नाहिद अली के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही आराध्या ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देशभर के खिलाड़ियों को पराजित किया।

## इंदौर डिवीज़न और भोपाल के मध्य हुआ मैच

**भोपाल।** हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर -18 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मल्टी डे जबलपुर के एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर सोमवार से प्रारम्भ हुए (चार दिवसीय) इंदौर और भोपाल डिवीजन के मध्य मैच में भोपाल की टीम 57.1ओवर में 162 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें कनिष्क ने 61, नैतिक जैन ने 33 और आलिफ हसन ने 22 रन बनाए। इंदौर डिवीजन से मोहित पटेल ने 4, गोरेस और सौम्य पाटीदार ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में इंदौर डने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 32 ओवरों में 4 विकेट पर 70 रन बना लिए हैं, जिसमें अर्णव ने 29 रन बनाए। सार्थक वर्मा और सुदीप वर्मा अभी खेल रहे हैं। भोपाल से रुद्र प्रताप सिंह तोमर ने 2 खिलाड़ियों को वापस पैवेलियन भेजा। कल दूसरे दिन का मैच खेला जाएगा।

### इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का मुकाबला रोमांचक दौर में पहुंचा

## दैनिक भास्कर ने दर्ज की लगातार तीसरी जीत, सेमीफाइनल में पहुंचा




प्लेयर ऑफ द मैच और मोस्ट वेल्यूएबल प्लेयर को सम्मानित करते रेड रोज स्कूल के सुमित पोंडा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रभात शुक्ला 102 के शानदार शतक की मदद से दैनिक भास्कर ने दैनिक जागरण को 42 रनों से हराकर 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। इसी के साथ भास्कर सेमीफाइनल में पहुंच गया है। दिन के अन्य मैचों में कमिश्नर इलेवन ने जनसंपर्क को 11 रनों से हराकर डिपार्टमेंट ग्रुप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उनकी खिताबी भिड़ंत डीजीपी इलेवन से 23 जनवरी को होगी। कार्पोरेट ग्रुप के मैचों में भोपाल क्रिकेट क्लब ने आरएनटीयू को 124 रनों से और यूज लोकेटर ने एलीट वारियर्स को चार विकेट से हराया। ओल्ड कैंपियन मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में दैनिक भास्कर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में दैनिक जागरण टीम 20 ओवर में चार विकेट पर 156 रन ही बना सकी।

### जनसंपर्क के चाको ने ठोकी सेंचुरी

दिन के दूसरे मैच में एलीट वारियर्स ने चार विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में यूज लोकेटर ने जरूरी रन 19.3 ओवर में छह विकेट पर बना लिए। राहुल पटेल मेन आफ द मैच चुने गए। इधर, बाबे आली ग्राउंड पर खेले गए दिन के पहले मैच में नगर निगम कमिश्नर इलेवन ने 18 ओवर के खेल में चार विकेट पर 176 रन बनाए। इसमें मनाजिर ने 66, बिट्टू चौहान ने 44 और विजय पारोचे ने 30 रनों की पारी खेली। राहुल पाल को दो विकेट मिले। जवाब में जनसंपर्क टीम सात विकेट पर 165 रन ही बना सकी। अजी चाको ने 101 रन की पारी खेली। फहाद ने तीन और बिट्टू चौहान ने दो विकेट लिए। बिट्टू मान सरोवर प्लेयर आफ द मैच चुने गए। अजी चाको को आरएनटीयू मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर का खिताब मिला। बाबे आली पर दूसरे मैच में भोपाल क्रिकेट क्लब ने 206 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें आदित्य अग्रवाल ने 81 रनों की पारी खेली। यशराज वर्मा ने 50 रनों का योगदान दिया। विक्की ने 22 रन बनाए। राहुल शिंदे ने दो विकेट लिए। जवाब में आरएनटीयू टीम 12.1 ओवर में 82 रनों पर आउट हो गई। सतीश अहिरवार 22 और इमरान लाला 18 रन बना सके। विपिन मारन ने तीन विकेट लिए। चिराग और अमनदीप को दो–दो सफलता मिली। आदित्य अग्रवाल मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। यशराज आरएनटीयू मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर चुने गए।

### आज के मैच

**ओल्ड कैंपियन मैदानः** राज एक्सप्रेस बनाम डिजिआना सुबह 9.30 बजे से

- जनचर्चा बनाम महाबली वारियर्स दोपहर 12.30 बजे से

**बाबे आली मैदानः**

- भोपाल फिनिक्स बनाम भोपाल क्रिकेट क्लब सुबह 9.30 बजे से
- अटल न्यूज बनाम प्रदेश टुडे दोपहर 12.30 बजे से।

### एमपी खेलो कार्यक्रम का सत्य साई महिला कॉलेज में आयोजन

## ईजी कॉन्वेंट के छात्रों व एमएलबी की गर्ल्स ने जीती पिट्ठू प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय में सोमवार को एमपी खेलो युवा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल जिले के पांच विद्यालयों महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स स्कूल, सीएम राइज़ मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, विंध्याचल एकेडमी, ईज़ी कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल तथा गर्ल्स स्कूल जहांगीराबाद भोपाल की छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। ईज़ी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल (छात्रदल) व एमएलबी गर्ल्स हायर सेकेन्डरी स्कूल (छात्रादल) प्रतियोगिता के विजेता तो विंध्याचल एकेडमी के छात्र दल व छात्रा दल उपविजेता रहीं। इस जिला स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता में छात्राओं के आठ व छात्रों के पांच दलों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे मनोज कोलाइत प्रभारी एम.पी. खेलो जिला स्तरीय प्रतियोगिता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग व ऑल इंडिया पिट्टू एसोसिएशन के टेक्निकल अधिकारी डॉ.आनंद प्रसाद शर्मा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अर्चना श्रीवास्तव ने स्वागत- भाषण द्वारा स्कूलों से आए खिलाड़ी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन करते हुए सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. प्रतिभा सिंह ने अपने वक्तव्य में खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने खेल प्रदर्शन द्वारा राष्ट्र का गौरव बनने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सरिता कुशवाह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## कुश्ती चयन स्पर्धा से चयनित पहलवान खेलेंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेलो एमपी यूथ गेम 2025-26 के अंतर्गत भोपाल, रायसेन, विदिशा ज़िला इकाइयों की कुश्ती चयन स्पर्धा बीती 17 जनवरी को संपन्न हो गई है। इस सिलेक्शन ट्रायल में चयनित बालक/बालिका पहलवान 28 से 31 जनवरी तक होने वाली 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' की राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रदेश के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जूनियर कुश्ती खिलाड़ियों के इस महाकुंभ का अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में क्षेत्रीय ज़िला खेल अधिकारी वाणी साहू एवं भोपाल ज़िला कुश्ती संघ के अध्यक्ष क़मर साक़िब द्वारा बालक/बालिका पहलवानों की कुश्तियों का शुभारंभ कराया। चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से विश्वामित्र अवॉर्डी शाकिर नूर, विक्रम अवॉर्डी फातिमा बानो, लालू उस्ताद, राष्ट्रीय कुश्ती कोच अब्दुल उमेर, रवि रघुवंशी, मोहम्मद कलीम, शिवानंद बाथम, ईशान आदि की देखरेख में संपन्न कराई गई।

## मप्र की 15 सदस्यीय आइस स्केटिंग टीम लद्दाख में करेगी प्रदेश का प्रतिनिधित्व



**भोपाल।** खेलो इंडिया विंटर गेम्स–2026 का आयोजन 20 से 26 जनवरी तक लद्दाख में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शीतकालीन खेल महोत्सव में मध्यप्रदेश की 15 सदस्यीय आइस स्केटिंग टीम प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। चयनित खिलाड़ी स्पीड स्केटिंग की शॉर्ट ट्रैक एवं लॉन्ग ट्रैक स्पर्धाओं में सहभागिता करेंगे। प्रदेश के विभिन्न अंचलों से चयनित 15 होनहार खिलाड़ी लद्दाख में आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित शीतकालीन खेल प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

### चौथी दिग्विजय सिंह मेमोरियल शूटिंग शॉटगन चैंपियनशिप का सफल समापन

## मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने 8 पदक जीतकर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में 8 से 19 जनवरी तक आयोजित चौथी दिग्विजय सिंह मेमोरियल शूटिंग शॉटगन चैंपियनशिप का सोमवार को समापन हो गया। ट्रैप इवेंट में देशभर से 300 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मप्र शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने कुल 8 पदक (3 स्वर्ण, 1 रजत एवं 4 कांस्य) अर्जित किए। ट्रैप यूथ मेन स्पर्धा में मानित्वा सिंह रावत ने स्वर्ण पदक, अह्यान अली ने कांस्य पदक अर्जित किया तो जूनियर में मानित्वा सिंह रावत ने रजत,अमन चौहान ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं वर्षा वर्मन ने कांस्य, प्रगति दुबे ने फाइनल में चौथा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वूमन में मप्र की वर्षा वर्मन, प्रगति दुबे एवं नीरू की टीम ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। वहीं सीनियर मेन में मानित्वा सिंह रावत, अनम चौहान एवं अरशद हसन खान (नॉन अकादमी) की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इधर, जूनियर मेन टीम स्पर्धा में मानित्वा सिंह रावत, अनम चौहान एवं दीर्घ चौहान की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

---

**भोपाल**

### लोकेशन के आधार पर रिश्तेदार पहुंचा विजय मार्केट, एम्स अस्पताल में कराया भर्ती, मौत

# जहर खाने के बाद ड्राइवर ने किया मामा को कॉल, कहा–मुझे बचा लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित विजय मार्केट में रविवार दोपहर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसने एक व्यक्ति का मोबाइल लेकर अपने मामा को कॉल किया और कहा कि उसे चक्कर आ रहे हैं। उसने जहर खा लिया है। आकर उसे बचा लो। यह सुनते ही मामा मौके पर पहुंचे और भांजे को एम्स में भर्ती करा दिया। इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन का सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम पीलूखेड़ी जिला सीहोर निवासी मनोज अहिरवार (21) ड्रायवरी करता था और यहां लालघाटी कोहेफिजा में किराए का



कमरा लेकर रह रहा था। रविवार रात उसने विजय मार्केट से अपने मामा को कॉल कर कहा कि उसे चक्कर आ रहे हैं, तबियत खराब हो रही है। उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। आकर उसे बचा लो। कुछ देर बाद मामा ने उस नंबर पर कॉल कर लोकेशन पूछी और विजय मार्केट पहुंच गए। वहां मनोज बेसुध हालत में मिला। उन्होंने उसे एम्स में भर्ती करा दिया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान मनोज की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि होश में नहीं होने के कारण मनोज के मृत्युपूर्व बयान नहीं हो सके। जांच के बाद ही कारण सामने आ सकेंगे।

### पत्नी के पर्स से पैसे निकालकर शराब पी, टीवी देखी और बाथरूम में लगा ली फांसी

**भोपाल।** कमलानगर के नया बसेरा में शनिवार सुबह युवक ने बाथरूम में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूर्व उसका पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद पत्नी काम पर चली गई थी। इसके बाद युवक ने पत्नी के पर्स से पैसे निकालकर शराब पी और फिर कुछ देर टीवी देखने के बाद फांसी लगा ली। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि नया बसेरा निवासी मनोज हंस पिता तूफान हंस (40) सफाईकर्मी था। वह पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। पत्नी घरों में साफ-सफाई का काम करती है। मनोज हंस की शराब पीने की लत के कारण अक्सर पति-पत्नी में विवाद होता था। सोमवार 19 जनवरी की सुबह मनोज ने पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पत्नी ने पैसे देने से इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। उसके बाद पत्नी काम पर चली गई। उसके 13 और 14 साल के दोनों बच्चे घर से थोड़ी दूर दादा-दादी के यहां चले गए।

### संकल्प से समाधान अभियान का शुभारंभ

## गांव-शहर में घर-घर कुंडी खटखटाएंगे अफसर, पूछेंगे क्या सरकारी फायदा मिला?

**जिला पंचायत सीईओ ने टीएल बैठक में अफसरों को दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांव और शहर में रहने वाले लोगों को सरकार की किन-किन योजनाओं का फायदा मिल रहा है। कोई ऐसा व्यक्ति तो नहीं जो पात्र होने के बावजूद योजनाओं से छूट रहा है। इसके लिए 12 जनवरी से शुरु हुए संकल्प से समाधान अभियान में नगर निगम के वार्ड और गांव स्तर पर टीमों की जिम्मेदारी है कि वह घर-घर जाकर आम लोगों से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी लें। इनको मिलने वाली सरकारी पेंशन, बीपीएल, किसान सम्मान निधि, मजदूरी कार्ड सहित अन्य योजनाओं के पात्र लोगों को फायदा दिया जाए। सोमवार को जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने टाइम लिमिट बैठक में अफसरों से कहा कि अभियान में जुटकर काम किया जाए। सीईओ ने अभियान के तहत जिले में निगम और ग्राम पंचायत क्षेत्रों में टीमें ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय और जिला स्तर पर लोगों को डोर टू डोर जाकर आवेदन लिए जाएं। बैठक में एडीएम सुमित पांडेय ने ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर 50 और 100 दिवस से पेंडिंग शिकायतों को निपटाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और फॉर्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रकरणों में सुधार लाया जाए।

## मारपीट और लूटपाट का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र में कार में जबरदस्ती बैठाकर मारपीट और लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी यासीन उर्फ मछली और अजय को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी, फरियादी को जबरदस्ती स्कॉर्पियो कार में बैठाकर नीलबड़ रोड की ओर ले गए थे, वहां उसके साथ मारपीट कर 30 हजार रुपए छीन लिए थे और उसका फोन तोड़कर फेंक दिया था। पुलिस के अनुसार, विगत 27 जुलाई 2025 को रजी सलमान खान पिता नफीस खान ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया था कि विगत 24-25 जून 2025 की दरमियानी रात करीब 2.30 बजे यासीन अहमद उर्फ मिंटू, फारूक अहमद उर्फ छोटू और अजय ने उसे स्कॉर्पियो कार में जबरदस्ती बैठा लिया। इसके बाद आरोपी उसे नीलबड़ रोड की ओर ले गए, जहां उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने फरियादी से 30 हजार रुपए नगद छीन लिए और उसका मोबाइल फोन तोड़कर फेंक दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरियादी को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में यासीन अहमद उर्फ मिंटू और अजय को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही उनके विरुद्ध अभियोग पत्र भी प्रस्तुत किया जा चुका है। वहीं फरार आरोपी फारूक अहमद उर्फ छोटू पिता मोहम्मद रफीक उर्फ मुन्नी (25), बुधवारा तलैया की तलाश की जा रही थी।

### 2022 में बने थे एक लाख 89 हजार पासपोर्ट, तेजी से हुई वृद्धि

## तीन साल में पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या 46 फीसदी बढ़ी

**पहली बार भोपाल में बने 2.78 लाख से अधिक पासपोर्ट**

**नई जगह ऑफिस शिफ्ट होने उन्नत सुविधाएं और डिजिटल सुधारों की वजह से हुई बढ़ोतरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जनवरी 2022 से 2025 के आंकड़े देखें,तो करीब 46 फीसदी तक की बढ़ोतरी देखने को मिली। तो वहीं साल 2024 से साल




2025 में सात फीसदी ज्यादा लोगों ने पासपोर्ट बनवाए। इसमें जहां करीब एक लाख यानी 40 प्रतिशत पासपोर्ट महिलाओं ने बनवाए है। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल ने पिछले तीन वर्षों में पासपोर्ट जारी करने में 46% की बढ़ोतरी देखने को मिली है। जिससे यह देश के अन्य पासपोर्ट कार्यालयों की अपेक्षा सबसे तेजी से वृद्धि देखने को मिली है। बढ़ती मांग और सेवा अवसंरचना के विस्तार के कारण यह बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। पासपोर्ट कार्यालय से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, आरपीओ भोपाल ने 2025 में 2,77,830 पासपोर्ट जारी किए, जो 2022 में जारी किए गए 1,89,545 पासपोर्टों से अधिक है। यह वृद्धि स्थिर रही है, और अकेले 2024-25 के दौरान पासपोर्ट जारी करने में 7.2% की वृद्धि हुई है। यह उछाल देशव्यापी पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी) संस्करण 2.0 में परिवर्तन के बावजूद हुआ है, जिसमें पूरे सिस्टम में बड़े तकनीकी और प्रक्रियात्मक बदलाव शामिल थे।

### अपॉइंटमेंट स्लॉट बढ़ने से हुई आसानी

आवेदकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) इंदौर का 2025 में विस्तार किया गया, जिससे इसकी दैनिक आवेदन प्रक्रिया क्षमता लगभग दोगुनी हो गई। तो वहीं साल 2024 में पहले हर दिन 1500 टाइम स्लॉट उपलब्ध थे, जिसे बढ़ाकर अब 3,100 कर दिया गया है। इससे आवेदकों को एक से दो दिन के भीतर ही स्लॉट मिल जाता है, जिससे वे अपनी सुविधा के अनुसार प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा, पुलिस वेरिफिकेशन भी आसान और तेज हुआ है, जिससे पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। सात नए डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र की शुरुआत की गई

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विशेष न्यायाधीश मनोहर लाल पाटीदार के न्यायालय ने नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में आरोपित सोहेल अली उर्फ डीजल को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने पीड़िता को 25 हजार रुपये की विधिक सहायता राशि प्रदान किए जाने का भी आदेश दिया है।

अभियोजन के अनुसार, फरियादी ने 26 मार्च 2024 को थाना अशोका गार्डन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह सुबह पुताई का काम करने गया था तथा उसकी पत्नी खाना बनाने मस्जिद गई थी। जब सुबह करीब 9 बजे पत्नी घर लौटी तो उनकी नाबालिग पुत्री घर पर नहीं मिली।

काफी तलाश के बाद भी बच्ची का कोई पता नहीं चला, जिस पर थाना अशोका गार्डन में गुम इंसान के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। 17 अप्रैल 2024 को अपहता बालिका अपने माता-पिता के साथ थाने उपस्थित हुई। पीड़िता के कथनों में सामने आया कि उसकी आरोपित सोहेल उर्फ डीजल से करीब तीन वर्षों से जान-पहचान थी। 26 मार्च 2024 को सुबह आरोपित ने उसे दशहरा मैदान बुलाया और धमकाकर अपने साथ ले गया।

इसके बाद दोनों भोपाल रेलवे स्टेशन से अजमेर गए, जहां होटल में सात दिन रुके और इस दौरान आरोपित ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके पश्चात दोनों टीकमगढ़ गए, जहां करीब दस दिन तक रहे और वहां भी दुष्कर्म किया गया। बाद में भोपाल लौटने पर पीड़िता के पिता ने दोनों को देख लिया, जिस पर आरोपित मौके से फरार हो गया और पीड़िता को उसके माता-पिता घर ले आए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930